आज
३.००
तीन रुपये मात्र

# भाज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

भारतीय दर्शकों की पसंद में आया है बड़ा बदलाव

ऋचा चड्ढा



वाराणसी, मंगलवार ६ अक्तूबर, २०२६ सौर २०, आश्विन कृष्ण ११, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

An Investor Awareness Initiative by

SEBI

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

पूरा इंडिया
इन्वेस्टिंग को समझेगा
और सही तरीके जानेगा

इन्वेस्ट करने से पहले समझें | रेगुलेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स चुनें
जल्दी शुरू करें, इन्वेस्टमेंट में बने रहें | इन्वेस्टमेंट संबंधी धोखाधड़ी से सावधान रहें

समझ से investing simple

CBC 15204/13/0110/2627

म्यूचुअल फंड्स | स्टॉक्स | रीट्स | इन्विट्स | बॉण्ड्स | कमोडिटीज़

विज़िट करें: investor.sebi.gov.in/ssis

सेबी Saarthi ऐप डाउनलोड करें

सहयोगी: AMFI | NSE INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | BSE Investors Protection Fund | MCX METAL & ENERGY Trade with Trust MCX INVESTOR PROTECTION FUND | CDSL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NSDL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NISM National Institute of Securities Markets A Capacity Building Initiative of SEBI

# ८३ लाख की लागत से सड़क, ढक्कनयुक्त नाली निर्माण शुरू

गाजीपुर। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए श्मशान घाट से सिंटू केशरी की दुकान होते हुए ओम चाइनीज कॉर्नर तक ढक्कनयुक्त नाली और नाली-टू-नाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ के समय से पार्टी से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता बावन दास वर्मा ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल ने बताया कि करीब 83 लाख रुपये की लागत से सड़क और ढक्कनयुक्त नाली का निर्माण कराया जाएगा। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर के विभिन्न हिस्सों में जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर की कई प्रमुख सड़कों और नालियों का निर्माण कुछ स्थानों पर शुरू हो चुका है, जबकि अन्य स्थानों पर जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। बड़े नालों को भी आरसीसी नालों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।कार्यक्रम में सभासद एवं प्रतिनिधि सुशील वर्मा, रवि केशरी, अशोक मौर्या, संदीप श्रीवास्तव, नफीस अहमद, नन्हे भाई, नवाब,व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विजय शंकर वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं क्षेत्रीय गणमान्यजन मौजूद रहे।

## मंडी की बदहाली पर गिरी गाज, सचिव निलंबित

गाजीपुर। नवीन मंडी स्थल जंगीपुर में अव्यवस्थाओं पर मंडी सचिव के खिलाफ कार्रवाई की गई है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को मंडी परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। जगह-जगह गंदगी के साथ नालों पर कब्जे और अतिक्रमण की स्थिति भी सामने आई। अव्यवस्थाओं को लेकर निदेशक ने अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। निरीक्षण में सामने आया कि मंडी परिसर की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को पूर्व में कई बार निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। विशेष रूप से सफाई, नालों से कब्जा हटाने और अतिक्रमण की समस्या के समाधान में लापरवाही पाए जाने पर निदेशक ने इसे गंभीरता से लिया। निदेशक ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार मंडी व्यवस्था को प्रभावी, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाना है। कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


सड़क निर्माण के शुभारंभ का दृश्य। छाया:आज

# विश्व पर्यावास दिवस मना

जमानियां, गाजीपुर। 91 बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुखबीर पुनिया के निर्देशन में हिंदू इंटर कॉलेज, जमानियां में विश्व पर्यावास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट संतोष कुमार पाटिल ने कहा कि आज के आधुनिक युग में भी भारत में ऐसे अनेक परिवार हैं, जो अभी भी पक्के और सुरक्षित आवास से वंचित हैं। प्रत्येक व्यक्ति को एक सुरक्षित छत और सम्मानजनक जीवन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता एवं जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सरकार भी आने वाले समय में जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेटों ने समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील रहने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, मानवीय संवेदना एवं राष्ट्र सेवा की भावना को और मजबूत करना था।


रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। छाया:आज

# रेलवे ट्रैक के बीच मिला युवक का शव

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दरौली गांव के समीप सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक के बीच एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पोल संख्या 702/11 और 702/13 के मध्य अप और डाउन लाइन के बीच पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। दरौली स्टेशन मास्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 7ः15 बजे रेलवे ट्रैक के बीच शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही ने तत्काल इसका मेमो आरपीएफ और जीआरपी दिलदारनगर को भेजा। इसके बाद स्थानीय कोतवाली पुलिस को घटना से अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की तलाशी लेने पर उसकी जेब से आधार कार्ड व निर्वाचन कार्ड बरामद हुआ, पहचान पत्रों के अनुसार मृतक की पहचान उपेंद्र कुमार राजवंशी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव को सील कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## महिला को नशीला पदार्थ सूंघा आभूषण लेकर फरार

दिलदारनगर (गाजीपुर)। बाजार करने आई महिलाओं के साथ उचक्का गिरी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया। चित्रकोनी गांव निवासी पूनम देवी ने बताया कि वह सोमवार को एक अन्य महिला के साथ बाजार करने के लिए आई हुई थी। इस दौरान पीछा कर रहे कुछ उचक्कों ने मुझे कुछ सूंघा दिया जिससे मैं अपने कान और गले में से पहना हुआ सोने का आभूषण उतरवा लिया। कुछ देर बाद महिला को जब होश आया तो वह चीख पुकार करने लगी। देखते ही देखते मौके भीड़ जुट गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपितों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई और छानबीन में जुट गई है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पुरानी रंजिश में सीएचसी के सामने बुजुर्ग पर हमला

## आधा दर्जन हमलावरों पर आरोप

जखनियां (गाजीपुर)। भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र के चौजा खास गांव निवासी 60 वर्षीय रामअवध राम पर सोमवार सुबह जखनियां बाजार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने आधा दर्जन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में बुजुर्ग के सिर, चेहरे, जबड़े समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार रामअवध राम सोमवार को घर से जखनियां बाजार आए थे। वह सीएचसी के सामने बैठे थे, तभी गांव निवासी सरकारी उर्फ अजय कुमार अपने पांच साथियों के साथ वहां पहुंचा और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुई मारपीट से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि घटना से एक दिन पूर्व गांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई थी। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर अगले दिन बाजार में रामअवध के साथ मारपीट की गई।भुड़कुड़ा कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की मुरव्वत नहीं बरती जाएगी।

## देवकली की रामलीला आज से शुरू

देवकली( गाजीपुर) श्रीरामलीला समिति देवकली द्वारा श्रीराम मंच पर 6 अक्टूबर को रांत्री 7 बजे से मुकुटपूजा व गणेश पूजा के साथ रामलीला की शुरूआत किया किया जायेगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ पाण्डेय व प्रबंधक अर्जुन पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दी है। कार्यक्रम इस प्रकार 06 को मुकुट पूजा, 07 को नारद मोह, 08 को श्रीरामजन्म, 09 को रावण जन्म, 10 को ताडका वध, 11 को फूलवारी,,12 को धनुष यज्ञ, 13 को राम वनवास, 14 को भरत मनावन, 15 को सीताहरण, 16 को रामसुग्रीव मित्रता,17 को लंकादहन,18 को अंगद रावण संवाद, 19 को लक्ष्मण शक्ति, 20 को विजयादशमी मेला, 21 को भरत मिलाप, 22 को राजगद्दी का कार्यक्रम निर्धारित है।

# एसडीएम, सीओ ने किया रामलीला स्थलों का निरीक्षण

खानपुर, गाजीपुर। दशहरा, दुर्गा पूजा एवं रामलीला मंचन पर्व को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को उपजिलाधिकारी सैदपुर ज्योति चौरसिया एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर ने क्षेत्र के महत्वपूर्ण रामलीला मंचन स्थल सिधौना और सैदपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रामलीला समितियों के पदाधिकारियों एवं अध्यक्षों से वार्ता कर आयोजन के दौरान आने वाली समस्याओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रामलीला मंचन स्थल पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, यातायात सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रामलीला समिति के अध्यक्षों ने मंचन के दौरान होने वाली असुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं से अधिकारियों को अवगत कराया।उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और दर्शकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। रामलीला एवं दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूरा करने के निर्देश दिये।


## संकट मोचन मंदिर में मनाया गया रानी दुर्गावती जन्मोत्सव

नंदगंज-गाजीपुर। स्थानीय संकट मोचन मंदिर परिसर में सोमवार को गोंड समाज की ओर से वीरांगना रानी दुर्गावती का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गोड़ समाज के लोगों ने वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बेलसड़ी राहुल कुमार गोड़ द्वारा उपस्थित लोगों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जीवा गोंड, रामकेश गोंड, रामलाल गोंड, मुन्ना गोंड, अमरलाल गोंड, शिवनाथ गोंड, रविशंकर गोंड, गोपाल गोंड, अमन जायसवाल, शिवाजी, सुमित, रितेश देवी, शिला देवी, संगीत,नम्रता एवं रेखा सहित बड़ी संख्या में गोंड समाज के लोग उपस्थित रहे।

# गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी की बालिकाओं ने जीते तीन स्वर्ण पदक

खानपुर, गाजीपुर। गोरखपुर के सहजनवां स्थित मुरारी इंटरमीडिएट कॉलेज में 2 से 7 अक्टूबर तक माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 70वीं प्रदेशीय विद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी, गैबिपुर (गाजीपुर) में प्रशिक्षित बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर जनपद गाजीपुर एवं वाराणसी मंडल का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी की तीन बालिका खिलाड़ियों ने वाराणसी मंडल की अंडर-17 बालिका टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-17 बालिका 42 किग्रा भार वर्ग में नव्या यादव ने फाइनल मुकाबले में आगरा मंडल की प्राची को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार 44 किग्रा भार वर्ग में तेजश्विनी प्रजापति ने फाइनल में लखनऊ की प्राची मौर्या को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं 68 किग्रा भार वर्ग में आयुषी सिंह ने फाइनल मुकाबले में अयोध्या की पलक तिवारी को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। वाराणसी मंडल की अंडर-17 बालिका टीम ने प्रतियोगिता में कुल 6 स्वर्ण पदक जीते। इनमें जौनपुर, वाराणसी एवं चंदौली के खिलाड़ियों ने एक-एक स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी, गाजीपुर की खिलाड़ियों ने अकेले तीन स्वर्ण पदक जीतकर मंडल के कुल स्वर्ण पदकों में आधा योगदान दिया।


स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी। छाया:आज




## पूर्व मध्य रेल

**संविदा आधार पर शिक्षक नियुक्ति हेतु सांकेतिक सूचना**

पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज (CBSE), पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु संविदा के आधार पर PGT के 14 एवं TGT के 15 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है।

| Category | No of Vacancies | Consolidated Monthly Remuneration |
|---|---|---|
| POST GRADUATE TEACHER (BIOLOGY) | 2 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (CHEMISTRY) | 1 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (COMMERCE) | 1 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (COMPUTER) | 1 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (ECONOMICS) | 1 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (ENGLISH) | 2 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (HINDI) | 2 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (HISTORY) | 1 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (MATH) | 1 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (PHYSICS) | 1 | ₹ 27,500/- |
| POST GRADUATE TEACHER (POLITIAL SCIENCE) | 1 | ₹ 27,500/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (BIOLOGY/SCIENCE) | 1 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (COMPUTER) | 1 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (ENGLISH) | 3 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (HINDI) | 2 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (MATH/SCIENCE) | 1 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (SOCIAL SCIENCE/ARTS) | 2 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (HINDI WITH SANSKRIT) | 2 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (URDU) | 1 | ₹ 26,250/- |
| TRAINED GRADUATE TEACHER (LIBRARY) | 1 | ₹ 26,250/- |
| TGT Physical Education / PTI (Physical Training Instructor) | 1 | ₹ 26,250/- |

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत अधिसूचना, शैक्षणिक योग्यता, नियम एवं आवेदन संबंधी जानकारी पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ecr.indianrailways.gov.in → Division → Pt- Deen Dayal Upadhyaya → Personnel → Notification पर उपलब्ध है। **साक्षात्कार स्थल:** पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज, डीडीयू। **साक्षात्कार:** दिनांक 13.10.2026 एवं 14.10.2026. **आवेदन/अन्य विवरण:** अधिसूचना के अनुसार।

मंडल रेल प्रबंधक (का.)
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/1061/डीडीयू/पीईआरएसएल/एन/26-27/88

# मांगो को लेकर स्वास्थ्य संविदा कर्मियों का प्रदर्शन

देवकली( गाजीपुर) उ0 प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन संविदा कर्मचारी संघ के आहवान पर समान कार्य के लिए समान वेतन,नियमित करने आदि मांगो को लेकर स्वास्थय संविदा कर्मियो ने सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र देवकली पर सांकेतिक रूप से प्रथम दिन धरना, प्रदर्शन करके विरोध दर्ज कराया।इस कड़ी में समस्त संविदा कर्मी 5,6,7, अक्तूबर को काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराएंगे तथा इसके उपरांत 8,9,10 अक्तूबर को शांति पूर्वक कार्य बहिष्कार करेंगे।मांगे पुरी नही किया गया तो 12 अक्टूबर से पूरे प्रदेश मे अनिश्चित कालीन धरना,प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार किया जायगा। इस अवसर पर डॉक्टर विशाल,सादिया, अंकिता, सूरज अरविंद, बीपीएम प्रदीप सिंह, बीसीपीएम हैदर, सेराज अहमद, एलटी सुनील, अभिषेक , कांसलर ओमकार सिंह सहित अनेक संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते स्वास्थ्य कर्मी। छाया:आज

# दुर्गा पूजा को लेकर कल होगी पीस कमेटी की बैठक

गाजीपुर। शारदीय नवरात्र और आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 07 अक्टूबर को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा की अध्यक्षता में बैठक शाम 5ः30 बजे पुलिस लाइन सभागार में होगी। शारदीय नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू होगा। नवरात्र के दौरान विभिन्न स्थानों पर पंडाल स्थापित कर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की जाएगी, जिससे दर्शनार्थियों की भीड़ जुटेगी। वहीं 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन और इसके बाद दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। दशहरा, दुर्गापूजा और अन्य आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। सभी क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र के सभी समुदायों से कम से कम पांच सम्मानित धर्मगुरुओं के साथ ही रामलीला कमेटी और दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों की भी उपस्थित अनिवार्य है। इसमें त्योहारों के दौरान आपसी सौहार्द, सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक चर्चा की जाएगी।

## विश्व शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

गाजीपुर। स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा, कृतज्ञता और सम्मान की भावना को अभिव्यक्त करते हुए एक गरिमापूर्ण एवं भावपूर्ण शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पुरा छात्र जितेंद्र कुमार ने अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुरा छात्र जितेंद्र कुमार ने विद्यालय के प्राचार्य हरिलाल को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को पुष्प एवं पेन भेंट कर उनके प्रति अपनी सम्मानपूर्ण भावनाएँ व्यक्त कीं।

## भाई-बहन से मारपीट, दी तहरीर

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के मथारा गांव में घर में घुसकर भाई-बहन के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। घटना के तीसरे दिन, रविवार देर रात पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच नामजद आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव निवासी 18 वर्षीय सनोबर वारसी के अनुसार, 2 अक्टूबर की शाम मनबढ़ जबरन उसके घर में घुस आए और उसके 15 वर्षीय भाई रोशन को पीटने लगे। बीच-बचाव करने पहुंची सनोबर के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की और बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों को जुटता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।पुलिस ने कस्बा जमानियां निवासी मोनू खां, फयान उर्फ रिंकू, नारायण दास उर्फ टुनटुन चौरसिया, इम्तियाज खां उर्फ सोनू और बबलू खां के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है, जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जलजमाव से डूबी धान की फसल, किसानों ने खुद किया श्रमदान

मरदह, गाजीपुर। ग्रामसभा मरदह में राम सागर पोखरे के बगल में बने नाले से हरिजन बस्ती तक नाला जाम होने से काफी धान की फसल जलमग्न हो गई। जिलाधिकारी से शिकायत के बाद कुछ सफाई कराई गई, लेकिन पूरी राहत नहीं मिली तो किसानों ने सोमवार को खुद श्रमदान कर नाले की सफाई की। जागोपुर गांव के सामने करीब 100 मीटर लंबे नाले में उगी खर-पतवार, घास-फूस को किसानों ने चार घंटे की मेहनत से साफ किया, तब जाकर पानी की निकासी शुरू हुई और कुछ राहत मिली।

# किक बाक्सिंग में आरएस कान्वेंट स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

बाराचंवर/गाजीपुर। बाराचंवर ब्लॉक मुख्यालय स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास संचालित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त आरएस कॉन्वेंट स्कूल बाराचंवर के छात्रों ने किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के पांच छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें तीन छात्रों ने गोल्ड मेडल और दो छात्रों ने सिल्वर मेडल हासिल किया। किक लाइट कॉम्बैट एवं साइट कराटे प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को नगरा, बलिया स्थित पांडेय मैरेज हॉल में किया गया। प्रतियोगिता में वाराणसी, मऊ, बलिया और गाजीपुर सहित विभिन्न जनपदों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आरएस कॉन्वेंट स्कूल बाराचंवर के कक्षा चार के छात्र आदित्य चौहान, कक्षा पांच के रोशन गिरि तथा कक्षा छह के प्रिंस कुमार नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं कक्षा छह के अर्श और कक्षा तीन के अंकुश गुप्ता ने सिल्वर मेडल हासिल किया।प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इन सफल छात्रों से प्रेरणा लेकर खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


किक बाक्सिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। छाया:आज



# भाज

३.०० तीन रुपये मात्र

# भाजन

गौरवशाली परम्परा

ऋचा चड्ढा

भारतीय दर्शकों की पसंद में आया है बड़ा बदलाव



वाराणसी, मंगलवार ६ अक्तूबर, २०२६ सौर २०, आश्विन कृष्ण ११, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये


## चुनाव आयोगने कानून तोड़ा तो फैसले रोक देंगे-सीजेआई



### फार्म ६ में नहीं दी बदलावकी मंजूरी, सीईसीको निलंबित करनेसे इनकार

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की याचिका पर सुनवाई की। उन पर स्ट्रक से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है।अदालत ने उन्हें निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से तो इनकार किया, लेकिन चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- फार्म-6 में किसी संशोधन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी नहीं दी है। जबकि, 9 दिन पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि स्ट्रक के लिए फार्म-6 के साथ लगाए गए डिक्लेरेशन को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली है। अखबार की खबर के आधार पर आदेश नहीं दे सकते। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई खबर 100 प्रतिशत सही, आंशिक रूप से सही या गलत हो सकती है। इसलिए सिर्फ मीडिया रिपोर्ट के आधार पर सीईसी को सस्पेंड करने का अंतरिम आदेश नहीं दिया जा सकता। पहले चुनाव आयोग का जवाब और रिकॉर्ड देखना होगा। फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिए। यानी तीन सदस्यीय आयोग में किसी एक सदस्य का अकेले फैसला पूरे आयोग का फैसला नहीं माना जा सकता। अभी यह नहीं मान सकते कि सारे फैसले सीईसी ने अकेले लिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले रिकॉर्ड देखना होगा। सिर्फ आरोप के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि सभी फैसले सीईसी ने अकेले (शेष पृष्ठ ९ पर)

## ज्ञानेशका इस्तीफा, एसआईआर रद-बैलेट पेपरसे चुनावपर समझौता नहीं-खड़गे



### महिला पत्रकारोंके साथ बदसलूकीपर जतायी चिंता

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर पार्टी की तीन मांगों पर कोई समझौता नहीं होगा। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रद्द करना और बैलेट पेपर से चुनाव कराना शामिल है। एक्स पर पोस्ट में खड़गे ने कहा कि इन मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के सहयोगी दल देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इन मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे नागरिक समाज और युवा संगठनों के प्रति भी समर्थन जताया। खड़गे ने दिल्ली में महिला पत्रकारों के साथ कथित बदसलूकी की घटना पर भी चिंता जताई और इसे निंदनीय बताया। उनकी यह टिप्पणी राजधानी में तीन अक्टूबर को सीईसी के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के बाद आई है। प्रदर्शन के दौरान कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था। पुलिस के मुताबिक, निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद प्रदर्शनकारियों के आगे बढ़ने की कोशिश पर कार्रवाई की गई। बता दें कि इससे पहले 30 सितंबर को इंडिया गठबंधन के दलों ने भी सीईसी के इस्तीफे, एसआईआर रद्द करने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग उठाई थी।

## राहुलने ज्ञानेशपर बोला हमला, कहा-फार्म-६ में किया एक तरफा-अवैध बदलाव

नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने मतदाता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में गैरकानूनी और एकतरफा

### मिला पदके दुरुपयोग का एक और सबूत

तरीके से बदलाव किया। राहुल गांधी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद यह बात बिना किसी शक के स्थापित हो गई है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, अब यह बिना किसी संदेह के स्थापित हो गया है कि ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 6 में अवैध और एकतरफा तरीके से बदलाव किया। यह भाजपा की मदद के लिए उनके पद के दुरुपयोग का एक और सबूत है। लोकतंत्र पर इस



आपराधिक हमले में शामिल वह और बाकी सभी लोग जवाबदेह ठहराए जाएंगे। राहुल गांधी ने अपने दावे के समर्थन में निर्वाचन आयोग की एक पुरानी प्रेस विज्ञप्ति की तस्वीर भी साझा की। दरअसल, यह विवाद उस समय और बढ़ गया जब सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उसने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले संशोधित फॉर्म 6 को मंजूरी नहीं दी है। यह फॉर्म विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

### पत्रकारोंसे बदसलूकीको लेकर राहुल ने केन्द्र-दिल्ली पुलिसपर उठाये सवाल

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली में महिला प्रदर्शनकारियों और पत्रकारों के साथ कथित बदसलूकी को लेकर केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस समय एक ही पैटर्न नजर आ रहा है, जो महिला सवाल पूछती है उसे चुप कराने की कोशिश की जाती है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि जंतर-मंतर पर सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। महिला प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुरुष पुलिसकर्मियों ने उनके साथ बदसलूकी की। उन्होंने दावा किया कि महिला (शेष पृष्ठ ९ पर)

## भारत-स्विट्जरलैंडके बीच स्वास्थ्य-स्वच्छ ऊर्जा-अंतरिक्षमें होंगे संयुक्त शोध-मोदी



### दोनों देशोंके बीच कई समझौता ज्ञापनोंपर हुए हस्ताक्षर

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड जल्द ही स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में नए संयुक्त शोध प्रोजेक्ट शुरू करेंगे। इस दौरान दोनों देशों ने टिकाऊ बुनियादी ढांचे, युवा पेशेवरों के आदान-प्रदान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उद्यमिता के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। नयी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। युवा पेशेवरों के आदान-प्रदान समझौते के तहत दोनों देशों से सालाना 300 युवा पेशेवरों को दूसरे देश में अस्थायी रोजगार का अवसर मिलेगा। (शेष पृष्ठ ९ पर)

## आजसे इंडिगो की हवाई यात्रा महंगी

नयी दिल्ली (आससे.)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की फ्लाइट्स मंगलवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में रु 1300 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में रु. 10,000 तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। नई कीमतें 6 अक्टूबर रात 12.01

### विमान कंपनीने बढ़ाया फ्यूल चार्ज

बजे से लागू होंगी। इंडिगो ने छह महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। इससे पहले एयरलाइन ने इस साल 14 मार्च और फिर 1 अप्रैल को किराया बढ़ाया था। एयरलाइन के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल महंगा होने से लिया गया है।कंपनी ने किराया बढ़ाने का फैसला हवाई जहाजों में इस्तेमाल होने वाला फ्यूल महंगा होने की वजह से लिया है। 1 अक्टूबर से घरेलू एयरलाइंस के लिए कीमत रु. 121 से बढ़कर अब रु. 137 हो गई है।

## यूपी : जनगणना फॉर्ममें ओबीसीका कॉलम जोड़नेके लिए सड़कपर उतरी कांग्रेस

लखनऊ (आससे.)। यूपी में कांग्रेस जातिगत जनगणना के मुद्दे को धार दिए रहना चाहती है। जनगणना में ओबीसी कॉलम जोड़ने और एससी-एसटी एक्ट की तरह ओबीसी एक्ट की मांग को लेकर सोमवार को जनभवन घेराव के लिए मार्च व प्रदर्शन किया।कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा जनगणना में ओबीसी कॉलम जोड़ने और एससी-एसटी एक्ट की तरह ओबीसी एक्ट की मांग को लेकर सोमवार को जनभवन घेराव के लिए मार्च व प्रदर्शन किया। हालांकि इसे लेकर उनकी पुलिस से तीखी नोकझोक और धक्कामुक्की हुई। कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डेन पहुंचा दिया



गया।मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश कार्यालय से निकले, थोड़ी दूर पर ही पुलिस ने बैरीकेड लगाकर कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इसे लेकर काफी देर तक धक्का-मुक्की हुई लेकिन पुलिस ने कार्यकर्ताओं को आगे नहीं जाने दिया। कार्यकर्ता (शेष पृष्ठ ९ पर)

## आकाश आनंद फिर बने बसपाके राष्ट्रीय संयोजक

लखनऊ (आससे.)। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी में सक्रिय भूमिका देने का फैसला किया है। उन्होंने आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय संयोजक बनाकर दोबारा पार्टी में काम करने का मौका दिया है। यह फैसला ऐसे समय हुआ है, जब कुछ दिन पहले ही आकाश आनंद ने सोशल मीडिया के जरिए मायावती से दोबारा पार्टी में काम करने का (शेष पृष्ठ ९ पर)

## यूपीसे राज्यसभाके लिए भाजपा ने उतारे आठ उम्मीदवार

### प्रियंका रावत-श्रुति गंगवारको भी टिकट

नयी दिल्ली (आससे.)। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए अपने आठ उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। इनमें बाराबंकी की पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत और बरेली की श्रुति गंगवार सहित संगठन में सक्रिय कई नेताओं को मौका दिया गया है। पार्टी की सूची में दो महिला, तीन ओबीसी, दो अनुसूचित जाति और तीन सामान्य वर्ग के उम्मीदवार शामिल हैं। सामान्य वर्ग में दो ब्राह्मण और एक राजपूत चेहरा है। भाजपा के राष्ट्रीय (शेष पृष्ठ ९ पर)






## रायबरेली : पुलिस भर्ती दौड़के दौरान 11 अभ्यर्थी हुए बेहोश

लखनऊ (आससे.)। रायबरेली जिले की 25वीं वाहिनी पीएसी में चल रही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया की शारीरिक परीक्षा में सोमवार को 11 अभ्यर्थियों की एक बार फिर तबीयत बिगड़ गई। चक्कर आने और कमजोरी के कारण एक के बाद एक अभ्यर्थी मैदान में गिरकर बेहोश हो गए। आनन-फानन सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। रविवार को भी शारीरिक परीक्षा के दौरान 21 अभ्यर्थियों की हालत बिगड़ गई थी। इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ था।शारीरिक परीक्षा के लिए प्रयागराज, लखनऊ, फतेहपुर आदि जिलों के अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। सुबह करीब आठ बजे दौड़ के दौरान अचानक एक के बाद 11 अभ्यर्थी जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए।

## फर्जी एपसे १५.७५ करोड़ की धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई क्राइम ब्रांच ने फर्जी एपीके फाइल्स बनाकर साइबर ठगों के अलग-अलग गिरोहों को बेचने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के मुख्य सरगनाथ का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 36 साल के एक सॉफ्टवेयर डेवलपर को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने अब तक 2,805 फर्जी एपीके (शेष पृष्ठ ९ पर)

## चिकित्साके क्षेत्रमें कार्ल डाइसेरोथ, पीटर हेगेमैंन-जार्ज नागेलको नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम (एजेंसी)। नोबेल पुरस्कार की घोषणा शुरू हो गई। फिजियोलॉजी या मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार के लिए कार्ल डाइसेरोथ, पीटर



हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को संयुक्त रूप से चुना गया है। तीनों वैज्ञानिकों को प्रकाश से नियंत्रित होने वाले आयन चैनलों और ऑप्टोजेनेटिक्स से जुड़ी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया है। उनकी खोज ने वैज्ञानिकों को यह समझने में नई मदद दी कि दिमाग की खास तंत्रिका कोशिकाएं यादों, भावनाओं और व्यवहार को किस तरह प्रभावित करती हैं।ऑप्टोजेनेटिक्स ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें प्रकाश की मदद से तंत्रिका कोशिकाओं को नियंत्रित किया जाता है। इसकी नींव पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल के काम से पड़ी। दोनों ने एक कोशिका वाले शैवाल क्लैमाइडोमोनास (शेष पृष्ठ ९ पर)




## एक नजर इधर भी

### ससुराल जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

बाबतपुर/फूलपुर थाना क्षेत्र के कुआर-कठिराव मार्ग पर सोमवार को दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में ३५ वर्षीय बाइक सवार युवक की जान चली गयी। हादसा बचौरा स्थित ईंट भट्ठे के पास करीब दोपहर में हुआ। मृतक की पहचान जौनपुर जिले के केराकत क्षेत्र स्थित कुसहा गांव निवासी सुनील वर्मा (३५ वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद मोबाइल फोन और आधार कार्ड के जरिए उसकी शिनाख्त की। परिजनों के अनुसार, सुनील गुजरात के सूरत में एक निजी फैक्ट्री में कार्यरत था और हाल ही में छुट्टी पर घर आया हुआ था। सोमवार को वह अपनी पत्नी चंदा देवी और बच्चों को मायके से विदा कराने के लिए बाइक से कठिराव (जंगलपुर) जा रहा था। तीन दिन बाद ही उसे वापस काम पर सूरत लौटना था। जैसे ही वह अपनी ससुराल से महज दो किलोमीटर दूर बचौरा भट्ठे के पास पहुंचा, सामने से आ रहे बेकाबू अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही महज दो किमी दूर ससुराल में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।

### स्विटजरलैंड से आये विदेशी नागरिक का छूटा १० लाख कीमती का कैमरा पुलिस ने किया बरामद

दशाश्वमेध पुलिस ने सोमवार को स्विटजरलैंड से आये विदेशी नागरिक का छूटा १० लाख कीमती का कैमरा महज दो घंटे में खोज कर किया सुपुर्द। स्विट्जरलैंड से वाराणसी घूमने आये जोनस बेंजामिन ईहले नामक व्यक्ति द्वारा भारत में फोटोग्राफी करने के लिए काफी अच्छी गुणवत्ता का लाइक कंपनी का लगभग १० लाख रुपये कीमत का कैमरा लेकर आये थे, जिसको वह घाट के पास रखकर कही भूल गये तथा अपने स्तर से काफी खोजने का काफी प्रयास किये किंतु असफल रहे। जिसके पश्चात उनके द्वारा घटना की सूचना दशाश्वमेध चौकी पर जाकर चौकी प्रभारी दशाश्वमेध अनुज मणि तिवारी को दिया, जिसके पश्चात पुलिस द्वारा तत्परता करते हुए सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य माध्यमों से महज दो घंटे के अंदर कैमरा खोज कर जोनस बेंजामिन ईहले को सुपुर्द किया गया। पुलिस की इतनी तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपने काफी महंगे कैमरे को वापस पाकर जोनस बेंजामिन द्वारा वाराणसी पुलिस का अपने शब्दों में कृतज्ञता व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी दशाश्वमेध अनुज मणि तिवारी, उप निरीक्षक शिव स्वरूप पाण्डेय, का. देवेंद्र प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह, संजय यादव एवं संजीव कुमार शामिल थे।

### चोलापुर से अपहृत किशोरी मध्य प्रदेश से बरामद

चोलापुर पुलिस और एसओजीकी संयुक्त टीम ने अपहृता/गुमशुदा किशोरी को मध्य प्रदेश से बरामद किया है। थाना चोलापुर पर प्राप्त तहरीर के आधार पर धारा १३७(२) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। अपहृता/गुमशुदा किशोरी की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार पतारसी-सुरागरसी एवं तकनीकी संसाधनों के माध्यम से प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस टीम ने लोकेशन एवं अन्य जानकारी के आधार पर थाना दुरसड़ा दतिया, मध्य प्रदेश पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से ग्राम विजनपुरा में तलाश की गयी। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय स्तर पर जानकारी एवं फोटो के माध्यम से सत्यापन करते हुए एक स्थान से अपहृता/गुमशुदा किशोरी को सकुशल बरामद किया गया। पहचान एवं आवश्यक सत्यापन के उपरान्त किशोरी को नियमानुसार महिला आरक्षी की निगरानी में थाना दुरसड़ा लाया गया तथा आवश्यक विधिक काररवाई पूर्ण कर थाना चोलापुर लाया गया। बरामद किशोरी को महिला हेल्प डेस्क कक्ष में महिला पुलिसकर्मी की निगरानी एवं देखरेख में सुरक्षित रखा गया है।

### शिवपुर में शातिर चोर गिरफ्तार

शिवपुर थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटनाओं में वांछित शातिर चोर को पुलिस ने सोमवार को काशीराम आवास के समीप छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे में ५५ हजार पांच सौ रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया शातिर चोर रिंकू शिल्पकार उर्फ रिंकू शिवपुर थाना क्षेत्र के कांशीराम आवा का निवासी है। उसके विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमे शिवपुर और कैण्ट थाने में पंजीकृत है। वह शिवपुर और कैण्ट इलाके में गत दिनों हुई चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया है।

### आंधी में पेड़ की डाल गिरने से किसान की मौत

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के रोह गांव में सोमवार शाम तेज आंधी-बारिश के दौरान शीशम के पेड़ की डाल टूटकर गिरने से ७० वर्षीय किसान की मौत हो गयी। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रोह निवासी कांता चौहान सोमवार को निजी कार्य से पिंडरा बाजार गये थे। शाम को वापस लौटते घर के पास पहुंचे थे। इसी दौरान तेज आंधी और बारिश के बीच शीशम के पेड़ की भारी डाल टूटकर उनके ऊपर गिर गयी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक के पांच पुत्र हैं। घटना के बाद पत्नी तारा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डाफी टोल प्लाजा पर लगा सोलर पावर प्लांट

वाराणसी औरंगाबाद एनएच-2 टोलवे प्राइवेट लिमिटेड ने वाराणसी के डाफी टोल प्लाजा पर 200 केडब्ल्यूपी सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ किया है। यह पहल हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर में क्लीन और रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वीएएच, रोडिस का एक कंसेशन प्रोजेक्ट है। मैड्रिड मुख्यालय वाली रोडिस एक मल्टीनेशनल कंपनी है, जो ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट्स में इन्वेस्टमेंट, डेवलपमेंट, ऑपरेशन और मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करती है। इस सोलर पावर प्लांट से हर साल लगभग 2,92,000 यूनिट रिन्यूएबल बिजली बनने की उम्मीद है, जिससे हर साल करीब 239 टन सीओटू उत्सर्जन कम होगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए रोडिस - इंडिया एसबीयू के हेड (ऑपरेशंस) अश्विनी शर्मा ने कहा कि डाफी सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ, जरूरी हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित और संचालित करने के हमारे तरीके में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। टोल प्लाजा के संचालन में रिन्यूएबल एनर्जी का इस्तेमाल करके हम न केवल एनर्जी एफिशिएंसी बेहतर कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण पर पड़ने वाले अपने प्रभाव को कम करने की दिशा में भी एक सार्थक कदम उठा रहे हैं।

### लोहता थाने के हेड कांस्टेबल ने जरूरतमंद को किया रक्तदान

लोहता पुलिस का एक चेहरा कानून व्यवस्था संभालने का है, तो दूसरा चेहरा मानवता और सेवा का भी है। ऐसा ही सराहनीय कार्य लोहता थाने में तैनात हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश सिंह ने किया है।जानकारी के अनुसार एक जरूरतमंद मरीज को अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ी। सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश सिंह ने बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया।रक्तदान के दौरान की तस्वीर में वे ब्लड डोनर चेयर पर बैठे मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जो सभी के लिए प्रेरणा है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि उनके द्वारा दिए गए रक्त से मरीज की जान बचाने में बड़ी मदद मिलेगी। इस नेक कार्य के लिए स्थानीय लोगों और विभाग के साथियों ने उनकी सराहना की है। यह कार्य यह साबित करता है कि खाकी सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, बल्कि सेवा और सहयोग का भी प्रतीक है।

### रूस्तमपुर में कोल्डड्रिंक पीने से पांच बच्चे बीमार

चौबेपुर थाना क्षेत्र के नवशहरी गांव रुस्तमपुर में रविवार को स्टिंग कोल्डड्रिंक पीने के बाद पांच बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन में बच्चों को एंबुलेंस से सीएचसी नरपतपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभीं बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार अनिल गुप्ता रुस्तमपुर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाता है। इसी दुकान पर कोल्डड्रिंक,आइसक्रीम और नमकीन आदि भी बेचा जाता है। रविवार को गांव के दिलीप के चार बच्चे क्रमश: अशोक १२ वर्ष ,आनंद नौ वर्ष, जान्हवी आठ वर्ष, और अजय छह वर्ष तथा सरवन की पुत्री जूली सात वर्ष ने दुकान से स्टिंग कोल्डड्रिंक खरीदकर पी लिया। घर पहुंचने के बाद पांचों की हालत बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी-दस्त के साथ बुखार की शिकायत हुई। सूचना पर पीएचसी प्रभारी डॉ मनोज वर्मा ने दुकान पर पहुंचकर जांच की तो दुकानदार ने बताया कि उसके पास की पूरी कोल्डड्रिंक बिक चुकी है अब स्टाक में कुछ भी नहीं है। चिकित्सक ने पीड़ित बच्चों के परिजनों से भी बातचीत कर जानकारी ली। इस बाबत पीएचसी प्रभारी डाक्टर मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चों में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण दिखाई दे रहे थे। सीएचसी नरपतपुर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# सरकारी अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध करने पर अधिवक्ता दंपत्ति की पिटायी

**क्षय रोग का उपचार कराने पहुंचे अधिवक्ता और उसकी पत्नी के साथ अस्पताल के कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों का कारनामा**

रामनगर। यहां के सरकारी अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की लंबे समय से शिकायत मिलने के बावजूद न तो आज तक उस पर अंकुश लग सका और न ही किसी के विरुद्ध कोई कार्रवाई हो सकी। जबकि ऐसे कई मामले इसके पूर्व सामने आ चुके हैं। जहां भ्रष्टाचार को लेकर अक्सर यहां उपचार कराने आने वाले मरीज और उनके परिजनों के साथ इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। इसी तरह की पुनरावृत्ति सोमवार को प्रात: उस समय हुई जब एक अधिवक्ता अपनी पत्नी का उपचार कराने के लिए पहुंचा तो वहां जांच के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध करने पर अस्पताल के कुछ कर्मचारी और सुरक्षा गार्डों ने उसे पीट दिया। जिसके बाद वहां हंगामा मच गया बड़ी संख्या में पहुंचे अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया द्य सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बूझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद थाने पहुंचे अधिवक्ता ने अस्पताल के कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डो के विरुद्ध घटना की तहरीर दिया। इस संबंध में बताया जाता है कि सारनाथ थाना अंतर्गत पुराना पुल निवासी अधिवक्ता प्रभु नारायण सोनकर अपनी पत्नी मंजू देवी को लेकर उसके क्षय रोग का उपचार कराने के लिए अस्पताल पहुंचे। जहां उनका उपचार कर रहे डॉक्टर की सलाह पर वह खून की जांच कराने लगे। तो वहां लाइन लगी हुई थी। पर्चा जमा करने के बाद खून का नमूना देने के लिए लाइन में खड़े हो गये लेकिन उन्होंने देखा कि अस्पताल के लैब सहायक और सुरक्षा गार्ड सुविधा शुल्क लेकर बहुत से लोगों को बिना लाइन के ही जांच कर रहे हैं। जिसका उन्होंने विरोध किया द्य जिस पर कर्मचारियो और गार्डो से उनकी कहासुनी और विवाद होने पर उन्होंने उनको जमकर पीट दिया द्य वही जब वह गिर पड़े तो उन्होंने उनकी पत्नी के साथ छेड़खानी करते हुए उसकी पिटायी कर दी और उसका मंगलसूत्र छीन लिया।

### कादीपुर रेलवे स्टेशन के पीछे अवैध शराब बनाने के ठिकाने पर छापेमारी, शराब बनाने का उपकरण बरामद

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ के निर्देश और सहायक सुरक्षा आयुक्त नागेंद्र महादेव यादव के मार्गदर्शन में आरपीएफ पोस्ट वाराणसी सिटी की इंस्पेक्टर भुवनेश्वरी उपाध्याय के नेतृत्व में आरपीएफ टीम ने जीआरपी, चौबेपुर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम के सहयोग से सोमवार को कादीपुर रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित बस्ती में अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर छापेमारी की। संयुक्त टीम के मौके पर पहुंचते ही वहां मौजूद महिला और पुरुष इधर-उधर भागने लगे और मौके से फरार हो गये। इसके बाद टीम ने बस्ती में अवैध शराब निर्माण से जुड़े संभावित ठिकानों की जांच की। तलाशी के दौरान मौके पर अवैध शराब बनाने के लिए इस्तेमाल की जा रही कई भट्ठियां मिलीं। इन भट्ठियों पर बड़े-बड़े बर्तन रखे हुए थे। मौके पर ड्रम, कनस्टर, पाइप और शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान भी पाया गया। कुछ स्थानों पर जमीन के भीतर गड्ढे बनाकर सामान रखने की व्यवस्था भी मिली। संयुक्त टीम ने मौके पर मिली अवैध शराब निर्माण की भट्ठियों को नष्ट कर दिया और वहां मौजूद संबंधित उपकरणों को हटाया। काररवाई के दौरान मिले सामान का विभागीय स्तर पर आकलन किया जा रहा है। काररवाई में चौबेपुर पुलिस की ओर से एसआई पूजा गुप्ता, एसआई घनश्याम निषाद, एसआई चंद्रमोहन, एसआई शिव प्रकाश वर्मा, हेड कांस्टेबल अखिलेश सरोज, कांस्टेबल खुशबू नायक और कांस्टेबल शशि सरोज शामिल रहे।

### निर्माणाधीन शौचालय के कुएं में गिरा जहरीला सांप, ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाल कर अनुकूल वातावरण में छोड़ा

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के हाथी गांव में सोमवार की पूर्वाह्न ११.३० बजे उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब एक निर्माणाधीन मकान के सामने बने शौचालय के कुएं में जहरीला सांप गिर गया। सांप को कुएं में देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। जानकारी के अनुसार, हाथी गांव निवासी मोनू पांडेय के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। मकान के सामने शौचालय के लिए बन रहे कुएं में अचानक एक जहरीला सांप गिर गया। सुबह ग्रामीणों की नजर कुएं के अंदर पड़े सांप पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। सांप के जहरीला होने के कारण लोग काफी सहमे हुए थे। इसके बाद गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बाल्टी और रस्सी की मदद से सावधानीपूर्वक सांप को कुएं से बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने सांप को गांव से दूर सुरक्षित वातावरण में छोड़ दिया। सांप के सुरक्षित रेस्क्यू होकर खेतों में चले जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### मिर्जामुराद में अपहृत किशोरी बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मिर्जामुराद पुलिस ने सोमवार को सुबह अपहृता को गिरफ्तार कर अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया। किशोरी की मां ने रविवार की देर रात थाने में तहरीर दी थी। बताया कि गांव का ही रवि नामक युवक उनकी बेटी को ४ अक्तूबर की दोपहर करीब तीन बजे बहला-फुसलाकर ले गया है। युवक बेटी से मोबाइल पर बात करता था, जिसकी जानकारी उसके पिता को भी थी। परिजनों ने तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर तलाश में जुटी रही।

### मारपीट, धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के भक्तिनगर में घर पर पहुंचकर पिता और पड़ोस के युवकों से मारपीट करने और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। भक्तिनगर निवासी रवि वर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर यश सिंह राजपूत के खिलाफ काररवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मुक़दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रवि के अनुसार, चार अक्तूबर की शाम करीब ७.२० बजे यश सिंह राजपूत घर पहुंचा और उसके पिता वनवासी राम वर्मा एवं पड़ोस के कुछ युवकों से मारपीट करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उसने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। रवि ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि यश सिंह के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

### अवैध शराब बिक्री को लेकर महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के हुकुलगंज में कथित अवैध शराब बिक्री का विरोध करने पर गाली-गलौज और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है। मामले में स्थानीय निवासी अनिता देवी की तहरीर पर पुलिस ने डब्बू समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार, हुकुलगंज में रामजी टेंट हाउस वाली गली में डब्बू के मकान में किराये पर रहने वाले एक व्यक्ति को चार अक्तूबर की रात करीब ९.३० बजे बोरे के साथ पकड़ा गया। आरोप है कि बोरे में देशी शराब थी। सूचना पर कुछ महिलाएं और एक व्यक्ति मौके पर पहुंचे और बोरा खोल दिया। आरोप है कि डब्बू के परिवार की महिलाएं वहां पहुंचीं और शराब को दोबारा बोरे में भरकर ले गयीं। अनिता देवी का आरोप है कि शराब बिक्री का विरोध करने पर गाली-गलौज की गयी और विरोध करने वालों को झूठे मुकदमे में फंसाकर जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी गयी।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म, मुकदमा

लालपुर-पांडेयपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद आरोपित अमरजीत तिवारी उर्फ जीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे सोमवार को गाजीपुर के कासिमाबाद थाना क्षेत्र के ब्राह्मणपुरवा सराय मुबारक से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की तहरीर पर एक अक्तूबर को अमरजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सरोज कर रहे हैं। ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत की गयी काररवाई में पकड़ा गया आरोपित कासिमाबाद थाना क्षेत्र का निवासी है और उसकी उम्र करीब २८ वर्ष है।

### महिलाओं से छींटाकसी करने वाला गिरफ्तार

सड़क पर राहगीर महिलाओं से छींटाकसी करने वाले मनचले युवक को भेलूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा सिंह चौहान और उनकी टीम ने छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया युवक सुजीत पाल कैण्ट थाना क्षेत्र के इमिलियाघाट का निवासी है।

# एचआईवी की बात छिपाकर बेटे की करा दी शादी, बीमार हुआ तो रिश्ता टूटा

**कुंडली मिलान के साथ एचआईवी की जांच जरूरी**

एक परिवार ने एचआईवी पीड़ित बेटे की शादी सन २०२४ में बीमारी छिपाकर कर दी। बीमारी का पता चलने के बाद पत्नी ने शादी तोड़ी तो लड़का पक्ष के लोगों ने लड़की से मारपीट की। अब लड़की खुद की सेहत को लेकर अवसाद में चली गयी है। उसने जांच कराने का फैसला तो ले लिया, लेकिन अभी तक हिम्मत नहीं जुटा पायी है। मंडुवाडीह निवासी लड़की ने मंडुवाडीह थाने में धौरहरा भातकोल बाजार मोहम्मदाबाद मऊ निवासी ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसके पिता ने शादी में लड़के पक्ष का घर-परिवार सबकुछ जांच कराया, कुंडली मिलान कराया लेकिन लड़के का एचआईवी जांच नहीं कराया जिसके कारण उसका जीवन खराब हो गया। जानकारी के मुताबिक, मऊ जनपद के रहने वाले एक प्रतिष्ठित परिवार के युवक की शादी दो फरवरी २०२४ को मंडुवाडीह थानाक्षेत्र की एक युवती से हुई। शादी के कुछ महीनों बाद ही युवक की तबीयत बिगड़ने लगी। इलाज से कोई सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों को एचआईवी संक्रमण का शक हुआ और जांच में यह सही साबित हुआ। इसके बाद युवती के परिवार ने युवक के परिवार पर बीमारी छुपाने का आरोप लगाते हुए शादी तोड़ने का फैसला कर लिया। इस मामले में मंडुवाडीह पुलिस ने लड़की के तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
**वाराणसी शाखा :** मकान नं.डी 59/1, एम-1, दूसरी मंजिल, सिगरा स्मिथ स्कूल के पास, वाराणसी अरजी नं. 515, मौजा शिवपुरा, वार्ड दशवामेध, परगना अमानत, वाराणसी (उ.प्र.)
**मिर्ज़ापुर शाखा:** प्रथम मंजिल, अरजी नंबर137/1, रतनगंज, मिर्ज़ापुर - 231001 (उत्तर प्रदेश)

**ई-नीलामी - बिक्री सूचना**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 01100000407 / वाराणसी शाखा) शबीर साक्रिदु (ऋणी) बानो शबीर (सह-ऋणी) | 08-11-2023 & ₹ 5,60,334/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अरजी नंबर 95 12, मौजा मर्यादं पट्टी, तालुक चौथा परगना भदोही, संत रवि नगर, उत्तर प्रदेश - 221401, **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः अच्छू की भूमि, पश्चिमः बसौर का मकान, उत्तरः हाता जलील मैनेजर, दक्षिणः रास्ता खड़ंजा 10 फीट चौड़ा | ₹ 7,00,000/- | ₹ 70,000/- | भौतिक |
| 2 | (लोन कोड नं. 13900000258/ मिर्जापुर शाखा) सतीश पाण्डे (ऋणी) संध्या पाण्डे (सह-ऋणी) | 06-10-2025 & ₹ 4,08,578/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अरजी नंबर 306, मौजा-कंतित स्थित, तहसील सदर, जिला मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश 231303, **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः विक्रेता की शेष भूमि अरजी का भाग, पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः अरजी का भाग, दक्षिणः पूनम की भूमि | ₹ 6,48,000/- | ₹ 64,800/- | भौतिक |

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **26-10-2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **27-10-2026 दोपहर 03:00 बजे से 04:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है। 3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। 4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। 5.नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। 7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **प्रवेश कुमार (संपर्क नंबर 9760090694)** सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com**, फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। 8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। 9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/- है।** 10 यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरूप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : उत्तर प्रदेश**
**दिनांक : 06.10.2026**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर बरहों, विकासखंड राजगढ़, मीरजापुर**

पत्रांक-वि.वि.जी रामजी/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम./अन्य सरकारी योजना प्रकाशन दिनांक-05.10.2026

**निविदा सूचना**

विकास खंड राजगढ़,मीरजापुर के ग्राम पंचायत **रामपुर बरहों** में वि.वि.जी रामजी/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम. व शासन द्वारा संचालित अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्य के लिए ईंट, रोड़ी, बस्सी,सीमेंट,मोटी बालू,लोकल महीन बालू,गिट्टी,पत्थर,पटिया,मोरंग इंटरलॉकिंग ईंट,सोलर लाइट,स्ट्रीट लाइट,सरिया,स्टोन डस्ट,एस्बेस्टस, शीट/टीन शेड,सीमेंट ईंट,कटस्टोन, पेंट,गेट दरवाजा,टाइल्स,हैंड पंप सामग्री,डालाग्रिड,विद्युत सामग्री,स्नोसेम, डिस्टम्पर प्राइमर,प्लाईवुड, कोटा स्टोन,जी.एस.बी.,सी.आई. बोर्ड,पीवीसी पाइप,कंप्यूटर,कुर्सी,मेज, अलमारी,डब्ल्यू सी पेन,बोल्डर,शौचालय शेड,हैंडपंप रिबोर,शवदाह गृह,सामुदायिक शौचालय,साइकिल रिक्शा,ई-रिक्शा,सफाई कर्मी किट,टैंकर मरम्मत एवं क्रय कार्य,खेलकूद सम्बन्धित क्रय कार्य व स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्य हेतु आदि सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।इच्छुक पंजीकृत फर्में दिनांक 09.10.2026 को दिन में 3:00 बजे तक अपनी सील बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।निविदा अगले दिन दिनांक 10.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव,ग्राम रोजगार सेवक अथवा पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रात:10.00 बजे से अपराह्न 3:00 तक लिया जा सकता है।

**कालिंदी देवी-ग्राम प्रधान/प्रशासक** **प्रभाकर सिंह-सचिव ग्राम**
**ग्राम पंचायत रामपुर बरहों,राजगढ़,मीरजापुर** **ग्राम पंचायत रामपुर बरहों,राजगढ़, मीरजापुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत विशुनपुरा, विकासखंड राजगढ़, मीरजापुर**

पत्रांक-वि.वि.जी रामजी/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम./अन्य सरकारी योजना प्रकाशन दिनांक-05.10.2026

**निविदा सूचना**

विकास खंड राजगढ़,मीरजापुर के ग्राम पंचायत **विशुनपुरा** में वि.वि.जी रामजी/ राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम. व शासन द्वारा संचालित अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्य के लिए ईंट,रोड़ी,बस्सी,सीमेंट,मोटी बालू,लोकल महीन बालू,गिट्टी,पत्थर,पटिया,मोरंग इंटरलॉकिंग ईंट,सोलर लाइट,स्ट्रीट लाइट,सरिया,स्टोन डस्ट,एस्बेस्टस,शीट/टीन शेड,सीमेंट ईंट,कटस्टोन, पेंट,गेट दरवाजा,टाइल्स,हैंड पंप सामग्री,डालाग्रिड,विद्युत सामग्री,स्नोसेम,डिस्टम्पर प्राइमर, प्लाईवुड,कोटा स्टोन,जी.एस.बी.,सी.आई. बोर्ड,पीवीसी पाइप,कंप्यूटर,कुर्सी,मेज, अलमारी, डब्ल्यू सी पेन,बोल्डर,शौचालय शेड,हैंडपंप रिबोर,शवदाह गृह,सामुदायिक शौचालय, साइकिल रिक्शा,ई-रिक्शा,सफाई कर्मी किट,टैंकर मरम्मत एवं क्रय कार्य,खेलकूद सम्बन्धित क्रय कार्य व स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्य हेतु आदि सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।इच्छुक पंजीकृत फर्में दिनांक 09.10.2026 को दिन में 3:00 बजे तक अपनी सील बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।निविदा अगले दिन दिनांक 10.10.2026 को अपह्रान 03:00 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव,ग्राम रोजगार सेवक अथवा पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रात:10.00 बजे से अपराह्न 3:00 तक लिया जा सकता है।

**राम दुलारे-ग्राम प्रधान/प्रशासक** **प्रभाकर सिंह-सचिव**
**ग्राम पंचायत विशुनपुरा,राजगढ़,मीरजापुर** **ग्राम पंचायत विशुनपुरा,राजगढ़, मीरजापुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पड़रवां, विकासखंड राजगढ़, मीरजापुर**

पत्रांक-वि.वि.जी रामजी/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम./अन्य सरकारी योजना प्रकाशन दिनांक-05.10.2026

**निविदा सूचना**

विकास खंड राजगढ़,मीरजापुर के ग्राम पंचायत **पड़रवां** में वि.वि.जी रामजी/ राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम. व शासन द्वारा संचालित अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्य के लिए ईंट,रोड़ी, बस्सी, सीमेंट,मोटी बालू,लोकल महीन बालू,गिट्टी,पत्थर,पटिया,मोरंग इंटरलॉकिंग ईंट,सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट,सरिया,स्टोन डस्ट,एस्बेस्टस,शीट/टीन शेड,सीमेंट ईंट,कटस्टोन, पेंट,गेट दरवाजा, टाइल्स, हैंड पंप सामग्री,डालाग्रिड,विद्युत सामग्री,स्नोसेम,डिस्टम्पर प्राइमर, प्लाईवुड,कोटा स्टोन, जी.एस.बी.,सी.आई. बोर्ड,पीवीसी पाइप,कंप्यूटर,कुर्सी,मेज, अलमारी, डब्ल्यू सी पेन, बोल्डर, शौचालय शेड,हैंडपंप रिबोर,शवदाह गृह,सामुदायिक शौचालय, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा,सफाई कर्मी किट,टैंकर मरम्मत एवं क्रय कार्य,खेलकूद सम्बन्धित क्रय कार्य व स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्य हेतु आदि सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।इच्छुक पंजीकृत फर्में दिनांक 09.10.2026 को दिन में 3:00 बजे तक अपनी सील बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।निविदा अगले दिन दिनांक 10.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव,ग्राम रोजगार सेवक अथवा पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रात:10.00 बजे से अपराह्न 3:00 तक लिया जा सकता है।

**सुमन सिंह-ग्राम प्रधान/प्रशासक** **प्रभाकर सिंह-सचिव**
**ग्राम पंचायत पड़रवां,राजगढ़,मीरजापुर** **ग्राम पंचायत पड़रवां,राजगढ़, मीरजापुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खम्हरियां विकासखंड राजगढ़, मीरजापुर**

पत्रांक-वि.वि.जी रामजी/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम./अन्य सरकारी योजना प्रकाशन दिनांक-05.10.2026

**निविदा सूचना**

विकास खंड राजगढ़,मीरजापुर के ग्राम पंचायत **खम्हरियां** में वि.वि.जी रामजी/ राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम. व शासन द्वारा संचालित अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्य के लिए ईंट,रोड़ी, बस्सी,सीमेंट,मोटी बालू,लोकल महीन बालू,गिट्टी,पत्थर,पटिया,मोरंग इंटरलॉकिंग ईंट,सोलर लाइट,स्ट्रीट लाइट,सरिया,स्टोन डस्ट,एस्बेस्टस,शीट/टीन शेड,सीमेंट ईंट,कटस्टोन,पेंट,गेट दरवाजा, टाइल्स,हैंड पंप सामग्री,डालाग्रिड, विद्युत सामग्री,स्नोसेम,डिस्टम्पर प्राइमर, प्लाईवुड,कोटा स्टोन,जी.एस.बी.,सी.आई. बोर्ड,पीवीसी पाइप,कंप्यूटर,कुर्सी,मेज, अलमारी, डब्ल्यू सी पेन,बोल्डर,शौचालय शेड,हैंडपंप रिबोर,शवदाह गृह,सामुदायिक शौचालय, साइकिल रिक्शा,ई-रिक्शा,सफाई कर्मी किट,टैंकर मरम्मत एवं क्रय कार्य,खेलकूद सम्बन्धित क्रय कार्य व स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्य हेतु आदि सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।इच्छुक पंजीकृत फर्में दिनांक 09.10.2026 को दिन में 3:00 बजे तक अपनी सील बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।निविदा अगले दिन दिनांक 10.10.2026 को अपह्रान 02:00 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव,ग्राम रोजगार सेवक अथवा पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रात:10.00 बजे से अपराह्न 3:00 तक लिया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान/प्रशासक** **प्रभाकर सिंह-सचिव**
**ग्राम पंचायत खम्हरियां,राजगढ़,मीरजापुर** **ग्राम पंचायत खम्हरियां,राजगढ़, मीरजापुर**



## वर्गीकृत विज्ञापन

आज

**सूचना**

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सनबीम स्कूल लहरतारा, वाराणसी में मेरे पुत्र जितेश कुमार भटेजा कक्षा 10 डी के रिकार्ड में भूलवश पिता का नाम पंकज कुमार भटेजा दर्ज है जो गलत है, वास्तविक में सही नाम पंकज कुमार है स्कूल के रिकार्ड में इसका संशोधन किया जाना न्याय संगत होगा। **पंकज कुमार**, पुत्र स्व. राजकुमार निवासी डी.60/61 3 बी सिन्धु नगर कालोनी सिगरा, वाराणसी।

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सनबीम स्कूल भगवानपुर वाराणसी में कक्षा 9 में अध्ययनरत है। उसका नाम विद्यालयीय अभिलेखों में MOHD ISMAIL RAZA गलत दर्ज हो गया है उसकी सही नाम **MOHAMMAD ISMAIL RAZA** है। जिसका संशोधन किया जाना न्याय संगत होगा। शहीद मोहम्मद हाशमी, म.न. -डी.28/63, पाण्डेय हवेली मदनपुरा, वाराणसी।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मार्कशीट में मेरा नाम कुमारी रिंकी व जन्मतिथि 26/07/1995 है, जोकि मेरा सही नाम और जन्मतिथि है, मेरे आधारकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रिंकी बिंद तथा जन्मतिथि 01/01/2000 हो गया है जोकि गलत है, आधारकार्ड में मेरे मार्कशीट के अनुसार नाम व जन्मतिथि सुधार करवाना उचित व न्याय संगत होगा। **कुमारी रिंकी** पुत्री-त्रिलोकी नाथ, पता-हिनौती स्वरूपपुर, पोस्ट बेलहरा, जिला मीरजापुर।

**सूचना**

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मैं प्रार्थी भूतपूर्व सैनिक रैंक नं. 63589231 रैंक Ex Sep (HONYNK) SARAJU ग्राम सोनबरसा उर्फ कासिमाबाद, पोस्ट -कासिमाबाद तहसील कासिमाबाद (मोहम्मदाबाद) जिला गाजीपुर का मूल नि उत्तर प्रदेश का निवासी हूँ मैंने अपने पत्नी का भूलवंश रिकार्ड में शारदा (SARADHA) जन्मतिथि 01-05-1953 है, दर्ज करा दिया है जो गलत है, सही नाम **शारदा चौहान (SHARDA CHAUHAN)** जन्मतिथि 01-07-1948 जिसे मेरे रिकार्ड में अभिलेख मे दर्ज करने की कृपा करें।

**सूचना** - सूचित किया जाता है कि हम शपथी के डी.एल.नं.-यू.पी. 6120260002369 में त्रुटिवश Sulabha Dubey पत्नी Manish Kumar Dubey अंकित हो गया है। जिसे संशोधित कर KM Sulabha Upadhyay पुत्री Bharat Upadhyay अंकित किया जाना आवश्यक है, जो सही व शुद्ध है। **सुलभा दुबे** पत्नी मनीष कुमार दुबे ग्राम मुड़वल, पोस्ट फतेहउल्लाहपुर जिला गाजीपुर, उ.प्र.।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 2194756 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **अर्चना दूबे** पुत्री रघुवंश दूबे ग्राम व पो0-बसगित, सदर-आजमगढ़ उ0प्र0

**पाठकों से**

**'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।**

**प्रबन्धक**



**कार्यालय ग्राम पंचायत तालर, विकासखंड राजगढ़, मीरजापुर**

पत्रांक-वि.वि.जी रामजी/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम./अन्य सरकारी योजना प्रकाशन दिनांक-05.10.2026

**निविदा सूचना**

विकास खंड राजगढ़,मीरजापुर के ग्राम पंचायत **तालर** में वि.वि.जी रामजी/ राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/एस.एल.डब्ल्यू.एम. व शासन द्वारा संचालित अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्य के लिए ईंट,रोड़ी,बस्सी, सीमेंट,मोटी बालू,लोकल महीन बालू,गिट्टी,पत्थर,पटिया,मोरंग इंटरलॉकिंग ईंट,सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट,सरिया,स्टोन डस्ट,एस्बेस्टस,शीट/टीन शेड,सीमेंट ईंट,कटस्टोन,पेंट,गेट दरवाजा, टाइल्स, हैंड पंप सामग्री,डालाग्रिड,विद्युत सामग्री,स्नोसेम,डिस्टम्पर प्राइमर,प्लाईवुड,कोटा स्टोन, जी.एस.बी.,सी.आई. बोर्ड,पीवीसी पाइप,कंप्यूटर,कुर्सी,मेज, अलमारी,डब्ल्यू सी पेन, बोल्डर, शौचालय शेड,हैंडपंप रिबोर,शवदाह गृह,सामुदायिक शौचालय,साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा,सफाई कर्मी किट,टैंकर मरम्मत एवं क्रय कार्य,खेलकूद सम्बन्धित क्रय कार्य व स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्य हेतु आदि सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।इच्छुक पंजीकृत फर्में दिनांक 09.10.2026 को दिन में 3:00 बजे तक अपनी सील बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।निविदा अगले दिन दिनांक 10.10.2026 को अपह्रान 01:00 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी।निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव,ग्राम रोजगार सेवक अथवा पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रात:10.00 बजे से अपराह्न 3:00 तक लिया जा सकता है।

**राजकुमार सिंह-ग्राम प्रधान/प्रशासक** **प्रभाकर सिंह-सचिव**
**ग्राम पंचायत तालर,राजगढ़,मीरजापुर** **ग्राम पंचायत तालर,राजगढ़, मीरजापुर**

# मांगों को लेकर छात्रों-किसानों का प्रदर्शन

**छात्रों-किसानों ने डीएम कार्यालय पर दिया धरना, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, नौ को बलिया बंद की चेतावनी**



बलिया। छात्रों और किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के नेतृत्व में हजारों छात्र-छात्राओं और किसानों ने कलक्ट्रेट परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू ने किया। बड़ी संख्या में महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ किसान भी इसमें शामिल हुए। छात्रों ने कहा कि छात्रवृत्ति न मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने में परेशानी हो रही है। वहीं, शिक्षण संस्थानों में फीस बढ़ने से भी विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। छात्र नेता अविनाश सिंह नंदन ने कहा कि सरकार की ओर से छात्रों के हित में कई योजनाओं की घोषणा की गई है, लेकिन उनका लाभ समय से नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने स्नातक और परास्नातक के विद्यार्थियों को मोबाइल और टैबलेट उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी करने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया पर्याप्त संख्या में नहीं निकलने से युवाओं में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने सरकार से खाली पदों पर जल्द भर्ती निकालने और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की। छात्रों के साथ प्रदर्शन में शामिल किसानों ने भी अपनी समस्याएं उठाईं। किसानों ने कर्ज माफ करने और उन्हें आर्थिक राहत देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों और समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को एक सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि 8 अक्टूबर तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 9 अक्टूबर को बलिया बंद कराया जाएगा। इसके साथ ही छात्र कर्फ्यू और आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी गई। इस दौरान नितेश सिंह, राहुल यादव, अमित दुबे, विशाल पाठक, हैप्पी सिंह, राकेश मोहन यादव, रितेश पांडेय, आकाश सिंह, विपुल सिंह, तेज प्रताप सिंह, रागिनी पांडेय, अंकिता साहनी, विजयपाल सिंह, नीरज कुमार, रमेश गिरी, मंटू यादव, राजन भारती, वीरेंद्र यादव समेत हजारों छात्र और किसान मौजूद रहे। संचालन छात्र नेता आदित्य सिंह योगी ने किया।

# झोपड़ी में लगी आग, पूर्व सैनिक की जलकर मौत

**मच्छरों से बचने के लिए जलाया था उपला, गाय को बचाने में हुई मौत**



पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के सरया गांव में रविवार की देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। झोपड़ी में आग लगने से 65 वर्षीय पूर्व सैनिक ध्रुव नारायण सिंह की जलकर मौत हो गई। आग की चपेट में आने से उनकी गाय भी मर गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि ध्रुव नारायण सिंह घर से करीब 100 मीटर दूर टीनशेड से बनी झोपड़ी में गाय बांधकर वहीं सोते थे। रविवार की रात भी वह गाय के पास सोए थे। झोपड़ी के चारों तरफ घास-फूस की टाट लगी थी। मच्छरों से बचने के लिए उन्होंने उपला जलाकर धुआं किया था। आशंका है कि इसी से झोपड़ी में आग लग गई और देखते ही देखते आग चारों तरफ फैल गई। आग की लपटें देखकर ध्रुव नारायण सिंह गाय को बचाने के लिए उठे, लेकिन इसी दौरान टीनशेड नीचे गिर गया। उसके नीचे गाय भी दब गई। आग और मलबे में फंसने से ध्रुव नारायण सिंह और गाय दोनों की मौत हो गई। आग की जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पकड़ी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने ध्रुव नारायण सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की बैठक

बांसडीह (बलिया)। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के सदस्यों की सोमवार को कस्बा के फतेहसागर पोखरा के पास बैठक आयोजित हुआ। बैठक में प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा मुखिया, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मुन्ना शर्मा, सचिव रामनारायण शर्मा, संगठन मंत्री गुड्डू शर्मा, प्रंबधक जयप्रकाश शर्मा चुने गए। बैठक में उमाशंकर शर्मा ने कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर विकास के लिए कार्य करना हैं। उन्होंने ने बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। इस दौरान छद्दू लाल, दीपक, धनंजय, अजय, जीतन, प्रेमचंद, अनिल, सुशील, प्रदीप, ज्वाला शर्मा आदि थे।

## पुराने विवाद में दो युवतियों की पिटाई, चार पर मुकदमा

बैरिया (बलिया)। थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में पुराने विवाद को लेकर दो युवतियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रविवार की देर शाम को चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशुनपुरा गांव निवासी आशा देवी पत्नी छितेश्वर साह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार की शाम करीब पांच बजे उनकी दोनों पुत्रियां गुड़िया और पूनम घर पर अकेली थीं। इसी दौरान उनके पट्टीदार बच्चन,अनिल व सुभाष पुत्रगण धुरन्दर तथा रविंदर पुत्र बच्चन घर पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने दोनों पुत्रियों की पिटाई कर दी। मारपीट में दोनों को अंदरूनी चोटें आई हैं। आशा देवी का आरोप है कि घटना के बाद भी आरोपित उनके परिवार के साथ अनहोनी करने की धमकी दे रहे हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष बैरिया अवधेश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अयोध्या जा रहे यात्रियों की बस ट्रक से भिड़ी, २२ घायल

**पिंडदान का कार्य संपन्न करने के बाद अयोध्या जा रहे थे तेलांगना के लोग**



नरहीं (बलिया)। पितृपक्ष मेले में गया में पिंडदान का कार्य संपन्न करने के बाद अयोध्या जा रहे यात्रियों से भरी एक बस सोमवार की सुबह वीर कुंवर सिंह सेतु नये पुल पर भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। करीब सुबह 4 बजे बस की एक ट्रक के पीछे से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस में चालक सहित करीब 22 यात्री घायल हो गए। बक्सर पुलिस की मदद से बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुल पर टक्कर होने से एक घंटा के लिए आवागमन बाधित हो गया जिससे बक्सर एवं भरौली गोलम्बर के आगे तक जाम लग गया बक्सर पुलिस ने जेसीबी से बस को भरौली गोलम्बर पर पहुंचाया। बताया जा रहा है कि बस में सवार सभी यात्री तेलंगाना के रहने वाले हैं और गया में पितृपक्ष मेले के दौरान पिंडदान का कार्य संपन्न करने के बाद अयोध्या के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान वीर कुंवर सिंह सेतु पर बस की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बक्सर एवं नरही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने स्थानीय स्तर पर मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और सभी घायलों को इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेजा गया। इधर, बक्सर पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची और घायलों के इलाज की व्यवस्था में जुटी रही। बक्सर व नरही पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को पुल से हटवाकर भरौली गोलंबर के पास खड़ा करवाकर आवागमन शुरू कराया। हादसे में घायल यात्रियों में के. वेणु राव, के. राजेश्वरी राव, के. नारायण राव, के. स्वामी राव, के. विजयल राव, के. संपत राव, पी. इलैया, जी. राम रेड्डी, जी. राजू रेड्डी, के. संपत, वी. सर्वैया, बी. इलैया, वी. रामा राव, टी. एहेशिया, पी. वेंकट राव, टी. संपत राव, टी. नरसिंह राव और जी. राजेश्वरी राव समेत कुल 22 यात्री शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल, बक्सर में चल रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की जानकारी जुट गई है। प्रारंभिक तौर पर बस और ट्रक की जोरदार टक्कर को हादसे का कारण बताया जा रहा है।

# विद्यालय की अव्यवस्था पर अब सीधे विभाग तक पहुंचा सकेंगे शिकायत

बैरिया (बलिया)। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को अब विद्यालय की व्यवस्थाओं से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। विभाग ने विद्यालयों में उपलब्ध शिकायत व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए सभी परिषदीय विद्यालयों में टोल फ्री नंबर का प्रमुखता से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत प्रधानाध्यापकों को विद्यालय के सूचना पट्ट अथवा चहारदीवारी पर टोल फ्री नंबर स्पष्ट रूप से अंकित कराने को कहा गया है। विभाग की ओर से यह टोल फ्री नंबर शैक्षिक सत्र के प्रारंभ में ही जारी किया गया था। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं और अभिभावक विद्यालय में किसी प्रकार की अनियमितता, अव्यवस्था अथवा अन्य समस्या होने पर सीधे अपनी शिकायत विभाग तक पहुंचा सकते हैं। विभाग का मानना है कि शिकायत व्यवस्था की जानकारी सार्वजनिक होने से विद्यालयों की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। हालांकि क्षेत्र के कई परिषदीय विद्यालयों में अभी तक सूचना पट्ट अथवा चहारदीवारी पर टोल फ्री नंबर अंकित नहीं कराया गया है। ऐसे में विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिकायत दर्ज कराने के इस माध्यम की जानकारी नहीं हो पा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी बैरिया पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में टोल फ्री नंबर सूचना पट्ट अथवा चहारदीवारी पर स्पष्ट रूप से लिखवाने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को विद्यालय से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए सुलभ माध्यम उपलब्ध कराना है।

# महिला सशक्तिकरण को मंच देगा खेल महोत्सव

**जननायक चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि देगी आधी आबादी**



बलिया। 'जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव' महिला सशक्तिकरण के लिए मंच का काम करेगा। जनपद की आधी आबादी अपने खेल प्रतिभा को इस मंच पर प्रदर्शित कर सकेगी। बालिका खिलाड़ियों के प्रतिभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने सोमवार को बालिका खिलाड़ियों से जनसंपर्क किया। फेफना विधानसभा के नरही स्थित आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज पहुंचे पूर्व मंत्री ने वॉलीबॉल की दर्जनों राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय खिलाड़ियों से संपर्क कर फेफना खेल महोत्सव में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने इन सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन भी कराया। पूर्व मंत्री ने कहा कि जनपद की आधी आबादी अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम करेगी। फेफना खेल महोत्सव से निकली बालिका खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय फ़लक तक जनपद एवं प्रदेश को गौरवान्वित करने का काम किया। इसके पूर्व रविवार देर शाम संत ग्राम्यांचल महाविद्यालय सुरही पहुंच कर पूर्व मंत्री ने प्रो. अखिलेश राय से मुलाकात कर खेल महोत्सव के ऐतिहासिक आयोजन हेतु वार्ता किया। वहीं आठ क्लस्टर प्रतियोगिता के बाद फाइनल 26 से 30 नवंबर के मध्य आयोजित होंगे।

# पुरानी रंजिश में युवक को चाकू मारने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ाई गई है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार चार अक्तूबर को विरेन्द्र साहनी पुत्र स्व. मोहन साहनी निवासी बेदुआ की ओर से तहरीर दी गई थी। आरोप था कि पुरानी रंजिश को लेकर जयप्रकाश साहनी ने उसे जान से मारने की नीयत से चाकू मार दिया। हमले में विरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार विश्वास पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने महावीर घाट के पास से जयप्रकाश साहनी पुत्र लाघू साहनी निवासी यारपुर बेदुआ, थाना कोतवाली, स्थायी पता नई बस्ती जवही, थाना हल्दी, उम्र 33 वर्ष को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा की बढ़ोतरी की।

# बांसडीहरोड में १६५ करोड़ से बनेगा दो लेन का आरओबी

**परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास पर ८७०.९५ मीटर लंबे वाई शेप के पुल का प्रारंभिक आगणन शासन को भेजा गया**



बलिया। बांसडीहरोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग संख्या 5सी/टी-3 पर दो लेन के रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) के निर्माण की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के लगातार प्रयासों के बाद लोक निर्माण विभाग के सेतु विभाग ने प्रस्तावित 165 करोड़ रुपए के आरओबी का प्रारंभिक विस्तृत आगणन शासन को भेज दिया है। आरओबी के निर्माण से रेलवे फाटक बंद होने के दौरान क्रॉसिंग के दोनों ओर लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वर्ष 2023 में बलिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष बांसडीहरोड रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण की मांग रखी थी। उन्होंने इस संबंध में पत्राचार करने के साथ ही लोक निर्माण विभाग और रेलवे को भी मांगपत्र दिया था। मंत्री के लगातार प्रयासों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय के बाद परियोजना की प्रक्रिया में तेजी आई। रेलवे की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 12 मई से 18 जून 2025 के बीच उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर टीवीयू (ट्रेन व्हीकल यूनिट) 1,79,109 दर्ज किया गया। रेलवे फाटक बंद होने के दौरान वाहनों की लंबी कतार लगने से आवागमन प्रभावित होता है। इसी को देखते हुए बांसडीहरोड में दो लेन के आरओबी के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### ८७०.९५ मीटर लंबा होगा आरओबी

प्रस्तावित आरओबी की कुल लंबाई 870.95 मीटर होगी। इसमें रेलवे हिस्से की लंबाई 656.70 मीटर, रेलवे क्षेत्र में प्रस्तावित संरचना की लंबाई 413.76 मीटर तथा मुख्य रेलवे हिस्से की लंबाई 176 मीटर प्रस्तावित है। दोनों ओर के एप्रोच की कुल लंबाई 375.51 मीटर निर्धारित की गई है। सहतवार की ओर वायाडक्ट की लंबाई 238.90 मीटर और एप्रोच वॉल की लंबाई 136.61 मीटर प्रस्तावित है। विभाग के अनुसार आरओबी बनने के बाद रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने से उत्पन्न होने वाले जाम की समस्या काफी हद तक दूर होगी।

### २०२३ में हुई थी आरओबी निर्माण की घोषणा

बांसडीहरोड में रेलवे उपरिगामी सेतु के निर्माण की घोषणा 27 फरवरी 2023 को चितबड़ागांव में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के शिलान्यास-पूजन कार्यक्रम के दौरान की गई थी। इसके बाद परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए गए। अब लोक निर्माण विभाग के सेतु विभाग की ओर से प्रारंभिक विस्तृत आगणन शासन को भेजे जाने के बाद परियोजना के धरातल पर उतरने की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

## पूर्व मंत्री ने गिनायी भाजपा सरकार की उपलब्धियां

बलिया। बापू भवन टाउन हॉल में रविवार रात पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल के नेतृत्व में कार्यकर्ता मिलन, संवाद और सहभोज कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत




पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप जलाकर व फूल चढ़ाकर वंदेमातरम गान के साथ हुई। कार्यक्रम में कैप्टन मच्छार के स्वास्थ्य के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। पूर्व मंत्री शुक्ल ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि कुछ दल समाज को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि बीजेपी अकेली ऐसी पार्टी है जो विखंडित नहीं हुई और सभी अत्याचारियों से लड़ रही है। उन्होंने सपा, बसपा, अखिलेश यादव और कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। आनंद सिंह, रजनीकांत सिंह, टुन-टुन सर्राफ, आकाश पटेल, प्रीति पाण्डेय, मधु जायसवाल, राजीव कुमार पप्पू, अभिमन्यू गुप्ता, प्रदीप वर्मा, राहुल गुप्ता, लक्ष्मी आदि मौजूद थीं। आशा देवी और अभिषेक सोनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

# आश्वासन पर अधिवक्ताओं ने स्थगित किया धरना



बैरिया (बलिया)। अपनी मांगों को लेकर पिछले एक पखवाड़े से बैरिया तहसील परिसर में चल रहा अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन सोमवार को उपजिलाधिकारी रमेशचंद्र वर्मा के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने एक सप्ताह के लिए आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की। अधिवक्ताओं के आंदोलन स्थगित होने के बाद मंगलवार से बैरिया तहसील के सभी कार्यालयों और न्यायालयों में न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्य सामान्य रूप से संचालित होंगे। अधिवक्ताओं ने भी कार्यों के सुचारु संचालन में सहयोग करने की बात कही है। सोमवार को एसडीएम रमेशचंद्र वर्मा अपने सहयोगियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिवक्ताओं से वार्ता कर उनकी मांगों को सुना और संबंधित मामलों में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने धरना स्थगित करने का निर्णय लिया। तहसील बार एसोसिएशन बैरिया के अध्यक्ष राकेश मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने अधिवक्ताओं की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसी के तहत फिलहाल एक सप्ताह के लिए धरना-प्रदर्शन स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में तहसील प्रशासन की ओर से मांगों के समाधान की दिशा में सार्थक पहल नहीं की गई तो अधिवक्ता पुन: आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे।

### मांगों को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन

रसड़ा (बलिया)। तहसील के मुख्य गेट पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फुक दिया। अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं द्वारा बार बार आगाह करते रहने के वावजूद भी बिना किसी कार्रवाई के पत्रावलियों को खारिज करने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बेमियादी हड़ताल की घोषणा कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारिका सिंह की अध्यक्षता में धरना शुरू किया गया। अमर बहादुर सिंह, त्रिलोकीनाथ सिंह, भानु प्रताप सिंह, राजीव भारती, राजीव सिंह, संजय सिंह, श्याम बिहारी सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, अशोक कुमार यादव, संजय राम, वीरेंद्र राम, विवेक सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### रामलीला समिति के सदस्यों की बैठक

रतसड़ (बलिया)। क्षेत्र के गांव सभा गड़वार में श्री रामलीला समिति द्वारा इस वर्ष भी ऐतिहासिक रामलीला के मंचन हेतु विचार विमर्श के लिए कस्बा स्थित शिव शक्ति मंदिर में समिति के पदाधिकारियों व कलाकारों द्वारा बैठक की गई। जिसमें 20 अक्टूबर से मुकुट पूजा कर रामलीला प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। 2 नवम्बर को राम राज्याभिषेक कर रामलीला का समापन होगा। राधामोहन गुप्ता, सौरभ कुमार, डॉ. ब्रजेश सिंह, मुकेश सिंह मंटू, इंद्रजीत सिंह कीनू, राकेश सिंह, करण साहनी, धनजी शर्मा, अंजनी गुप्ता, सोनू तिवारी आदि मौजूद रहे।

### संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

रसड़ा (बलिया)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आवाहन पर संविदा कर्मचारियों ने एनएचएम के जिला अध्यक्ष मिथिलेश गिरि के अध्यक्षता में काली पट्टी बांध कर अपनी मांगों के समर्थन में सांकेतिक विरोध प्रकट किया। अध्यक्षता कर रहे मिथिलेश गिरी ने अपनी मांग सामान कार्य समान वेतन, कैशलेस इलाज, इपीएफ, वेतन विसंगत के मांगों के लेकर विरोध प्रकट किया गया। कहा कि सरकार हम लोगों की मांगो पर ध्यान नहीं दे रही है जबकि कोरोना काल से लेकर सारी स्वास्थ्य व्यवस्था राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों के भरोसे हैं लेकिन सरकार इन कर्मियों को उपेक्षित कर रही है। कहा कि 8, 9 एवं 10 अक्टूबर को कार्य बहिष्कार करते हुए 12 अक्टूबर को लखनऊ के इको गार्डन में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अवनीश उपाध्याय, राहुल सिंह, सुनील वर्मा, शिवजी गुप्ता, अशोक मौर्य, सूर्य प्रकाश मौर्य, विश्राम यादव आदि रहे।

### स्कार्पियो से गोवंश ले जा रहा युवक गिरफ्तार

बलिया। फेफना पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से स्कार्पियो वाहन में ले जाए जा रहे एक गोवंश (बछड़े) को बरामद किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार को उपनिरीक्षक आदित्य कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रसड़ा की ओर से बलिया की तरफ एक स्कार्पियो में गोवंश ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने सागरपाली बाजार के पास वाहन रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से एक गोवंश (बछड़ा) बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से सोनू यादव उर्फ बंटी यादव (20) पुत्र रामजी यादव निवासी सिंहा चौर खुर्द, थाना गड़वार, बलिया को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर इधर भी

### मिर्गी का दौरा पड़ने से पोखरे में डूबा युवक, मौत

फेफना। थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव में सोमवार को दशकर्म के कर्मकांड के दौरान एक युवक की अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से पोखरे में डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शनिचरा वैना निवासी असलम उर्फ जुही (35) पुत्र राहुमुद्दीन दुमदुमा गांव निवासी वीरेंद्र गोंड के पिता के निधन के बाद होने वाले दशकर्म के कर्मकांड में शामिल था। वह पोखरे के समीप अन्य लोगों के साथ कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया और वह अनियंत्रित होकर पोखरे में जा गिरा। आस पास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे समय रहते बाहर नहीं निकाला जा सका। इससे उसकी मौत हो गई। युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी अकबरी, दो पुत्रियां एवं एक पुत्र छोड़ गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मां भगवती प्रांगण में भव्य मेले की तैयारी शुरू

सुखपुरा (बलिया)। आगामी मेले को भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को मां भगवती प्रांगण एवं मेला स्थल पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान ग्राम प्रधान अभिमन्यु चौहान एवं प्रधान प्रतिनिधि उमेश सिंह के सहयोग और मार्गदर्शन में चलाया गया। अभियान के दौरान मंदिर प्रांगण, मेला स्थल, आने-जाने वाले मुख्य मार्गों तथा आसपास फैली झाड़ियों और कचरे की साफ-सफाई की गई। ग्राम प्रधान ने स्वयं उपस्थित रहकर पूरे कार्य की निगरानी की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि 'मां भगवती का यह मेला हमारे गांव की आस्था और पहचान है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जाएगा।

### सचिव ने सीएचसी का किया निरीक्षण

रसड़ा (बलिया)। राजस्व परिषद लखनऊ के सचिव (एएलआरसी) निकंदन ए ने सोमवार को रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में सफाई की बदहाल स्थिति, कई पंखों का खराब होने, अस्पताल में पर्याप्त रोशनी नहीं होने सहित अन्य दुर्व्यवस्था मिलने पर उन्होंने अधीक्षक डा. मनीष जायसवाल को कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने की निर्देश दिया। सचिव ने सर्वप्रथम अस्पताल के जर्जर भवन, इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न चिकित्सा ईकाईयों का निरीक्षण किया। चिकित्सकों से मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बार में भी उन्होंने जानकारी ली। इसके पूर्व उन्होंने कंपोजिट विद्यालय रसड़ा पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानाध्यापक गीता सिंह के साथ विद्यालय के विभिन्न कक्षों एवं सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# १३० फीट लंबे डायनासोर थीम पर बनेगा भव्य दुर्गा पूजा पंडाल



बेल्थरारोड (बलिया)। नगर क्षेत्र में आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर धार्मिक उत्साह चरम पर है। इस बार सब्जी मंडी स्थित कृषि मंडी के पास 'इंडियन क्लब दुर्गा पूजा सेवा समिति' श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र तैयार कर रही है। समिति द्वारा करीब 130 फीट लंबा डायनासोर थीम पर आधारित भव्य पंडाल बनाया जा रहा है, जिसे देखने के लिए अभी से ही लोगों में कौतूहल बना हुआ है। लगभग 5 लाख रुपये का कुल अनुमानित है। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार केवल पंडाल निर्माण में ही 3 लाख रुपये से अधिक की लागत आ रही है। इसके अलावा मां दुर्गा की प्रतिमा, आकर्षक विद्युत सजावट, नगर भ्रमण, विशाल झांकी और मूर्ति विसर्जन समेत भंडारे (महाप्रसाद) पूरे आयोजन का कुल बजट लगभग 5 लाख रुपये अनुमानित है। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पंडाल निर्माण के लिए बाहर से कारीगरों की टीम नहीं बुलाई गई है। इंडियन क्लब के पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्वयं ही पिछले कई दिनों से रात-दिन मेहनत कर पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। नगर में हर वर्ष विभिन्न समितियों द्वारा अलग-अलग थीम पर पंडाल सजाए जाते हैं। पंडाल के साथ-साथ भव्य लाइटिंग, विद्युत सजावट, विशाल झांकी और नगर भ्रमण भी आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगे।

# आयातकों को भा रहा भदोही का कालीन

## व्यापार का नया अवसर सृजित कर रहा है कालीन मेला

भदोही। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित गोल्डन जुबली 50वें इंडिया कार्पेट एक्सपो का आयोजन 04 से 07 अक्टूबर तक किया जा रहा है। हस्तनिर्मित कालीन एवं अन्य फ्लोर-कवरिंग उत्पादों के लिए आयोजित इस विशेष व्यापार मेले का यह भदोही में 5वां संस्करण है। एक्सपो के पहले दो दिनों में विश्वभर से लगभग 189 विदेशी कालीन खरीदार पहले दिन 147 तथा दूसरे दिन 42 और 211 बाइंग रिप्रेजेंटेटिव्स पहले दिन 146 तथा दूसरे दिन 65 ने मेले का दौरा किया। इंडिया कार्पेट एक्सपो में खरीदारों की आवश्यकताओं के अनुरूप आकार, डिजाइन, रंग एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में नए कलेक्शन प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो खरीदारों के



बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आज काउंसिल द्वारा दो ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। जिसमें केटी रिचेस, कमर्शियल डेवलपमेंट मैनेजर, ने सदस्यों को न्यूजीलैंड की ऊन की उपलब्धता एवं उससे संबंधित जानकारी प्रदान की । दूसरा ज्ञानवर्धक सत्र अमेजन ग्लोबल द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें श्री कुणाल खिलारे ने सदस्यों को जानकारी प्रदान की। शैलेश कुमार, जिलाधिकारी, भदोही ने अपने परिवार के साथ मेले का दौरा किया। उन्होंने एक्सपो में प्रदर्शकों द्वारा प्रदर्शित किए गए नए एवं आकर्षक उत्पादों की सराहना की और उत्पादों के प्रदर्शन से प्रभावित हुए। ब्रिक्स देशों एवं अन्य देशों से आए कुछ प्रमुख एवं प्रतिष्ठित खरीदारों ने मेले में प्रदर्शित विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित कालीनों एवं अन्य फ्लोर-कवरिंग उत्पादों तथा आयोजकों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और अपनी विशेष रुचि व्यक्त की। भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित यह एक्सपो अत्यधिक श्रम-प्रधान भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग पर केंद्रित है। इस उद्योग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से महिलाओं सहित लगभग 20 लाख श्रमिकों कारीगरों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराना है। 225 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ इंडिया कार्पेट एक्सपो एशिया के सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक है। यह खरीदारों के लिए एक ऐसा विशिष्ट मंच उपलब्ध कराता है, जहां वे एक ही छत के नीचे उत्कृष्ट हस्तनिर्मित कालीन, रग्स एवं अन्य फ्लोर-कवरिंग उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्राप्त कर सकते हैं। एक्सपो के दो दिनों के दौरान लगभग 189 विदेशी कालीन खरीदारों ने 35 से अधिक देशों से भाग लिया। इनमें मुख्य रूप से अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्राजील, कनाडा, चिली, चीन, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, इजराइल, इटली, जापान, कजाकिस्तान, केन्या, लेबनान, मैक्सिको, नेपाल, नीदरलैंड, रूस, सऊदी अरब, सेनेगल, स्पेन, तुर्की, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम और उरुग्वे आदि देशों के खरीदार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 211 बाइंग रिप्रेजेंटेटिव्स ने भी एक्सपो का दौरा किया। इनकी भागीदारी का उद्देश्य ग्रामीण आधारित इस कुटीर उद्योग के लिए नए व्यावसायिक अवसर एवं व्यापार सृजित करना है। आयोजक आज तक प्राप्त प्रतिक्रिया से अत्यंत उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और अधिक खरीदार एक्सपो में भाग लेंगे तथा यह गोल्डन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो अत्यंत सफल आयोजन सिद्ध होगा।

## डेंगू के दो केस मिलने से स्वास्थ्य विभाग सतर्क

### ३२ हाटस्पाट क्षेत्रों में विशेष निगरानी, फागिंग, दवा छिड़काव के लिए गठित की गयी दो टीमें

ज्ञानपुर। भदोही शहर में डेंगू के दो मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। संक्रमित क्षेत्रों के आसपास दवा का छिड़काव कराने के साथ ही लोगों की जांच कराई जा रही है। जिले में डेंगू से बचाव के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चलाया जा रहा है। पूर्व में जिले में 32 हॉटस्पॉट क्षेत्र चिह्नित किए जा चुके हैं। जिला मलेरिया अधिकारी रामआसरे पाल ने बताया कि दोनों डेंगू मरीज भदोही शहर के हैं। बीमारी की रोकथाम के लिए फागिंग और मच्छररोधी दवा के छिड़काव को दो टीमें गठित की गई हैं। जिले की 381 ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में चिह्नित 165 गांवों में दवा का छिड़काव और फागिंग कराया जा चुका है। शेष क्षेत्रों में भी जल्द अभियान पूरा कराया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में फागिंग के साथ नालियों की सफाई और झाड़ियों की कटाई भी कराई जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर भेजकर लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में जिले में डेंगू के 36 मामले सामने आए थे। अधिकारी ने बताया कि डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है, जो मुख्यत: दिन में काटता है। तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते, आंखों के पीछे दर्द आदि लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। जिला अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए 10 बेड का वार्ड तथा प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच बेड की व्यवस्था है। इलाज सरकारी स्तर पर निशुल्क उपलब्ध है। मरीजों को नीम-हकीम अथवा स्वयं दवा लेने से बचने की सलाह दी गई है। घर में जमा पानी नियमित रूप से बदलें। कूलर की टंकी को साफ रखें। पानी के बर्तनों को ढककर रखें और घर के आसपास पानी जमा न होने दें। शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें। लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें।

## शिक्षक विनय कुमार को मिला शिक्षक गौरव सम्मान

ज्ञानपुर। देवरहा बाबा की तपोस्थली देवरिया में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर सद्भावना संकल्प सेवा समिति उत्तर प्रदेश 'जिज्ञासा' के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय सप्तम शिक्षक गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। देवरिया क्लब में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भदोही



जनपद के नई बाजार स्थित श्री धर्महितकारिणी संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय के हिंदी विषय के शिक्षक विनय कुमार मिश्र को उनके शैक्षणिक योगदान के लिए शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में शिक्षकों का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहा है। शिक्षक विनय कुमार मिश्र को मिला यह सम्मान उनके कार्यों के प्रति समाज की सराहना का प्रतीक है। सम्मान मिलने पर डॉ. रविकांतमणि त्रिपाठी, शशिकान्तमणि त्रिपाठी, डॉ. महेश त्रिपाठी, महेंद्रनाथ मिश्र, संजय कुमार गुप्ता, निर्मल पाठक, शिवसागर पाण्डेय, सतीश कुमार, श्यामधर पांडेय, सत्येश पांडेय, रमेशचंद त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह योगदान देते रहने की शुभकामना दी।

## शांति भंग में ११ गिरफ्तार, दो वारंटी भी दबोचे

ज्ञानपुर। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भदोही पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाकर शांति भंग की आशंका में 11 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं दो वारंटियों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने कुल 13 आरोपियों का चालान संबंधित न्यायालय में किया। उधर, यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 63 दोपहिया वाहनों का चालान कर 53 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला। पुलिस के अनुसार ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के मर्चवार गांव से दो, सुरियावां के नौरंगाबाद से एक, औराई के कटका गांव से दो तथा कोईरौना के इनारगांव से एक व्यक्ति को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। गोपीगंज थाना पुलिस ने कस्बे से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान किया। इसके अलावा गुलौरा गांव से दो तथा चितईपुर गांव से तीन लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना है। वहीं यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी कार्रवाई जारी रखते हुए दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की।

## शौचालय संचालन में लापरवाही, पांच सचिवों को नोटिस

**एक सप्ताह में कमियां दूर कर बेहतर संचालन शुरू कराने का निर्देश**

ज्ञानपुर। जिले में सामुदायिक शौचालयों के संचालन में लापरवाही को लेकर पंचायती राज विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। दो ब्लॉक क्षेत्रों के पांच गांवों में सामुदायिक शौचालयों के संचालन और व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर पांच ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। डीपीआरओ संजय कुमार मिश्र ने एक सप्ताह के अंदर सभी कमियां दूर कर शौचालयों का मानक के अनुरूप संचालन शुरू कराने का निर्देश दिया है। डीपीआरओ ने बताया कि तीन दिन पूर्व अभोली ब्लॉक के भौथर समेत दो गांवों में सामुदायिक शौचालयों के संचालन नहीं होने की शिकायत मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थलीय जांच की गई। खामियां मिलने पर संबंधित दोनों सचिवों को नोटिस जारी किया गया। इसी तरह औराई ब्लॉक के डोमनपुर और चंद्रपुरा गांव में पाइपलाइन खराब होने समेत अन्य शिकायतें मिली थीं। बीडीओ से कराई गई जांच में लापरवाही सामने आने पर संबंधित दोनों सचिवों को नोटिस दिया गया। वहीं, औराई ब्लॉक के समधा खास गांव में पानी की टंकी लीक होने की शिकायत पर स्थलीय जांच कर संबंधित सचिव को नोटिस जारी किया गया। डीपीआरओ ने पांचों सचिवों को चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर अधूरे कार्य पूरे कराते हुए सभी कमियां दूर कर शौचालयों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें। इसके बाद भी लापरवाही या अव्यवस्था की शिकायत मिली तो जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व शिक्षक दिवस पर बच्चों ने रोपे दो दर्जन से अधिक पौधे

### शिक्षक ने कापी-पेन, बिस्किट देकर किया प्रोत्साहित

ज्ञानपुर। आदर्श कंपोजिट विद्यालय ज्ञानपुर में सोमवार को विश्व शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक मानिक चंद्र यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में दो दर्जन से अधिक पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षक मानिक चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को विश्व शिक्षक दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि पांच अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की संयुक्त बैठक में शिक्षकों की आवश्यकता, प्रशिक्षण, समस्याओं के समाधान और प्रोत्साहन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई थी। इसी के महत्व को याद करने के लिए वर्ष 1994 से प्रतिवर्ष विश्व शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व शिक्षक दिवस का आयोजन शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को केंद्र में रखकर किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण के साथ विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अंत में शिक्षक मानिक चंद्र यादव ने सभी बच्चों को कॉपी, पेन और बिस्किट के पैकेट वितरित कर उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें

### सुरियावा थाने में पीस कमेटी की बैठक

ज्ञानपुर। आगामी पावन पर्वों शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा और विजयादशमी को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरियावा



थाने पर एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी भदोही चंद्रकांत ने प्रभारी निरीक्षक सुरियावा मनोज कुमार की मौजूदगी में की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि आगामी पर्व शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार ही मनाए जाएं। इसके साथ ही, ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के प्रयोग में न्यायालय और शासन के तय डेसिबल व समयासीमा का विशेष ध्यान रखने तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की बात कही गई। एसडीएम भदोही चंद्रकांत ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों और समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि सुरियावा क्षेत्र अपनी आपसी गंगा-जमुनी तहज़ीब और भाईचारे के लिए जाना जाता है। प्रभारी निरीक्षक सुरियावा मनोज कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों, रामलीला समितियों के पदाधिकारी, संभ्रान्त नागरिक, स्थानीय पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## निरीक्षण में सीएचओ अनुपस्थित, एक दिन का वेतन बाधित

### वीएचएनडी सत्र में सीएमओ ने किया निरीक्षण

ज्ञानपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सोमवार को हरियांव में आयोजित वीएचएनडी (ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस) सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएनएम सुनीता मौर्या, आशा सीमा देवी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौके पर मौजूद मिलीं। वहीं, सत्र के पर्यवेक्षण के लिए नामित सीएचओ प्रीति राव अनुपस्थित पाई गईं। सीएमओ ने दोपहर करीब 3-30 बजे वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचओ की गैरमौजूदगी को कार्य के प्रति लापरवाही



मानते हुए नाराजगी जताई गई। विभागीय स्तर पर इसे अत्यंत खेदजनक माना गया।मामले में सीएचओ प्रीति राव का पांच अक्तूबर का वेतन बाधित करने की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सत्रों में संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति और प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

## पर्वतपुर में धारा ८२ की नोटिस चस्पा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के पर्वतपुर गांव में वांछित अभियुक्त की तलाश में रविवार को पहुची पुलिस अभियुक्त के आवास धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा किया। पर्वतपुर गांव निवासी रामबहादुर पाल लम्बे समय से वांछित चल रहा है, न्यायालय मे हाजिर न होने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337, 427 आईपीसी के तहत दण्डनीय अपराध का परिवाद दाखिल किया गया है। गिरफ्तारी अधिपत्र जारी होने के बाद आरोपी का पता नहीं चल सका और वह तामिला से बचने के लिए छिप रहा है। न्यायालय के आदेश पर लाला नगर चौकी प्रभारी उमाशंकर तिवारी पर्वतपुर पहुच अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा किया।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के गुलौरी उपरवार गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद दूसरे दिन रास्ते में रोककर पिता, उसके छोटे भाई और पुत्री के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गुलौरी उपरवार निवासी सुशील निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि तीन अक्टूबर की शाम करीब छह बजे बच्चों के बीच विवाद हुआ था। बाद में दोनों पक्षों में सुलह-समझौता हो गया था। आरोप है कि चार अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे वह अपने छोटे भाई आलोक और पुत्री रेनू के साथ जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में मोनू पुत्र श्यामधर, आदर्श पुत्र रंजीत और प्रितम पुत्र सुभाष ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडे से सुशील, आलोक और रेनू की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट में सिर में गंभीर चोट आने की बात भी तहरीर में कही गई है। आरोपितों पर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर गोपीगंज पुलिस ने आरोपित मोनू, आदर्श और प्रितम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## ३१ अक्तूबर से शुरू होगी सारीपुर की प्रसिद्ध रामलीला

बाबूसराय। श्री बजरंग रामलीला समिति सारीपुर की बैठक सोमवार को चेरापुर स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में अध्यक्ष श्यामधर पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी रामलीला के आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से रामलीला का मंचन 31 अक्टूबर से शुरू कराने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष श्यामधर पाठक ने बताया कि क्षेत्र की प्रसिद्ध सारीपुर रामलीला 31 अक्टूबर से नौ नवंबर तक आयोजित की जाएगी। 31 अक्टूबर को मुकुट पूजा के साथ रामलीला का विधिवत शुभारंभ होगा। इसके बाद प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। नौ नवंबर को ऐतिहासिक भरत मिलाप के साथ मेले का आयोजन होगा। इस दौरान मीना बाजार भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। रात में नाटक के मंचन के बाद रामलीला का समापन किया जाएगा। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष शमशेर बहादुर यादव ने पिछले वर्ष के आयोजन का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। समिति पदाधिकारियों ने रामलीला को शांतिपूर्ण एवं भव्य ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया। इस मौके पर सुनील कुमार पाठक, ओमप्रकाश पाठक, अजय कुमार दुबे, बृजेश कुमार दुबे, सुरेश दुबे, बलिस्टर दुबे, संतोष कुमार दुबे, सुरेंद्र कुमार मौर्य, भुवाल विश्वकर्मा, अजीत, अभय, संजय यादव, कृष्ण कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## बावन बीघा को 'तीर्थ क्षेत्र' संबोधन मिलने पर ट्रस्टी ने जताया आभार

### मुख्यमंत्री के संबोधन को श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के लिए बताया गौरव का विषय

सुरियावां। मुख्यमंत्री के भदोही आगमन के दौरान श्री महावीर हनुमान जी तीर्थ क्षेत्र, बावन बीघा को मंच से 'बावन बीघा तीर्थ क्षेत्र' के रूप में संबोधित किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस सम्मानपूर्ण संबोधन पर श्री महावीर हनुमान जी तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख ट्रस्टी अनिल मिश्र ने मुख्यमंत्री के प्रति हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया। प्रमुख ट्रस्टी अनिल मिश्र ने कहा कि बावन बीघा केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। मुख्यमंत्री द्वारा इसे सार्वजनिक मंच से 'बावन बीघा तीर्थ क्षेत्र' के रूप में संबोधित किया जाना यहां के लाखों श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस संबोधन से बावन बीघा की धार्मिक पहचान को विशेष सम्मान मिला है। इस पावन धाम से श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी है और यहां होने वाले धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बावन बीघा के धार्मिक महत्व को स्थान दिए जाने से श्रद्धालुओं में उत्साह और प्रसन्नता है। अनिल मिश्र ने मुख्यमंत्री के प्रति स्वागत, अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बावन बीघा क्षेत्र सनातन परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने श्री महावीर हनुमान जी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। अंत में उन्होंने 'जय श्री महावीर हनुमान जी' और 'जय श्री राम' का उद्घोष किया।

## कैकेई ने राजा दशरथ से मांगा दो वरदान

भदोही। नगर की ऐतिहासिक श्री रामलीला में कल वृंदावन के कलाकारों के द्वारा दशरथ कैकई संवाद श्री राम वन गमन निषाद राज मिलन तथा राम केवट संवाद का लीला का मंचन कलाकारों के द्वारा किया गया । राजा दशरथ की उमर निकलती जा रही थी राजा दशरथ अपनी जगह राम को राजगद्दी देना जानते थे ।उन्होंने अपने गुरु वशिष्ठ से कही वशिष्ट के कहने पर अयोध्या में राम के राजतिलक की तैयारी को होने लगी जब यह बात प्रजा में पता चलती है अयोध्या की प्रजा खुशी से झूम उठी। लेकिन यह बात कैकेई की दासी मंथरा को अच्छी नहीं लगी। वह रानी का के कान भारी मंथरा के बहकावे में रानी कैकई कोप भवन में जाकर बैठ गई । जब राजा दशरथ को यह बात पता चली तो रानी कैकई को मनाने कोप भवन जा पहुंचे । तब राजा दशरथ से देवासुर संग्राम के समय दिए गए दो वचनों को मांगा। राजा दशरथ ने कहा इसमें कौन सी बड़ी बात है मैं रघुकुल का व्यक्ति हूं प्राण जाए पर वचन न जाए तब रानी राजा दशरथ से पहले राम की जगह भारत को राजगद्दी तथा राम को 14 वर्ष का वनवास मांगती है । भरत को राजगद्दी मांगने पर राजा दशरथ स्वयं तैयार हो गए जैसे उन्होंने 14 वर्ष का वनवास मांगा राजा दशरथ रानी कैकेई को समझाते लगते हैं और मूर्छित होकर गिर पड़ते हैं तब यह बात राम को पता चलती है। प्रभु राम आकर राजा दशरथ को समझते हैं और फिर वह पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए 14 वर्ष वन जाने को तैयार हो जाते है और कहते हैं मेरी जगह अगर भरत राजगद्दी बैठेगा इससे -बड़ी खुशी क्या होगी। वह फिर वन को जाने के लिए अपनी माता से जाकर आज्ञा मांगते हैं फिर उनके साथ सीता भी वन को जाने के लिए तैयार हो जाती है जब यह बात लक्ष्मण को पता चलती है तो लक्ष्मण भी वनको जाने के लिए तैयार हो जाते हैं । फिर तीनों लोग जाकर राजा दशरथ को प्रणाम करते हैं और कैकई को प्रणाम करके वन को चल पड़ते हैं।

## कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

कस्तूरीपुर। क्षेत्र के बहरैची में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। काशी क्षेत्र, बनारस से आए कथा वाचक आचार्य अशोक कुमार पांडेय जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कंस के अत्याचार के अंत तथा भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा सुनने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत और पद का कोई महत्व नहीं होता। सात दिनों तक चले कथा आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने कथा वाचक का आशीर्वाद लिया और आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों के प्रति आभार जताया। क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति भी रही। आयोजन में विशेष जजमान के रूप में शंभूनाथ मिश्रा, लालचंद मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, प्रेमचंद मिश्रा, प्रकाश चंद्र मिश्रा नंदू, कौशलेंद्र मिश्रा, उमेश मिश्रा, विनय मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, पार्थ सारथी सुनील मिश्रा, रजनीश मिश्रा, हरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



कटरा। श्री नारायण इंटर कॉलेज कोनिया के तत्वावधान में महर्षि कन्हैयालाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलवां डीघ में क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. भरत प्रसाद चक्रवर्ती ने की। मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य सत्यनारायण मिश्र ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माला पुष्प एवं दीप प्रज्वजित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक ज्ञान प्रकाश शुक्ला, प्रशांत सिंह व गणेश पाण्डेय राजेश सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 100, 400, 800 व 1600 मीटर दौड़ सहित गोला और भाला फेंक स्पर्धाएं हुईं, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने दमखम दिखाया। डॉ. चक्रवर्ती ने कहा कि खेलों से अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## दोना-पापकार्न मशीन योजना के आवेदकों का साक्षात्कार आज

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित दोना मेकिंग मशीन वितरण योजना एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में आवेदन करने वाले लाभार्थियों का साक्षात्कार सोमवार को आयोजित किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आवेदित लाभार्थियों का साक्षात्कार परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, विंध्याचल मंडल-मीरजापुर की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष होगा। साक्षात्कार 5 अक्टूबर को अपराह्न एक बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, रमनगरा सिंहपुर, ज्ञानपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित लाभार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर अपने सभी मूल प्रपत्रों के साथ जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पहुंचकर साक्षात्कार में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

## पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी पर केंद्रित ग्रंथ का विमोचन

### डीआईजी डा. श्रीपति मिश्र ने कहा- विश्वविद्यालय स्तर के छात्रों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है पुस्तक

ज्ञानपुर। वरिष्ठ साहित्यकार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राजकुमार पाठक के जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा रचित ग्रंथ 'पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी = व्यक्तित्व और कृतित्व' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने ग्रंथ का विमोचन करते हुए कहा कि यह पुस्तक विश्वविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। इसमें पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी के व्यक्तित्व एवं साहित्यिक कृतित्व को समझने के लिए महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नवगीतकार गणेश गंभीर ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने डॉ. राजकुमार पाठक को व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संस्था बताया। उन्होंने कहा कि पाठक की




रचनाधर्मिता में सामाजिक सरोकार और साहित्य के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई देती है। उनके मुक्तकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने उनकी साहित्यिक दृष्टि की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीनानाथ पाठक की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद आयोजन ने कवि सम्मेलन का रूप ले लिया। भदोही के साथ मिर्जापुर और जौनपुर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। कवि गणेश गंभीर, लल्लू तिवारी, विवेकानंद चौबे, श्रीप्रकाश उपाध्याय, नामवर नरेंद्र तिवारी, कुलभूषण पाठक, विनीत कुमार श्रीवास्तव 'भइया जी', प्रतिमा शर्मा 'पुष्प', डॉ. सुरेश पांडेय, डॉ. मंजुल विद्यापति शुक्ल, 'कोकिल', वीररस के कवि संदीप कुमार 'बालाजी', डॉ. आलोक तिवारी, चंद्रभूषण पाठक और रामेश्वर राय ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजुल ने किया। अंत में डॉ. बालेन्दुभूषण पाठक ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों और कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मार्ग दुरुस्त कराने की ग्रामीणों ने की मांग

सुरियावां। क्षेत्र के अभिया बाजार स्थित जच्चा-बच्चा केंद्र एवं प्राथमिक उपचार केंद्र तक पहुंचने के लिए समुचित मार्ग न होने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि मरीज को अस्पताल ले जाने वाली एंबुलेंस केंद्र तक नहीं पहुंच पाती और मुख्य सड़क पर ही रुक जाती है। वहां से मरीज को बड़े अस्पताल तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जच्चा-बच्चा केंद्र तक जाने वाला रास्ता काफी खराब और कच्चा है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं और गंभीर मरीजों को केंद्र तक पहुंचाने में दिक्कत होती है। आपात स्थिति में एंबुलेंस के केंद्र तक न पहुंच पाने से समस्या और गंभीर हो जाती है। कौशलेश दुबे, अरविंद दुबे, विपुल दुबे, रमेश चंद्र, फूलचंद आदि ने कहा कि रास्ता बन जाने से मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और एंबुलेंस भी सीधे केंद्र तक पहुंच सकेगी।

## सड़क की पटरी पर जमा गंदा पानी, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

ज्ञानपुर। भदोही-गोपीगंज मार्ग पर गिरधरपुर गांव के पास सड़क की पटरी पर गंदा पानी जमा होने से राहगीरों और स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सड़क किनारे जमा दूषित पानी के कारण बाइक सवारों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने जलनिकासी के लिए नाला बनवाने की मांग की है। गिरधरपुर गांव में कई मकानों से निकलने वाला गंदा पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क की पटरी पर ही एकत्रित हो रहा है। बस्ती का हिस्सा सड़क से कुछ ऊंचाई पर होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी बहकर पटरी पर पहुंच जाता है। इसके बाद निकासी का रास्ता नहीं होने से वहां जलभराव की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से जलनिकासी के लिए नाला बनवाने की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। सड़क किनारे दूषित पानी जमा रहने से दुर्गंध के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है।

# पत्नी की मौत के मामले में पति गिरफ्तार, चाकू बरामद

**अनपरा( सोनभद्र )।** डिबुलगंज धरीकार बस्ती में महिला की मौत के मामले में स्थानीय अनपरा पुलिस ने सोमवार को पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की

## शराब के नशे में मारपीट और नुकीली वस्तु से हमला करने का आरोप, इलाज के दौरान हुई थी महिला की मौत

निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज मारपीट के मुकदमे में महिला की मौत के बाद धारा 105 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई थी। पुलिस के अनुसार, डिबुलगंज धरीकार बस्ती निवासी अच्छे लाल ने 4 अक्टूबर को अनपरा थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनकी 23 वर्षीय पुत्री नैना कुमारी पत्नी राजरूप के साथ उसके पति ने 2 अक्टूबर को शराब के नशे में गाली-गलौज और मारपीट की थी। आरोप है कि इस दौरान राजरूप ने किसी नुकीली वस्तु से नैना के हाथ और पेट पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राजरूप के खिलाफ मुकदमा संख्या 206/2026 में धारा 115(2), 118(1), 351(3) और 352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। घायल नैना कुमारी का इलाज चल रहा था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद पुलिस ने मामले में धारा 105 बीएनएस की बढ़ोतरी कर दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार 5 अक्टूबर को मामले में वांछित आरोपी राजरूप पुत्र शर्मा धरिकार को गिरफ्तार कर लिया गया। वह डिबुलगंज स्थित धरीकार बस्ती का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया।

## बाइक से गिरकर मामा-भांजे घायल

लिलासी(सोनभद्र)। नधीरा-बकरीहवा मार्ग पर रविवार की रात नधीरा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार मामा-भांजे घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चांगा गांव निवासी 18 वर्षीय नितेश पुत्र रामजीत अपने 16 वर्षीय भांजे राकेश कुमार पुत्र लालजी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। नधीरा गांव के पास मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों बाइक समेत खेत में जा गिरे। हादसे में दोनों को चोटें आईं। सीएचसी में चिकित्सक ने उनका उपचार किया। बताया गया कि नितेश दो दिन पहले ही हैदराबाद से कमाकर घर लौटा था। रविवार को वह अपनी बहन के घर नधीरा गया था, जहां से भांजे के साथ वापस लौट रहा था।

# डीएम ने जरुरतमंदों को सौंपी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, चेहरे पर दिखी खुशी

**सोनभद्र।** जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंचे दिव्यांगजनों के लिए सोमवार का दिन नई उम्मीद और खुशी लेकर आया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संवेदनशीलता के साथ उनकी आवश्यकता को समझते हुए मौके पर ही उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराए। ट्राई साइकिल और मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से दोनों दिव्यांगजनों के लिए आवागमन सुगम होने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। जनसुनवाई में ग्राम घुवास खुर्द, रॉबर्ट्सगंज निवासी मुन्ना लाल सोनी पुत्र विश्वनाथ सोनी, जो एक पैर से दिव्यांग हैं उनको जिलाधिकारी ने ट्राई साइकिल प्रदान किया। ट्राई साइकिल प्राप्त कर उनके चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। इससे उन्हें दैनिक कार्यों एवं आवागमन में काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। वहीं वार्ड नंबर-23, नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज निवासी अभय केसरी पुत्र अशोक कुमार जो दोनों पैरों से 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं उनको जिलाधिकारी ने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान किया। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से उनके आवागमन में सहूलियत के साथ स्वतंत्र रूप से आने-जाने की क्षमता भी बढ़ेगी। दोनों लाभार्थियों ने सहायक उपकरण प्राप्त होने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनके लिए यह सहायता केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन को अधिक सहज बनाने और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने का माध्यम बनी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि जनसुनवाई में प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनना तथा पात्र व्यक्ति को समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों एवं अन्य जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाए।



# ग्रामीणों ने बतायी हर घर नल योजना की हकीकत, डीएम ने कंपनी को थमाया नोटिस

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने योजना के तहत ग्राम पंचायतों में की जा रही पेयजल आपूर्ति की जमीनी हकीकत स्वयं जानने के लिए संबंधित ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों से मोबाइल फोन के माध्यम से सीधे वार्ता कर फीड बैक लिया। जिलाधिकारी ने लोढ़ी, बभनौली, पसही कला, तेंदुहार, अदलगंज, लोहरा, सोनबरसा सहित संबंधित ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के माध्यम से की जा रही पेयजल आपूर्ति की स्थिति के संबंध में जानकारी लिया। इस दौरान कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों द्वारा नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत की गई। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने पटवध समूह पेयजल योजना से संबंधित कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश

## अनियमित पेयजल आपूर्ति पर सहायक अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश

दिए। इसके साथ ही संबंधित पेयजल योजना के सहायक अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनहित से सीधे जुड़ी जल जीवन मिशन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ग्रामीणों को नियमित एवं सुचारु पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पटवध समूह पेयजल योजना से संबंधित ग्रामों में हर घर नल योजना के अंतर्गत की जा रही पेयजल आपूर्ति की टीम गठित कर जांच कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि टीम का गठन दो दिन के भीतर सुनिश्चित करते हुए जांच कराई जाए तथा पांच दिन के अंदर जांच की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित ग्रामों में पाइपलाइन, कनेक्शन, पानी की उपलब्धता एवं नियमित आपूर्ति की वास्तविक स्थिति क्या है। योजना का लाभ पात्र ग्रामीणों तक प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक स्वच्छ एवं नियमित पेयजल पहुंचाना है। इसलिए योजना के संचालन एवं पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी करते हुए ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जल जीवन मिशन से जुड़े कंपनी के प्रतिनिधि, अधिशासी अभियंता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शरारती तत्वों ने विद्यालय की संपत्ति को पहुंचाया नुकसान

बीना(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लाक के बीना क्षेत्र में स्थानीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोहरौल कोटा परिसर में शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। जब प्रधानाचार्या विद्यालय पहुँची, तो उन्होंने देखा कि परिसर में बिछाई गई नल की पाइपलाइन पानी टंकी को तोड़ दिया गया है और खिड़की पर लगे महत्वपूर्ण पोस्टरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रधानाचार्य ने तुरंत 112 को फोन कर पुलिस को इस की सूचना दी। पाइप लाइन टूटने से विद्यालय में जगह-जगह पानी फैल गया है और पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। विद्यालय कर्मचारियों का कहना है विद्यालय में सफाई कर्मी साफ करने नहीं आते हैं। इस की सूचना ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान प्रतिनिधि को कई बार दी जा चुकी है।

# रेलवे ट्रैक किनारे मिला मानसिक विक्षिप्त युवक का शव

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह सीटीआई रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे करीब 25 वर्षीय युवक का शव पाये जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पवन उर्फ छोटू पनिका पिता शतंधारी पनिका निवासी चकरिया के रूप में हुई है। सूचना पर मोरवा निरीक्षक डॉ ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की पहचान समेत जांच शुरू की। बताया गया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और अक्सर मोरवा से चकरिया इसी रास्ते से जाता था। पुलिस ने आशंका जताई है कि संभवत: रेलवे ट्रैक के पास से धक्का लगने के कारण वह करीब पांच फीट नीचे गिर गया होगा, जिसमें चोट लगने के कारण उसकी मौत हुई होगी। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही होगी। गौरतलब है कि 15 दिनों के भीतर रेलवे ट्रैक के आसपास यह दूसरी घटना है, जिससे रेलवे व क्षेत्र में सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

## बाजार में दक्षिण ओर की पटरी सड़क से नीचे, गिरकर लोग हो रहे जख्मी

चुर्क(सोनभद्र)। स्थानीय बाजार में दक्षिण की ओर की पटरी काफी नीचे होने के कारण आये दिन पैदल या बाइक से चलने वाले लोग गिरकर चोटहिल हो जा रहे हैं। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। नगर पंचायत द्वारा अभी कुछ महीने पूर्व बाजार का सुंदरीकरण किये जाने को लेकर उत्तर की ओर की पटरी बनाई गई थी जो कि सडक के बराबर है लेकिन दक्षिण ओर की पटरी सड़क से करीब छह इंच नीचे है जबकि कुछ आगे जाने पर पटरी और भी नीचे हो गई है। स्थिति उस समय बिगड़ जाती है जब बाइक से कोई व्यक्ति सड़क से नीचे पटरी पर उतरता है और जब बाइक को सड़क पर चढ़ाता है तो ऐसी दशा में बाइक फिसल जाती है और सवार गिरकर चोटहिल हो जाता है वही दशा पैदल चलने वालों की भी हो जाती है। ऊपर, नीचे होने के कारण वे लोग भी गिर जाते हैं। बाजारवासियों ने ऐसी दशा में नगर पंचायत के चेयरमैन से गुजारिश की है कि दक्षिण ओर की पटरी की मरम्मत करायें जिससे लोग दुर्घटना से बच सकें।

# अतिक्रमण न करने, सड़क पर वाहन खड़ा न करने की दी हिदायत

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** पिपरी थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार की शाम पुलिस टीम के साथ रेणुकूट नगर क्षेत्र का भ्रमण कर बाजार की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और बाजार के लोगों से सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। साथ ही सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करने वालों को भी सख्त हिदायत दी। थाना प्रभारी ने बाजार के विभिन्न हिस्सों में पैदल भ्रमण करते हुए दुकानदारों से कहा कि दुकान का सामान सड़क अथवा फुटपाथ पर इस तरह न रखें, जिससे राहगीरों और वाहनों के आवागमन में परेशानी हो। उन्होंने सड़क के किनारे वाहनों को खड़ा करने से भी लोगों को मना किया। उन्होंने कहा कि बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान पुलिस ने लोगों से यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी के साथ पिपरी थाने के पुलिसकर्मियों के अलावा रेणुकूट चौकी के जवान भी मौजूद रहे। पुलिस के इस भ्रमण से बाजार में कुछ समय के लिए हलचल रही और दुकानदारों ने भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिया।



# बड़नगर से वाराणसी तक की यात्रा हमारी सांस्कृतिक विरासत का देती है संदेश

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के नगर मंडल स्वर्ण जयंती चौक पर बड़नगर से वाराणसी जा रहे यात्रियों का सदर विधायक भूपेश चौबे ने स्वागत एवं

## नगर में सदर विधायक ने किया यात्रियों का स्वागत

अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ यात्रियों का स्वागत किया और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। यात्रा इंचार्ज निकुंज ठाकुर भी उपस्थित रहे। सदर विधायक श्री चौबे ने कहा कि बड़नगर से वाराणसी तक की यह यात्रा हमारी सांस्कृतिक विरासत, सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देती है। यात्रियों का स्वागत करना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। ऐसी यात्राएं समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सदैव सेवा, संगठन और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं। इस मौके पर जिला संयोजक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशाल पांडेय ,जिला महामंत्री संतोष शुक्ला , अनूप तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी रजनीश रघुवंशी ,राकेश सोनी ,अजय श्रीवास्तव ,विकाश चौबे ,आलोक रावत ,वेद मिश्रा, मनोज कुमार मौजूद रहे।



# डीएम के दौरे के बीच बदहाल बीजपुर-बखरिहवा मार्ग पर सवाल

**बीजपुर( सोनभद्र )।** जिलाधिकारी के लगातार क्षेत्रीय दौरे और जनसुनवाई के बीच बीजपुर-बखरिहवा मार्ग की बदहाली को लेकर अब ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सवाल उठ रहा है कि जब जिलाधिकारी दुद्धी में जनसुनवाई और तहसील दिवस में पहुंच रहे हैं वहीं बभनी और चपकी सेवा कुंज आश्रम जैसे क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं तो उनके दौरे में क्षेत्र से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित बदहाल सड़क की ओर प्रशासन की नजर क्यों नहीं जा रही है ?ग्रामीणों का कहना है कि बीजपुर-बखरिहवा मार्ग पिछले कई वर्षों से खराब हालत में है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे क्षतिग्रस्त सड़क और सेवकाडाड़ के पास जर्जर पुलिया की स्थिति के कारण आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। राखड़ वाहनों से उड़ रही धूल, सांस लेना मुश्किल है। एनटीपीसी रिहंद की राखड़ ढोने वाले भारी वाहनों की लगातार आवाजाही भी ग्रामीणों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बनी हुई है। सड़क की खराब हालत के बीच राखड़ लदे वाहनों के गुजरने से धूल का गुबार उठता है जिससे राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत और राखड़ वाहनों से उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए कई बार मांग उठाई जा चुकी है लेकिन मरम्मत के नाम पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों का सीधा सवाल है कि आखिर बीजपुर-बखरिहवा मार्ग की मरम्मत का टेंडर कब होगा और जमीन पर काम कब शुरू होगा क्या सड़क मरम्मत के लिए किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है?



# जन अधिकार पार्टी ने बैठक कर विधानसभा चुनाव पर की चर्चा

**सोनभद्र।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को धार देने के लिए सोमवार को जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य की अध्यक्षता में सिंचाई डाक बंगला परिसर रावर्ट्सगंज में जन अधिकार पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में रामचंद्र मौर्य, सोनल गोड़, रामसूरत धागर, जावेद अली,ने को जन अधिकार पार्टी सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंत्रण की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. भागीरथी सिंह मौर्य प्रदेश प्रमुख महासचिव ने कहा कि विधानसभा 2027 का चुनाव पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाएं। विशिष्ट अतिथि सुमंत सिंह मौर्य मंडल प्रभारी वाराणसी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर विशेष बल दिया। जिलाध्यक्ष आदित्या मौर्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि जन अधिकार पार्टी क्षेत्र की जनसमस्याओं और किसानों, नौजवानों व वंचितों के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने आगामी चुनाव में पूरी ताकत से जुटने का संकल्प लिया। बैठक में विंध्य मंडल उपाध्यक्ष विजयमल मौर्य, जिला सरंक्षक चन्द्रमा सिंह कुशवाहा, जिला प्रभारी श्रीपती विश्वकर्मा, मंगला मौर्य, रामचरित्तर सोनकर (पूर्व जिलापंचयत सदस्य मधुपुर), डा रामराज बिन्द, बलिराम मौर्य, आशिष मौर्य, विजय मौर्य, मनोज मौर्य, डा बिनोद मौर्य, तेजबाली चन्द्रवंशी, राकेश मौर्य, राजेंद्र पासवान, गिरिजा प्रसाद, शिवनरायण, जय प्रकाश मौर्य, गुलाब मौर्य, शिवबहादुर, निरंजन, अभय कुमार, गिरिजा प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# राखड़ की धूल से धुंधला हुआ मुर्धवा-बीजपुर मार्ग

**लिलासी( सोनभद्र )।** मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर इन दिनों राखड़ की धूल लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह राखड़ जमा होने से वाहनों के गुजरते ही धूल का गुबार उठ रहा है। इससे राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। धूल के कारण कुछ क्षण के लिए सड़क पर सामने का दृश्य तक साफदिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी के कार्यकर्ताओं के अनुसार बीजपुर एनटीपीसी से राखड़ लदे भारी वाहन मुर्धवा-बीजपुर मार्ग से गुजरते हैं। इस दौरान वाहनों से राखड़ सड़क पर गिरती रहती है। कई स्थानों पर इसे समय से हटाया नहीं जाता, जो सूखने के बाद वाहनों के आवागमन से उड़कर वातावरण में फैल जाती है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं के अनुसार महीन राखड़ की धूल सांस के साथ शरीर में पहुंच सकती है। लगातार संपर्क में रहने से आंखों में जलन, गले में खराश, खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह अधिक परेशानी का कारण बन सकती है। पर्यावरण कार्यकर्ता अशोक सिंह ने बताया कि राखड़ जमा होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। धूल का गुबार उठने पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि राखड़ के कारण यातायात के साथ वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। शनिवार को रेणुकूट से म्योरपुर आ रहे एक बाइक सवार को रनटोला के जमतीहवा नाला के पास राखड़ के उड़ते गुबार के कारण सामने से आ रहा ट्रक दिखाई नहीं दिया। अचानक ट्रक सामने आने से वह घबरा गया। हालांकि संयोग अच्छा रहा और हादसा टल गया। आश्रम मोड़ से रनटोला तक कई स्थानों पर सड़क किनारे राखड़ फैली हुई है। सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने संबंधित विभाग से सड़क पर जमा राखड़ तत्काल हटाने तथा राखड़ लदे वाहनों से सड़क पर राखड़ गिरने पर रोक लगाने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो प्रदूषण के साथ सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ सकता है। बेचन, प्रशांत दूबे, पीके शर्मा, अमन विश्वकर्मा, दीपक, राजबली, अरविंद ने कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# दो दिन से हड़ताल कर रहे सफाईकर्मी काम पर लौटे

रेणुकूट(सोनभद्र)। स्थानीय नगर में एक निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान के सफाईकर्मियों की दो दिन से चल रही हड़ताल सोमवार को पिपरी थाना प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव की पहल के बाद समाप्त हो गई। सफाईकर्मियों के हड़ताल पर रहने से औद्योगिक प्रतिष्ठान सहित आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और धीरे-धीरे अव्यवस्था बढ़ने लगी थी। सफाईकर्मियों का आरोप था कि प्रतिष्ठान में तैनात एक अधिकारी द्वारा उनके साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार किया जाता है। इसी को लेकर नाराज सफाईकर्मियों ने दो दिनों से काम बंद कर दिया था। मामले की जानकारी पिपरी थाना प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव को हुई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए सफाईकर्मियों और उनकी अगुवाई कर रहे समाजसेवी विजय प्रताप सिंह को थाने पर बुलाया। थाना प्रभारी ने सफाईकर्मियों की समस्या सुनी और दूसरे पक्ष से भी बातचीत कर मामले का समाधान कराने का प्रयास किया। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद विवाद को समाप्त कराते हुए सफाई व्यवस्था सुचारु कराने पर सहमति बनी। इसके बाद हड़ताल कर रहे सफाईकर्मी अपने काम पर वापस लौट गए। थाना प्रभारी की पहल से दो दिनों से बाधित सफाई व्यवस्था दोबारा शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली। सफाईकर्मियों ने भी समस्या के समाधान के लिए पुलिस के प्रयास की सराहना की।

## सफाईकर्मियों का आरोप-उनके साथ होता है कथित रूप से दुर्व्यवहार

## ट्रक में फंसकर टूटा बिजली का तार, पांच से छह घंटे बाधित रही आपूर्ति

रेणुकूट(सोनभद्र)। स्थानीय नगर क्षेत्र में सोमवार की दोपहर एक ट्रक के ऊपरी हिस्से में बिजली का तार फंस जाने से तार टूट गया। तार टूटने के कारण शिवापार्क से लेकर मुर्धवा और खाड़पाथर तक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अचानक बिजली गुल होने से उमस भरी गर्मी में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार की दोपहर एक ट्रक क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान ट्रक के ऊपरी हिस्से में बिजली का तार फंस गया, जिससे तार टूटकर नीचे गिर गया। तार टूटते ही संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे शिवापार्क, मुर्धवा और खाड़पाथर सहित आसपास के इलाकों में लोगों को कई घंटे तक बिजली के लिए परेशान होना पड़ा। बिजली नहीं रहने के कारण घरेलू कार्यों के साथ ही दुकानदारों और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का काम भी प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और मरम्मत कार्य शुरू किया। विद्युत कर्मियों ने कड़ी मेहनत करते हुए क्षतिग्रस्त तार को हटाकर नई केबल लगाई। इसके बाद विद्युत व्यवस्था को धीरे-धीरे सामान्य किया गया। विभागीय कर्मचारियों की तत्परता से मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। इस दौरान करीब पांच से छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने वाला मुंबई से गिरफ्तार

## रिवाल्वर, ३३ कारतूस, आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पैनकार्ड बरामद

आजमगढ़। निजामाबाद थाने की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र

**शिकंजा**

**प्रकाश में आये अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस टीम की लगातार दबिश**



लाइसेंस प्राप्त करने के आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर उसके पास से रिवाल्वर, 33 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व पैन कार्ड बरामद किया। पकड़ा गया आरोपी इबराक खान पुत्र इमदाद खान ग्राम मिर्जापुर, थाना निजामाबाद का निवासी है और बिल्डिंग नं. 02बी, फ्लैट नं. 504, पाटलिपुत्र, थाना ओशिवरा, जिला मुंबई में रहता था।

थाने के एसएसआई सुरेश सिंह यादव को क्षेत्र से विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से 29 सितंबर को जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम मिर्जापुर निवासी मिर्जा अयाज बेग पुत्र मिर्जा मिनहाज बेग एवं उसके सहयोगियों द्वारा बाहर रहने वाले व्यक्तियों को ग्राम मिर्जापुर का निवासी दर्शाकर उनसे मोटी रकम ली जाती है तथा उनके नाम पर फर्जी पता एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर अधिकारियों एवं संबंधित संस्थाओं को गुमराह करते हुए शस्त्र लाइसेंस एवं अन्य सरकारी लाभ दिलाए जाते हैं। सूचना के आधार पर जांच की गई तो प्रथम दृष्टया यह तथ्य प्रकाश में आया कि मो. इबराक पुत्र इमदाद खान वर्तमान समय में अंधेरी वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र में निवास करता है। उसे मिर्जा अयाज बेग द्वारा ग्राम मिर्जापुर के पते पर परिवार रजिस्टर, विद्यालय अभिलेख एवं अन्य कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य अभिलेख बनवाए गए तथा उक्त अभिलेखों के आधार पर वर्ष 2010 में रिवाल्वर का शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कराया गया एवं अन्य सरकारी लाभ भी प्राप्त किए गए। पुलिस ने मिर्जा अयाज बेग पुत्र मिर्जा मिनहाज बेग निवासी मिर्जापुर, यहीं के मो. इबराक खान पुत्र इमदाद खान तथा अन्य अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर निरीक्षक अपराध जयप्रकाश यादव एवं एसआई चित्रांशु मिश्रा की टीम 1 अक्टूबर को मुंबई पहुंची। मौके पर मौजूद इबराक खान पुत्र इमदाद खान निवासी मिर्जापुर की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस एवं एक पैन कार्ड बरामद हुआ। पुलिस ने 2 अक्टूबर को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांद्रा, मुंबई के समक्ष प्रस्तुत कर आजमगढ़ के न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त किया गया। इसी प्रकार शाहिद मोहम्मद खान पुत्र मोहम्मद सईद खान निवासी अंधेरी वेस्ट, मुंबई महाराष्ट्र का भी वर्ष 2010 में शस्त्र लाइसेंस संख्या ग्राम मिर्जापुर के पते पर जारी होना पाया गया। जांच में ग्राम मिर्जापुर निवासी मिर्जा अयाज बेग पुत्र मिर्जा मिनहाज बेग की भूमिका भी प्रकाश में आई है। मिर्जा अयाज बेग, उसकी पत्नी, पुत्र एवं भाइयों सहित कुल 8 शस्त्र लाइसेंस होने की जानकारी भी जांच में प्रकाश में आई है।

## कुएं में गिरकर मजदूर की मौत, घर में मचा कोहराम

बलरामपुर, आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के कंहरिया गांव में रविवार की शाम कुएं में गिरने से मजदूर की मौत हो गई। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। वहीं, मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। कंहरिया गांव निवासी 45 वर्षीय विनोद कुमार मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते थे। रविवार की शाम वह पैदल बाजार जा रहे थे। रास्ते में कुएं के पास से गुजरते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरे। हादसा देख ग्रामीणों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना पर स्वजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद विनोद को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद स्वजन आनन-फानन उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कम्हेनपुर घाट पर तमसा नदी में मिला बस चालक का शव

बलरामपुर, आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र के कम्हेनपुर घाट पर सोमवार की सुबह तमसा नदी में

**एक दिन पहले घर से निकले युवक की चंद्रमा ऋषि आश्रम के पास खड़ी मिली बुलेट**



फाइल फोटो-झारखंडे

बस चालक का शव उतराया मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान झारखंडे उपाध्याय के रूप में की। किसुनदासपुर नंबर दो देवखरी गांव निवासी 38 वर्षीय झारखंडे उपाध्याय निजी बस चलाते थे। उनके भाई सहाबु उपाध्याय ने बताया कि झारखंडे करीब एक माह से घर पर ही रह रहे थे। रविवार दोपहर वह बुलेट लेकर चंद्रमा ऋषि आश्रम में बाबा से मिलने गए थे। देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और उनकी तलाश शुरू की गई। रात करीब 11 बजे आश्रम से एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि वहां झारखंडे की बुलेट खड़ी है। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। काफी देर तक तलाश करने के बाद पुलिस वापस लौट गई। सोमवार सुबह कम्हेनपुर घाट पर तमसा नदी में उनका शव उतराया मिला।

## पोखरी में मिला युवक का शव, घर से निकला था बिना बताये

बलरामपुर, आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर नवापुरा गांव के सिवान में सोमवार को

**चरवाहों ने पानी में उतराया देखा, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

पोखरी में युवक का शव उतराया मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पोखरी से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। सुल्तानपुर नवापुरा गांव निवासी 35 वर्षीय रिंकू राजभर मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते थे। वह दो भाइयों में सबसे बड़े थे और उनके एक पुत्र व एक पुत्री हैं। पिता चंद्रदीप राजभर ने बताया कि रविवार शाम रिंकू बिना बताए घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। सोमवार दोपहर गांव के कुछ चरवाहे पशुओं को चराने के लिए पोखरी की ओर गए। इसी दौरान उन्होंने पानी में रिंकू का शव उतराया देखा। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। शव देखते ही स्वजन में चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## ट्रक ने कार में मारी टक्कर, परिवार के सदस्य घायल

पवई, आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते आजमगढ़ जा रही कार में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार परिवार के सदस्यों को चोटें आईं, जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। सभी लोग सीट बेल्ट लगाए हुए थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आजमगढ़ के मातबरगंज निवासी मनोज कुमार पांडेय के अनुसार वह रविवार देर शाम अपनी कार से गांव से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते आजमगढ़ स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी खड़ी कार में दाहिनी ओर टक्कर मार दी। टक्कर से कार में सवार परिवार के सदस्यों को चोटें आईं और कार क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने हादसे के लिए ट्रक चालक की लापरवाही और असावधानी को जिम्मेदार बताते हुए पवई थाने में तहरीर देकर ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर गंभीरपुर थाना क्षेत्र के सिंघड़ा गांव

**पानी की सप्लाई का कार्य कर परिवार का करते थे भरण-पोषण**

स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की रात करीब नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

बरदह थाना क्षेत्र के बेला खास गांव निवासी 30 वर्षीय आनंद सिंह पुत्र स्व. अवधू सिंह



फाइल फोटो-आनंद सिंह

रविवार को आवश्यक कार्य से आजमगढ़ गए थे। रात करीब नौ बजे वह वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर सिंघड़ा गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आनंद के सिर में गंभीर चोट आई और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गंभीरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है। परिजनों के मुताबिक आनंद सिंह पानी सप्लाई का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मृतक चार भाइयों में तीसरे नम्बर पर थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही पत्नी अंजली सिंह समेत परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के एक वर्ष की बच्ची है। हादसे ने परिवार पर दुखों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। इसके साथ ही गांव के लोगो में रहा दुख का महोल बन गया।

## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। गंभीरपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में एसआई अभिषेक सिंह की टीम ने सोमवार की दोपहर लगभग सवा एक बजे पुरानी रंजिश में जानलेवा हमले के आरोपी किशन पुत्र सुभाष निवासी ग्राम छाऊ को प्राप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस मामले में 4 अक्टूबर को महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश को लेकर किशन द्वारा पुत्र के साथ लाठी-डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने का प्रयास किया गया। बीच-बचाव करने पर वादिनी के साथ भी मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी।

## ऋण जमा न करने पर राजस्व विभाग ने कुर्क की जमीन

मित्तूपुर, आजमगढ़। पवई थाना और फूलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा खंडोरा निवासी मेवालाल पुत्र रामफेर की भूमि को राजस्व टीम ने सोमवार को कुर्क कर लिया। मौके पर मौजूद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के मैनेजर ने बताया कि मेवालाल ने 2007 में 1.20 लाख का केसीसी ऋण उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मित्तूपुर से लिया था, किंतु लोन न जमा करने की वजह से मूलधन व ब्याज मिलकर 5 लाख के आसपास पहुंच गया। बैंक मैनेजर का कहना है कि बार-बार नोटिस राजस्व अमीन द्वारा देने के बाद भी मेवालाल ने लोन जमा नहीं किया। उसके बाद की विधिक कार्रवाई के बाद राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ कुर्की की कार्यवाही की और लाल झंडी लगा दी। कुल रकबा.5540 हेक्टेयर है। इस मौके पर राजस्व कानूनगो, हल्का लेखपाल, राजस्व अमीन व बैंक मैनेजर टीम के साथ मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प यात्रा का पवई में स्वागत

कलान, आजमगढ़। सेवा संकल्प यात्रा के तहत बडनगर से वाराणसी के लिए निकली बाइक रैली सोमवार को पवई पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन शामिल रहे। जगह-जगह यात्रा को रोककर लोगों ने जलपान कराया और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दोपहर करीब ढाई बजे यात्रा पवई बाजार पहुंची। यहां भाजपा मंडल अध्यक्ष पवई विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल लोगों का जलपान कराकर स्वागत किया। इस दौरान भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। जिला मंत्री संतोष पाण्डेय, सर्वेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, राहुल अग्रहरि, अनीता सिंह, सारिका सिंह आदि ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष पवई मनीष पाल के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि यात्रा में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। पवई बाजार से होते हुए यात्रा माहुल की ओर रवाना हो गई।

## बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

लालगंज, आजमगढ़। नगर पंचायत कटघर लालगंज के राम जानकी मैदान परिसर में बसपा के तत्वाधान में कार्यकर्ता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश चन्द्रा मुख्य क्वाडिनेटर व अध्यक्षता डाक्टर विजय प्रताप ने किया। दिनेश चन्द्रा ने पंकज कुमार को विधानसभा लालगंज के प्रभारी प्रत्याशी की घोषणा की। भीम राजभर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भरत सिंह मऊ, पूर्व सांसद डाक्टर बलिराम, पंकज कुमार सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। दिनेश चन्द्रा ने कहा कि बाबा साहब से पहले हमें पढ़ने लिखने का हक नहीं था। बाबा साहब को भी इस देश में पढ़ने लिखने का हक नहीं मिला। भारत देश चलता है तो हमारे बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान से, संविधान लागू करने वालों की नियत अच्छी नहीं तो वही संविधान आपके लिए अच्छा नहीं है। अगर नियत अच्छी है तो संविधान अच्छा है। पूर्व सांसद डाक्टर बलिराम ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन विनोद चौहान ने किया। इस अवसर पर ओमकार शास्त्री, इन्दू चौधरी, हीरालाल गौतम, अरविंद कुमार,अशोक सोनकर, मदन राम, नीरज सिंह, बृजेश गौतम,साहिब अंसारी, विजय कुमार, पंकज कुमार, नीरज सिंह ,अरुण सिंह,प्रधान, अशोक महाप्रधान, गुफरान, ताबीज आदि उपस्थित रहे।

## वार्ता के बाद लालगंज में एसडीएम-अधिवक्ता के बीच गतिरोध समाप्त

लालगंज, आजमगढ़। जूनियर बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के सेक्रेटरी आदित्य सिंह हंटर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सोमवार को लालगंज तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का आरोप था कि शनिवार को तहसील परिसर की खाली भूमि पर कुछ जूनियर अधिवक्ताओं द्वारा कुर्सी, मेज और टीन शेड रखकर बैठने की व्यवस्था की गई थी। शिकायत के बाद एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व अधिकारी और लेखपाल मौके पर पहुंचे और जांच के बाद मेज-कुर्सी व टीन शेड हटवा दिया गया। अतिक्रमण हटवाते समय एसडीएम द्वारा एक अधिवक्ता के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया गया। इसको लेकर एसडीएम और जूनियर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई। अधिवक्ता धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बातचीत के दौरान मामला पूरी तरह स्पष्ट हो गया। एसडीएम के साथ भाई-बहन की तरह बातचीत हुई और अब मामले को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एसडीएम बनाम अधिवक्ता कोई मामला नहीं है और आज से दोनों पक्षों के बीच कोई विवाद नहीं है। इस अवसर पर अधिवक्ता आकाश सिंह, सूरज सिंह इलाहाबाद, धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव वाराणसी, आमिर खां अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन आजमगढ़, प्रशांत राय, आकिब शेख, आलोक यादव, हलीम, अखिलेश, सालिक, यूसुफ मिर्जा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



## लालगंज में एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

लालगंज, आजमगढ़। विधानसभा लालगंज के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के तहत सोमवार को एसडीएम

**पात्र नये मतदाताओं का फार्म भरवाने पर दिया जाये विशेष ध्यान**

नेहा मिश्रा ने बूथ संख्या 314, 315, 316, 317, 318 और 319 का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बूथों पर बीएलओ उपस्थित मिले। एसडीएम ने बीएलओ को प्रत्येक बूथ के जेंडर रेशियो पर विशेष ध्यान देने, अधिक से अधिक नए मतदाताओं के फार्म-6 भरवाने तथा 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का मतदाता पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिए भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बीएलओ के पास औसतन 10 से 15 फार्म भरे हुए पाए गए। हालांकि साइट नहीं चलने के कारण फार्म फीड करने में परेशानी की बात सामने आई। बीएलओ ने बताया कि अधिकांश फार्म सोमवार रात तक फीड कर दिए जाएंगे। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करें। विशेष रूप से 18-19 वर्ष के युवाओं और पात्र नए मतदाताओं का फार्म-6 भरवाने पर ध्यान दिया जाए। जो फार्म प्राप्त हो चुके हैं, उनकी फीडिंग जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरा कराया जाए।

## साइबर ठगी के शिकार के खाते में पांच हजार वापस

आजमगढ़। रौनापार थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में पांच हजार वापस कराकर बड़ी राहत दी है। क्षेत्र के जगदीश भारती पुत्र गोपाल भारती का मोबाइल फोन 13 अप्रैल को दिल्ली में चोरी हो गया था। उन्होंने 17 अप्रैल को गांव वापस आकर नया सिम प्राप्त किया। सिम चालू होने के पश्चात शाम के समय बैंक खाते से 1,15,090 रुपये निकाल ली गयी। उन्होंने 18 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के उपरान्त साइबर टीम ने तत्काल संबंधित बैंकों से मेल एवं दूरभाष के माध्यम से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने 95,653.61 रुपये विभिन्न खातों में होल्ड कराए गए। होल्ड धनराशि में से 5,000 रुपये पोर्टल के माध्यम से आवेदक के बैंक खाते में वापस करा दिए गए हैं। शेष धनराशि को भी प्रक्रिया पूर्ण होने एवं पोर्टल पर अपडेट प्राप्त होने के उपरान्त वापस कराने की कार्यवाही की जा रही है।

## गुरुटोला में जर्जर दीवार गिरी, सभासद की बच्ची की मौत

आजमगढ़। गुरुटोला वार्ड में सोमवार को एक अहाते कह जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से सभासद मोहम्मद अफजल की 7 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मलबा हटाकर बच्ची को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वीडियो में गिरा हुआ मलबा, टूटी ईंटें और गिरी टिनशेड साफ दिख रही हैं। आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों का कहना है कि अहाते की जर्जर दीवार लंबे समय से खतरा बनी थी। लोगों ने प्रशासन से जर्जर भवनों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।



फाइल फोटो-अलीना अफजल

## शराब ठेके के बाहर युवक की मौत मामले में वांछित गिरफ्तार

आजमगढ़। नगर कोतवाली के एसआई मिथिलेश कुमार प्रजापति की टीम ने सोमवार को सुबह लगभग ग्यारह बजे बलरामपुर अंग्रेजी शराब ठेके के बाद विवाद के दौरान युवक की मौत के मामले में वांछित आरोपी विजय चौहान पुत्र स्व. छविराज चौहान निवासी शेखपुरा को सूचना के आधार पर रोडवेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। तीन अक्टूबर को बलरामपुर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के बाहर चखना, सिगरेट, पानी एवं गिलास के 25 रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के मध्य विवाद एवं कहासुनी हो गयी। विवाद के दौरान विजय चौहान व उसके साथियों द्वारा गाली-गलौज एवं धक्का-मुक्की की गयी। बीच-बचाव करने पर दूसरे पक्ष के साथ भी मारपीट की गयी, जिसमें एक युवक को गंभीर चोटें आयीं। उपचार हेतु उसे मंडलीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

## जनता की फरियाद सुन एसपी ने दिये निस्तारण के निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर ईश्वर लाल गुज्जर, क्षेत्राधिकारी क्राइम कौस्तुभ त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारीगण द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखते हुए पीड़ितों को प्रभावी एवं त्वरित न्याय दिलाया जाए।

## हवा के साथ बारिश से धान और गन्ने की फसल को भारी नुकसान

अतरौलिया/बिलरियागंज, आजमगढ़। अक्टूबर माह में सोमवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ हुई बारिश से खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल खेतों में गिर गई, वहीं गन्ने की फसल भी तेज हवा के झोंकों से लुढ़क गई। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बारिश और हवा के कारण सब्जियों की फसल भी प्रभावित हुई है। शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से तापमान में गिरावट आ गई। तेज हवा के चलते कई खेतों में धान की पक चुकी बालियां जमीन पर बिछ गईं। किसानों के मुताबिक, फसल तैयार होने के समय बारिश और तेज हवा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। गन्ने की खड़ी फसल भी गिरने से किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है। गोरहरपुर गांव निवासी किसान राधेश्याम मौर्य, बहादुर मौर्य, राजनाथ मौर्य तथा गोविंदपुर निवासी राम ललित मौर्य और आनंद मौर्य ने बताया कि बारिश और तेज हवा से सब्जियों की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है।

## साहब! डेढ़ दशक से अधूरा पड़ा पुल बाढ़ में दे रहा दर्द

आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के महाजी देवारा जदीद गांव में सरयू नदी की शाखा पर वर्ष

**प्रकाश निषाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

2007-08 से अधूरा पड़ा बाढ़ के दौरान दर्द देने लगा है। मुख्य मार्ग अवरुद्ध होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ग्राम प्रधान प्रकाश निषाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अधूरे पुल का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जाने-आने के लिए पुल का निर्माण शासन स्तर से वर्ष 2007-08 में कराया जा रहा था, लेकिन



किन्हीं कारणों से निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। इस संबंध में कई बार शासन और प्रशासन स्तर पर प्रार्थना पत्र दिए गए, बावजूद इसके अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग बाधित होने से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार से जुड़े कार्यों के लिए आवागमन में काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने मांग की कि अधूरे पुल का निर्माण शासन स्तर से तत्काल पूरा कराया जाए। यदि शासन स्तर से निर्माण संभव नहीं है तो ग्रामीणों को स्वयं धन और श्रम लगाकर पुल बनाने की अनुमति प्रदान की जाए।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष की दौड़ में 'विजय' को विजय

## पिता खेताऊ प्रसाद सोनकर से लेकर पूरा परिवार राष्ट्र और गो-सेवा के लिए रहा समर्पित

आजमगढ़। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष की दौड़ में वैसे तो शामिल थे चार नाम, लेकिन

**निष्ठा का फल**

**नगर पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली तो विजय ने ढूंढा था हरे चारे का विकल्प**



भाजपा, राष्ट्र और गो-सेवा के लिए समर्पित रहे खेताऊ प्रसाद सोनकर के सुपुत्र व लालगंज आदर्श नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन विजय सोनकर को पार्टी ने उनकी और उनके पिता की कार्यशैली की समीक्षा के बाद उपयुक्त पाया। यानी क्षेत्रीय अध्यक्ष की दौड़ में विजय को पार्टी ने इसके लिए विजयी घोषित कर ही दिया। इस बात की पुष्टि भाजपा के आजमगढ़ जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने करने के साथ विजय को विजय के लिए बधाई भी दी है। शुरुआत अगर विजय के नगर पंचायत अध्यक्षी के समय के कार्यकाल से करें तो लालगंज कस्बे से गुजरने वालों को अहसास ही नहीं होता था कि वह किसी कस्बे से गुजर रहे हैं। उस समय पूरी रात सोलर स्ट्रीट लाइट जलने से किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ता था। यही नहीं गर्मी के मौसम में जगह-जगह शीतल प्याऊ लोगों की प्यास बुझाती थी। गैर जनपद से लालगंज होकर यात्रा करने वालों के मुख से बरबस

**क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए प्रदान की गयी मुफ्त एंबुलेंस की सुविधा अब भी जारी**

निकल पड़ता था कि वाकई लालगंज के लाल का काम दिख रहा है।

बात उस समय की है जब वर्ष 2017 के नगर निकाय चुनाव में जनता ने उन्हें चेयरमैन की कुर्सी संभालने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उस दौरान विजय ने सारे काम के साथ सफाई और गो-सेवा को अपना प्रमुख कार्य माना था। सफाई नायकों को सुबह सूखा और गीला कूड़ा एकत्र करने की जिम्मेदारी के साथ नगर में सैकड़ों डस्टबिन लगवाए थे। यही नहीं उस समय गोशाला के लिए हरे चारे की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन उन्होंने व्यवस्था का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला नहीं झाड़ा, बल्कि एक अलग रास्ता निकाला और उसके तहत सफाई कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी कि कूड़ा उठान के साथ घर-घर जाकर सब्जी व फल के छिलके अलग से एकत्र कर दूसरी गाड़ी में रखकर गो-शाला पहुंचाएं। मकसद केवल यह कि गो-वंशों को हरे चारे के लिए तरसना न पड़े। यही नहीं अपने अध्यक्षी के समय विजय ने क्षेत्र के मरीजों के लिए दो एंबुलेंसों की भी मुफ्त सेवा प्रदान की थी, जो कुर्सी जाने के बाद भी दौड़ रही है।

# डीजल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

आजमगढ़। गंभीरपुर थाने के एसआई अभिषेक सिंह, अश्वनी मिश्रा, योगेश कुमार सरोज की टीम ने रविवार

**हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल निकालने के बाद पिकअप से होते थे फरार**



की आधी रात बाद लगभग दो बजे ग्राम बरवां मोड़ हाईवे के पास वाहनों से डीजल चोरी करने वाली अंतरजनपदीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान शैलेन्द्र राजभर पुत्र स्व. सुभाष राजभर निवासी बाऊडीह, थाना मधुबन, मऊ, इसी थाने के बहोरनपुर निवासी अक्षय कुमार पुत्र स्व. लाल बिहारी, दोहरीघाट थाने के ग्राम रसूलपुर आश्रम निवासी चन्द्रिका पुत्र रामनाथ यादव एवं गोपालपुर, थाना गोला, गोरखपुर निवासी संजय कुमार पुत्र रामप्रसाद के रूप में हुई। पिकअप वाहन की जांच करने पर उस पर कूटरचित नंबर प्लेट मिली। ई-चालान ऐप पर उक्त नंबर की जांच करने पर वह एक ई-रिक्शा के नाम पंजीकृत पाया गया। चेसिस नंबर के आधार पर जांच करने पर पिकअप का वास्तविक नम्बर दूसरा और अक्षय कुमार के नाम पंजीकृत मिला। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर को 3.30 से 4 बजे के मध्य ग्राम थनौली के पास प्रधान बिल्डिंग मैटेरियल के सामने खड़े अरविन्द यादव पुत्र हुबराज यादव निवासी ग्राम अटारपुर, थाना बरदह के ट्रक से अज्ञात चोरों द्वारा डीजल चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पिकअप की तलाशी से 1 प्लास्टिक की पाइप, 1 हथौड़ी, 1 छेनी, 1 जरीकेन में करीब 50 लीटर डीजल एवं 14 खाली जरीकेन बरामद हुए, जबकितलाशी से 9500 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में निजामाबाद, मुबारकपुर व कप्तानगंज क्षेत्र से हाईवे किनारे से करीब 360 लीटर डीजल चोरी कर बेचने की बात सामने आई।

**सुभाषित** *हित चाहनेवाले बंधु उस परिजनसे भी अधिक अच्छे हैं जो निकट संबंधी होकर भी अहित करनेकी चाह रखते हों।* ❐ हितोपदेश



## विदेश नीतिका नया चरण

पूरे विश्वमें भारतकी बढ़ती साख और भरोसाका सबसे ताजा प्रमाण यह है कि रूस और यूक्रेनके बीच जारी युद्धको समाप्त करानेकी दिशामें भारतने सक्रिय भूमिका तेज कर दी है। परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरने रविवारको सार्वजनिक रूपसे पहली बार इसका स्पष्ट संकेत किया है और यह भी कहा है कि भारत युद्धके समाधानकी मात्र पैरवी ही नहीं कर रहा है, बल्कि उसने इससे आगे बढ़कर हालके महीनोंमें समाधानके प्रयास तेज कर दिया है। रूस और यूक्रेन दोनोंसे वार्ता की जा रही है। यह भारतकी विदेश नीतिमें एक महत्वपूर्ण बदलावका भी संकेत है। साथ ही भारतके सामने अब बड़े दायित्वके साथ एक बड़ा कूटनीतिक अवसर भी है। वर्ष २०२२ में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होनेके बाद भारतने लगातार कहा था कि समस्याका समाधान युद्ध भूमि नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीतिसे होना चाहिए। लेकिन भारतने औपचारिक मध्यस्थकी भूमिकासे दूरी बनाये रखी थी। अब स्थिति बदल गयी है और इसके साथ ही भारतकी भूमिका भी बदल गयी है। भारतकी दोनों देशोंसे वार्ताकी शुरुआत काला सागरमें जहाजरानीकी सुरक्षासे हुई और अब यह अनाज और ऊर्जा निर्यात तथा सम्भावित 'नान अटैक' तक पहुंच गयी है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ऐसे क्षेत्र हैं जहां सीमित समझौतेसे भी व्यापक शान्ति-प्रक्रियाका रास्ता बनाया जा सकता है। रूसका भारतपर भरोसा सबसे बड़ी ताकत है। रूसने सार्वजनिक रूपसे भारतकी भूमिकाका स्वागत किया है। सितम्बरमें क्रेमलिनके प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोवने कहा था कि रूस-यूक्रेन संकटके समाधानमें भारतके योगदानका स्वागत करता है। इसीके बाद रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिनने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके विचारोंको समाधानकी दिशामें 'अच्छे विचार' के रूपमें स्वीकार किया। अगस्तमें बिश्केकमें मोदीने पुतिनसे स्पष्टत: कहा था कि अब 'अनन्त युद्ध' से युद्ध समाप्तिकी ओर बढ़ना चाहिए। रूस भारतको विश्वसनीय संवादकर्ताके रूपमें भी देखता है। अब यूक्रेनका भी स्वर बदल गया है। लेकिन अभी यह बड़ी चुनौती बनी हुई है कि यूक्रेन भारतको पूरी तरहसे निष्पक्ष मध्यस्थके रूपमें स्वीकार करता है कि नहीं। इसमें भी परिवर्तनके संकेत मिल रहे हैं। रूस-यूक्रेन संकटमें भारतकी वर्तमान सक्रियताको केवल मध्यस्थताकी कोशिश कहना पर्याप्त नहीं होगा। यह वास्तवमें भारतीय विदेश नीतिके नये चरणका संकेत है। भारतको ऐसा समझौता कराना होगा, जो दोनों देशोंको स्वीकार्य हो।

## अनुकम्पा नियुक्तिका अधिकार

सर्वोच्च न्यायालयने अनुकम्पा नियुक्तिसे जुड़े एक मामलेमें जो फैसला दिया है, वह उचित और न्यायसंगत है। कोर्टने अपने अहम फैसलेमें स्पष्ट किया है कि दादा-दादीकी मृत्युपर पौत्र भी अनुकम्पा नियुक्तिका अधिकारी है। इस सन्दर्भमें शीर्ष कोर्टका यह कहना महत्वपूर्ण है कि निकट सम्बन्धीके रूपमें पौत्रपर अनुकम्पा नियुक्तिके लिए विचार किया जा सकता है। इस टिप्पणीके साथ न्यायमूर्ति मनोज मिश्र और विजय बिश्नोईकी पीठने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयके उस आदेशमें हस्तक्षेप करनेसे इनकार कर दिया, जिसमें रेलवेके मृत कर्मचारीके पौत्रको अनुकम्पा नियुक्ति देनेका निर्देश दिया था। इसीके साथ शीर्ष कोर्टने उच्च न्यायालयके फैसलेको चुनौती देने वाली केन्द्र सरकार और रेलवेकी याचिका खारिज कर दी और उच्च न्यायालयका आदेश बरकरार रखा। उच्च न्यायालयके फैसलेमें पौत्रको निकट सम्बन्धीके रूपमें अनुकम्पा नियुक्ति दिये जानेके बारेमें नियम-कानूनका विस्तारसे जिक्र किया गया है जिसे देखते हुए इस फैसलेमें हस्तक्षेप करनेका कोई आधार नहीं दिखता। उल्लेखनीय है पौत्रके दादा और पिताकी मृत्युके बाद उसका पालन-पोषण दादीने किया, जो कि पश्चिम-मध्य रेलवेके भोपालमें हेल्पर-२ के तौरपर नौकरी करती थीं जिनकी भी नौकरीके दौरान ही मृत्यु हो गयी। खास बात यह है कि दादीके सर्विस रिकार्डमें पौत्रका नाम उत्तराधिकारी यानी नामिनीके रूपमें दर्ज हो चुका था जिसके आधारपर पौत्रने दादीकी जगह अनुकम्पा नियुक्तिका दावा किया था, लेकिन रेलवेने इस उत्तराधिकारको सिर्फ सेवानिवृत्ति सम्बन्धी बकाया भुगतानतक ही सीमित माना और नियुक्तिके लिए स्वीकार्य नहीं किया। रेलवेका फैसला उत्तराधिकार कानूनके विरुद्ध और पात्र व्यक्तिके अधिकारका हनन है। अनुकम्पा नियुक्तिपर सुप्रीम फैसला स्वागतयोग्य है। इससे उत्तराधिकारियोंको बड़ी राहत मिलेगी।

## लोक संवाद

### जब कर्णको स्वर्ण दिया गया

महोदय,-धार्मिक मान्यताओंमें पितरोंको विशेष स्थान दिया गया है। माना जाता है कि श्राद्ध और तर्पणके जरिये पूर्वजोंके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। लोकप्रचलित कथाके अनुसार, जब कर्णका निधन हुआ और वह स्वर्ग पहुंचे तो उन्हें भोजनके लिए सोना दिया गया। इसपर कर्ण हैरान रह गये। तब उन्हें बताया गया कि उन्होंने पृथ्वीपर जीवनभर सोने और कीमती वस्तुओंका खूब दान किया, लेकिन पितरोंके लिए अन्न-जलका दान और तर्पण नहीं किया था। इसलिए स्वर्गमें उन्हें वही प्राप्त हुआ, जिसका उन्होंने सबसे अधिक दान किया था। हालांकि कर्णके पुण्य इतने अधिक माने गये कि उन्हें अपनी इच्छा पूरी करनेका अवसर दिया गया। कथाके अनुसार, कर्णने भगवानसे प्रार्थना की कि उन्हें कुछ समयके लिए पृथ्वीपर वापस भेज दिया जाय, ताकि वह अपने पितरोंके लिए अन्न-जलका दान और तर्पण कर सकें। उनकी प्रार्थना स्वीकार हुई और उन्हें १५ दिनोंके लिए धरतीपर लौटनेका अवसर मिला। इसके बाद कर्णने इन दिनोंमें अन्न, जल और दूसरी आवश्यक वस्तुओंका खूब दान किया और पितरोंका तर्पण किया। मान्यता है कि इसी कथासे पितृपक्ष और करणागतसे जुड़ी परम्पराओंको विशेष महत्व मिला। **-शोभा पाठक, वाया ईमेल।**

# व्यापार युद्धके बाद अब पूंजी युद्ध

**वैश्वीकरणसे पीछे हटनेकी प्रक्रियामें दुनिया पहले ही लोगोंकी सीमापार आवाजाहीपर बढ़ती पाबंदियां देख चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपतिके पदपर ट्रम्पकी वापसी और नीतिगत दबावके एक साधनके रूपमें शुल्कके इस्तेमालके बाद वैश्विक स्तरपर वस्तुओं और सेवाओंके व्यापारको भी झटका लगा है।**

❐ टी.एन.नाइनन

हो सकता है कि अमीर देश पूंजीकी अंतरराष्ट्रीय आवाजाहीपर भी प्रतिबंध लगाने लगें। विकासशील देशोंमें तो पूंजी नियंत्रण लम्बे समयसे सामान्य व्यवस्थाका हिस्सा रहा है। कुछ समय पहलेतक ऐसे बदलावके बारेमें सोचा भी नहीं जा सकता था। इसकी मुख्य वजह अमेरिकामें नजर आ रही है जहां कम्पनियोंके बढ़ते कर्जकी जबरदस्त ताकत, अमेरिकी बजट घाटेकी बाधासे टकरा रही है। तकनीक और आर्टिफिशिल इंटेलिजेंसकी दौड़में आगे चल रही बड़ी कम्पनियां हालतक अपने पूंजीगत खर्चकी योजनाओंको अपनी कमाईसे पूरा कर रही थीं। अब ऐसा नहीं है, क्योंकि निवेशकी योजनाएं बहुत ज्यादा तेजीसे बढ़ गयी हैं। अब ये कम्पनियां बाजारसे बड़े पैमानेपर कर्ज ले रही हैं। अमेरिकामें कारपोरेट बाण्ड जारी करनेकी मात्रा दो वर्षोंमें ८० फीसदी बढ़ गयी है। इसी दौरान संघीय बजट घाटा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के सात फीसदीतक पहुंच गया है और इसके नियंत्रणमें आनेके कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। अमेरिकी बचत इतनी नहीं है कि वह इसकी भरपाई कर सके। यही वजह है कि अमेरिका दशकोंसे दुनियाका सबसे बड़ा कर्ज लेने वाला देश है। लेकिन अन्य देशोंकी पूंजीको लेकर उसकी बढ़ती जरूरतके साथ ही एक तथ्य यह भी है कि अधिकांश देश अमेरिकी प्रतिभूतियोंसे दूरी बना रहे हैं। बीते कुछ सालमें चीनने अमेरिकी प्रतिभूतियोंमें अपनी हिस्सेदारी आधी कर दी है जबकि जापान जो अमेरिकी प्रतिभूतियोंका सबसे बड़ा धारक है, उसने भी दूरी बनानी शुरू कर दी है।



**यदि एआईमें निवेशका बुलबुला फूटता है तो वैश्विक स्तरपर भारी उथल-पुथल मच सकती है, क्योंकि अमेरिकी शेयर बाजारका हिस्सा दुनियाके कुल बाजार पूंजीकरणमें दो-तिहाईसे अधिक है। वहीं यदि सरकारों तथा कम्पनियों द्वारा लगातार बड़े पैमानेपर कर्ज लेनेका सिलसिला जारी रहता है तो पूंजीके लिए अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा पैदा होगी। इससे संभवतः महंगी बढ़ सकती है या देशोंके बीच पूंजीके प्रवाहपर प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए विदेशी मुद्रा भंडारको मजबूत करना, बजट घाटे और सरकारी कर्जको कम करके आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना और देशको निवेशकोंके लिए अधिक आकर्षक बनाना होगा।**

बाजारमें कारोबार योग्य अमेरिकी ट्रेजरी बाण्डमें विदेशी निवेशकोंकी कुल हिस्सेदारी २०१५ के ५० फीसदीसे घटकर अब ३० फीसदी रह गयी है। केन्द्रीय बैंक अपने डालर भण्डारमें कटौती कर रहे हैं और उन्होंने अपने भण्डारमें सोनेकी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। पिछले साल सोनेने अमेरिकी सरकारी बाण्डकी जगह लेकर केन्द्रीय बैंकोंकी सबसे बड़ी रिजर्व परिसंपत्तिका स्थान हासिल कर लिया। एक सालमें सोनेकी कीमत २५ फीसदी बढ़ चुकी है। ऐसे कर्जकी घटती मांगके बावजूद डालरमें ऋण जारी करनेमें हो रही वृद्धिके चलते, वही हुआ जो होना ही था। ब्याज दरें बढ़ गयी हैं। अमेरिकी ट्रेजरीकी दरें अब दो दशकोंके उच्चतम स्तरपर हैं और लगातार बढ़ रही हैं। फिर भी नये अमेरिकी ऋणकी नीलामीमें अंतरराष्ट्रीय खरीदारोंकी हिस्सेदारी पहलेकी तुलनामें कम हो गयी है। पांच सालकी ट्रेजरीपर ब्याज दर केवल एक महीनेमें ०.६४ फीसदी बढ़ गयी है। अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसंट पिछले कुछ हफ्तोंसे बाजारको शांत करनेके लिए कई तरहके प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनका कोई असर नहीं हुआ है। यदि ऊंची ब्याज दरोंके बावजूद अमेरिकाको दूसरे देशोंसे वह पूंजी नहीं मिलती जिसकी उसे जरूरत है तो वह केवल डालर छाप सकता है। इससे महंगी बढ़ेगी और इस तरह वास्तविक यानी महंगीके लिए समायोजित कर्जका बोझ कम हो जायगा। भारत दशकोंसे ऐसा करता आया है। वास्तवमें जैसे-जैसे पश्चिमी देशोंका कर्ज बढ़ा है पिछले पांच वर्षोंमें अमेरिकामें महंगी पिछली एक दशककी तुलनामें दोगुनेसे भी अधिक, यूरोपमें तीन गुना और जापानमें पांच गुना अधिक रही है तो इसे कर्जपर काबू पानेके लिए लड़ी जा रही महंगीकी जंग कह सकते हैं। यह संभावना भी है कि अमेरिका शायद व्यापारकी तरह पूंजीको लेकर भी दबावकी नीति अपनाये। ट्रम्प पहले ही कुछ द्विपक्षीय व्यापार समझौतोंमें निवेश प्रतिबद्धताओंको शामिल कर चुके हैं।

कुछ देश इस अनुमानके आधारपर ही रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं। नीदरलैंडने बीते कुछ महीनोंमें ७८ टन सोना न्यूयॉर्कसे लंदन पहुंचा दिया है। इसकी वजह संभावित भूराजनीतिक तनावको बताया गया। उससे पहले फ्रांसने अपना पूरा सोना अमेरिकासे निकाल लिया। जर्मनीमें भी ऐसा करनेकी मांग उठ रही है। अमेरिकी पूंजी बाजारमें भरोसा डगमगा रहा है जबकि कुछ समय पहले ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता था। इस बीच यूरोपसे विशेषज्ञोंकी मांग है कि अमेरिकामें यूरोपीय पूंजीका निवेश कम किया जाय, क्योंकि यूरोपको खुद अपने यहां निवेश करनेकी आवश्यकता है। यदि यूरोप ऐसा कुछ करता है तो जाहिर है अमेरिका इसका जवाब देगा। फाइनैंशियल टाइम्सकी सितंबरमें यह सुर्खी थी, 'द कैपिटल वार्स आर कमिंग' (पूंजीका युद्ध आसन्न है)। यह सब भारतके लिए गम्भीर चिन्ताका विषय होना चाहिए। पिछले कुछ वर्षोंसे पोर्टफोलियो पूंजी देशसे बाहर जा रही है और रुपयेकी कीमतमें १३ फीसदीकी गिरावट आयी है। यह गिरावट ऐसे समयमें हुई है जब भारतीय रिजर्व बैंकने रुपयेको संभालनेके लिए सक्रिय रूपसे हस्तक्षेप किया है और बढ़ती ऊर्जा कीमतोंका असर व्यापार संतुलनपर पड़ रहा है। यह महज संयोग नहीं है कि शेयर बाजारके प्रमुख सूचकांक अब उस स्तरपर लौट आये हैं, जहां वे ढाई साल पहले थे। इससे पहले २००८ के वित्तीय संकटके बाद ही ऐसा देखा गया था जब लम्बे समयतक बाजारने निवेशकोंको निराश किया था।

इन परिस्थितियोंके बीच रिजर्व बैंककी सबसे बड़ी पहल अनिवासी भारतीयोंके लिए एक बेहद आकर्षक प्रस्ताव लेकर आना था, आकर्षक ब्याज दरोंके साथ जमापर मुद्रा विनिमय दरसे सुरक्षा भी। संभव है कि उसने इस मामलेमें कुछ ज्यादा ही उदार रुख अपना लिया हो, क्योंकि इस योजनाके तहत अनुमानसे दोगुनी रकम आयी और यह १३० अरब डालरसे अधिक रही। अनिवासी भारतीय जाहिर तौरपर यह पहचानना जानते हैं कि कब उन्हें मुफ्तका फायदा दिया जा रहा है। इस योजनाकी रिजर्व बैंकपर लागत इस बातपर निर्भर करेगी कि मुद्रा विनिमय दरें किस दिशामें जाती हैं और पूरी योजनाके दौरान यह लागत दस अरब डालरसे २० अरब डालरके बीच हो सकती है। इस पहलके आलोचक भी रहे हैं, जिन्होंने दो तर्क दिये हैं। पहला, देशका विदेशी मुद्रा भण्डार इस समय पर्याप्त मजबूत स्थितिमें है जबकि अतीतमें अनिवासी भारतीयोंको आकर्षक जमा शर्तोंकी पेशकश करते समय ऐसा नहीं था। तब मिलेनियम बाण्ड्स और रीसर्जेंट इंडिया बाण्ड्स जैसी योजनाएं लायी गयी थीं। दूसरा, इस बार पेश की गयी शर्तें जरूरतसे ज्यादा उदार थीं। इनमें दूसरा तर्क ज्यादा ठोस लगता है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारोंमें बनी अनिश्चितता और तनावको देखते हुए अहतियातके तौरपर किसी न किसी कदमकी जरूरत थी।

फरवरीके अंत (जब अमेरिकाने ईरानपर हमला किया) से अगस्तके अंतके बीच छह महीनोंमें रिजर्व बैंकका विदेशी मुद्रा भंडार ५० अरब डालरसे थोड़ा अधिक बढ़ा जबकि इस अवधिके दौरान विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर(बी) जमाके रूपमें करीब १३० अरब डालर आये। न तो चालू खातेका घाटा और न ही शुद्ध पूंजी प्रवाह इन ८० अरब डालरके अंतरको पूरी तरह समझा सकता है। स्पष्ट है कि जब पूंजी देशसे बाहर जा रही थी तब रुपयेको संभालनेके लिए केन्द्रीय बैंकने बड़ी मात्रामें डालर खर्च किये। इसलिए एक सुरक्षा-कवचके रूपमें अतिरिक्त डालरको जुटाना नुकसानदेह नहीं हो सकता।अब दो संभावित परिदृश्य सामने हैं। यदि एआईमें निवेशका बुलबुला फूटता है तो वैश्विक स्तरपर भारी उथल-पुथल मच सकती है, क्योंकि अमेरिकी शेयर बाजारका हिस्सा दुनियाके कुल बाजार पूंजीकरणमें दो-तिहाईसे अधिक है। वहीं यदि ऐसा नहीं होता और सरकारों तथा कम्पनियों द्वारा लगातार बड़े पैमानेपर कर्ज लेनेका सिलसिला जारी रहता है तो पूंजीके लिए अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा पैदा होगी। इससे संभवत: महंगी बढ़ सकती है और देशोंके बीच पूंजीके प्रवाहपर प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए विदेशी मुद्रा भंडारको मजबूत करना, बजट घाटे और सरकारी कर्जको कम करके आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना और देशको निवेशकोंके लिए अधिक आकर्षक बनाना उचित होगा। अतिरिक्त विदेशी मुद्रा भंडारका इस्तेमाल मुद्रामें उतार-चढ़ावसे निबटने और जरूरत पड़नेपर पूंजीके बाहर जानेसे पैदा होने वाली स्थितिको संभालनेके लिए किया जा सकता है। किसीको नहीं पता कि आगे परिस्थितियां किस दिशामें जायंगी। ऐसेमें ये भंडार अर्थव्यवस्थाकी बाहरी ऋण-चुकानेकी क्षमताको लेकर भरोसा बढ़ानेमें भी मदद कर सकते हैं।

# प्रश्नोंके घेरेमें शिक्षा व्यवस्था

**आनेवाले समयमें डिजिटल साक्षरताके साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगकी समझ भी विकसित करनी होगी। शिक्षामें समानता भी बड़ी चुनौती है। आर्थिक रूपसे कमजोर शिक्षार्थियोंके लिए समान अवसर सुनिश्चित करना बाकी है।**


❐ सिकंदर बंसल

जुलाई, २९, २० को जब राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई, तब भारतीय शिक्षा व्यवस्थाके सामने केवल पाठ्यक्रम बदलनेकी चुनौती नहीं थी। चुनौती इससे कहीं बड़ी थी, ऐसी शिक्षा व्यवस्था तैयार करना जो बच्चोंको केवल परीक्षा और अंक प्राप्त करनेतक सीमित न रखे, बल्कि उन्हें समझने, सोचने, प्रश्न पूछने, तर्क करने, कौशल विकसित करने और बदलती दुनियाके अनुरूप स्वयंको तैयार करनेमें सक्षम बनाये। अब २०२६ में इस नीतिको छह वर्ष पूरे हो चुके हैं। ऐसेमें यह देखना आवश्यक है कि नीतिमें प्रस्तावित बदलावोंका कितना असर वास्तवमें भारतीय कक्षातक पहुंचा है। शिक्षा मंत्रालयकी एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस (यू-डायस प्लस) २०२५-२६ के नवीनतम आंकड़े भारतीय स्कूली शिक्षाकी व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इनके अनुसार देशमें लगभग १४.६७ लाख विद्यालय, २४.७२ करोड़ विद्यार्थी और १.०३ करोड़ शिक्षक हैं। राष्ट्रीय स्तरपर विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात लगभग २४:१ है। माध्यमिक स्तरपर सकल नामांकन अनुपात लगभग ७१.७ प्रतिशत है और माध्यमिक स्तरपर विद्यालय छोड़नेकी दर घटकर लगभग सात प्रतिशत रह गयी है। विद्यालयोंमें बिजली, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय और डिजिटल सुविधाओंका भी विस्तार हुआ है। ये आंकड़े बताते हैं कि शिक्षातक पहुंच और विद्यालयी ढांचेके क्षेत्रमें भारतने उल्लेखनीय प्रगति की है।

लेकिन शिक्षाकी वास्तविक परीक्षा विद्यालयके द्वारपर नहीं, कक्षाके भीतर होती है। किसी बच्चेका विद्यालयमें पहुंच जाना यह सुनिश्चित नहीं करता कि वह अपनी कक्षाके अनुरूप सीख भी रहा है। यही कारण है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीतिके बाद शिक्षाकी बहसमें नामांकनके साथ-साथ सीखनेकी गुणवत्ताको केन्द्रीय स्थान मिला है। प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञानको राष्ट्रीय शिक्षा नीतिने पूरी शिक्षा व्यवस्थाकी नींव माना है। इसी सोचके तहत 'निपुण भारत' अभियान शुरू किया गया। ग्रामीण भारतकी शिक्षाकी वार्षिक स्थिति रिपोर्ट २०२४ के अनुसार सरकारी विद्यालयोंकी कक्षा तीनके बच्चोंमें कक्षा दोके स्तरका पाठ पढ़ पाने वाले बच्चोंका अनुपात २०२२ के १६.३ प्रतिशतसे बढ़कर २०२४ में २३.४ प्रतिशत हुआ। इसी अवधिमें बुनियादी घटाव कर पाने वाले बच्चोंका अनुपात २०.२ प्रतिशतसे बढ़कर २७.६ प्रतिशत हुआ। सुधार उत्साहजनक है, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि अभी बड़ी संख्यामें बच्चे अपेक्षित सीखनेके स्तरतक नहीं पहुंच पाये हैं। अब प्रश्न केवल यह नहीं होना चाहिए कि बच्चा विद्यालयमें है या नहीं, प्रश्न यह होना चाहिए कि वह विद्यालयमें सीख क्या रहा है। नयी शिक्षा नीतिने रटनेकी संस्कृतिसे हटकर समझ और दक्षता आधारित शिक्षाकी ओर बढ़नेका लक्ष्य रखा है। इसी दिशामें राष्ट्रीय मूल्यांकन केन्द्र 'परख' की स्थापना की गयी और विद्यार्थियोंकी वास्तविक क्षमताओंका आकलन करनेके लिए राष्ट्रीय सर्वेक्षण किये गये। उद्देश्य यह समझना है कि बच्चा केवल जानकारी याद कर रहा है या उस जानकारीको नयी परिस्थितिमें लागू भी कर सकता है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आता है, क्या हमने केवल प्रश्नपत्र बदलने शुरू किये हैं या पढ़ानेका तरीका भी बदला है। यदि परीक्षामें तर्क, विश्लेषण और समस्या-समाधानपर जोर हो, लेकिन कक्षामें अब भी पाठ याद कराने और परीक्षामें संभावित प्रश्नोंकी तैयारीपर अधिक ध्यान दिया जाय तो परिवर्तन अधूरा रहेगा। वास्तविक बदलाव तब होगा जब कक्षामें प्रश्न पूछना, चर्चा करनाए प्रयोग करना और अपनी बात रखना सीखनेकी प्रक्रियाका स्वाभाविक हिस्सा बनेगा। विद्यालयोंमें शिक्षकोंकी संख्या बढ़ना सकारात्मक है, लेकिन केवल संख्या पर्याप्त नहीं है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सही विषयका शिक्षक सही विद्यालयमें उपलब्ध हो, उसे निरन्तर प्रशिक्षण मिले और उसके पास वास्तविक शिक्षणके लिए पर्याप्त समय हो। शिक्षकको अत्यधिक प्रशासनिक और गैर-शैक्षणिक दायित्वोंसे मुक्त करना भी शिक्षाकी गुणवत्ता सुधारनेका महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीतिका एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य शिक्षाको कौशल और रोजगारसे जोड़ना है। पिछले वर्षोंमें विद्यालयोंमें व्यावसायिक शिक्षाका विस्तार हुआ है, लेकिन अब भी यह अधिकांश विद्यालयोंमें शिक्षाकी मुख्यधाराका हिस्सा नहीं बन पायी है। हमें यह सोच बदलनी होगी कि व्यावसायिक शिक्षा केवल उन विद्यार्थियोंके लिए है जो पारम्परिक अकादमिक शिक्षामें पीछे रह जाते हैं। वास्तवमें कौशल शिक्षा हर विद्यार्थीकी शिक्षाका महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकती है। हिमाचल जैसे राज्यमें बागबानी, पर्यटन, आतिथ्य, पर्वतीय कृषि, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय हस्तशिल्प, डिजिटल सेवाओं और उद्यमिताको विद्यालयी शिक्षासे जोड़ा जा सकता है। इससे शिक्षा स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगारके अवसरोंसे अधिक मजबूतीसे जुड़ सकेगी। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य अपनी अर्थव्यवस्था और सामाजिक आवश्यकताओंके अनुरूप कौशल शिक्षाका मॉडल विकसित कर सकता है। अब शिक्षाके सामने कृत्रिम बुद्धिमत्ताकी नयी चुनौती भी खड़ी है। विद्यार्थी कुछ ही क्षणोंमें किसी प्रश्नका उत्तर प्राप्त कर सकता है। इसलिए भविष्यकी शिक्षामें केवल जानकारी देना पर्याप्त नहीं होगा। विद्यालयको बच्चोंमें सही प्रश्न पूछने, सूचनाकी सत्यता परखने, स्रोतोंको समझने और स्वतंत्र निष्कर्ष निकालनेकी क्षमता विकसित करनी होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षकका विकल्प बननेके बजाय शिक्षककी क्षमता बढ़ानेका साधन बन सकती है। लेकिन इसके साथ गलत सूचना, नकल और तकनीकपर अत्यधिक निर्भरताका खतरा भी है।

इसलिए आने वाले समयमें डिजिटल साक्षरताके साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगकी समझ भी विकसित करनी होगी। शिक्षामें समानता भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। आर्थिक रूपसे कमजोर परिवारों, दूरदराजके क्षेत्रों, पहली पीढ़ीके शिक्षार्थियों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चोंके लिए समान अवसर सुनिश्चित करना अभी बाकी है। केवल विद्यालय उपलब्ध करा देना पर्याप्त नहीं है, प्रत्येक बच्चेको उसकी आवश्यकताके अनुसार अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता और मार्गदर्शन भी मिलना चाहिए। अब आवश्यकता केवल नयी योजनाएं बनानेकी नहीं, बल्कि मौजूदा योजनाओंको कक्षातक प्रभावी ढंगसे पहुंचानेकी है। यही राष्ट्रीय शिक्षा नीतिकी अगली यात्राकी सबसे बड़ी कसौटी होनी चाहिए।




## गयामें पिंडदानका महत्व

❐ निमेष शास्त्री

पितृपक्ष आते ही देशभरसे बड़ी संख्यामें लोग बिहारके गया पहुंचते हैं। यहां फल्गु नदीके तटपर पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किये जाते हैं। मान्यता है कि गयामें विधि-विधानसे पिंडदान करनेसे पितरोंको शांति और मोक्षकी प्राप्ति होती है। यही वजह है कि पितृपक्षके दौरान गया देशके सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलोंमें शामिल हो जाता है। ग्रंथोंमें गयाका संबंध भगवान विष्णुसे बताया गया है। मान्यताके अनुसार प्राचीन समयमें गयासुर नामका एक शक्तिशाली असुर था। उसकी तपस्यासे प्रसन्न होकर देवताओंने उसे ऐसा वरदान दिया कि उसके दर्शन मात्रसे लोगोंको पुण्यकी प्राप्ति होने लगी। गयासुरके प्रभावसे देवताओंको चिन्ता हुई। इसके बाद भगवान विष्णुने गयासुरसे एक ऐसा स्थान देनेको कहा, जहां यज्ञ और धार्मिक कर्म किये जा सकें। मान्यता है कि गयासुरने अपना शरीर इसके लिए समर्पित कर दिया। कहा जाता है कि भगवान विष्णुने गयासुरके शरीरपर अपना चरण रखा और उसी स्थानपर उनके चरणचिह्नकी पूजा होने लगी। आज गयाका विष्णुपद मंदिर इसी धार्मिक मान्यताका प्रमुख केन्द्र माना जाता है। गयामें स्थित विष्णुपद मंदिरमें भगवान विष्णुके चरणचिह्नकी पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताके अनुसार, यहां पिंडदान करनेसे पितरोंको विशेष फल प्राप्त होता है। पितृपक्षके दौरान देशके अलग-अलग हिस्सोंसे लोग अपने पूर्वजोंके लिए श्राद्ध और तर्पण करने यहां पहुंचते हैं। कई परिवारोंमें यह परम्परा पीढ़ियोंसे चली आ रही है। गयामें पिंडदानकी परम्परामें फल्गु नदीका विशेष स्थान है। नदीके तटपर पिंडदान और तर्पण किया जाता है। फल्गु नदीसे जुड़ी एक प्रसिद्ध धार्मिक कथा माता सीतासे संबंधित है। मान्यता है कि भगवान राम और लक्ष्मणकी अनुपस्थितिमें माता सीताने फल्गु नदीके किनारे राजा दशरथका पिंडदान किया था। इसी कथाके कारण फल्गु नदीको पितृकर्मके लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। गयामें अक्षयवटका भी विशेष धार्मिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओंमें इसे ऐसा वृक्ष माना गया है जिसका संबंध पितरोंके श्राद्धसे है। मान्यता है कि गयामें पिंडदान और तर्पणके बाद अक्षयवटके दर्शन करनेसे श्राद्ध कर्मकी पूर्णता होती है। यही वजह है कि गया आने वाले श्रद्धालु विष्णुपद मंदिर और फल्गु नदीके साथ अक्षयवटको भी अपनी धार्मिक यात्रामें शामिल करते हैं।

# शिक्षाके बाजारीकरणपर रोक आवश्यक

❐ डा. अम्बुज

भारतीय संस्कृतिमें शिक्षक और शिक्षाको सर्वोपरि माना गया है। गुरुका वह स्थान है, जो परमात्माका भी नहीं है। बिना गुरुके ज्ञान-विज्ञानका न तो बोध हो सकता है, न ही ज्ञानकी प्राप्ति ही। शिक्षा द्वारा ही आदमीके चरित्रका निर्माण होता है। आजके दौरमें भौतिक शक्तिका महत्व बढ़ता दिखायी पड़ रहा है। विकास और दिखावाका दौर चल रहा है लेकिन विचार शक्तिके महत्व अथवा मूलको पूरी तरह नहीं समझ पाये हैं। विचार न केवल भौतिक, रासायनिक, प्राकृतिक और जैविक शक्तियोंको जानकर और उन्हें अपने नियंत्रणमें करके न्हें अच्छा तथा आवश्यकताके अनुसार कार्यमें जुटानेमें समर्थ होते हैं, बल्कि समाजमें बड़ी-बड़ी आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक क्रान्तियोंको भी जन्म देनेमें समर्थ हैं। बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाकर क्रियान्वित करने वाली शक्ति भी विचार ही है। वास्तवमें शिक्षा आदमीके समस्त कर्मोंकी प्रेरक शक्ति है।

शिक्षाकी आवश्यकता और महत्वको समझनेकी आवश्यकताको शासन महसूस ही नहीं कर पा रहा है। अधिकांश बच्चे जो स्कूलोंमें शिक्षा पा रहे हैं वहां कहीं छत ही नहीं है तो और कहीं पढ़ाने वाले अध्यापक ही नहीं है। यूनेस्कोके एक रिपोर्टके अनुसार हमारे भारतमें हजारों स्कूल ऐसे हैं जहां एक अध्यापक पांच-पांच कक्षाओंको अकेले पढ़ाता है। देशको शर्मसार करने वाली रिपोर्टके बाद भी देशके शिक्षाका बजट बढ़ नहीं पा रहा है। परन्तु अन्य विकासके बजटमें लगातार विकास हो रहा है। एक नये तरहके बाजारवादके विकासमें सम्पूर्ण तंत्र लगा पड़ा है और शिक्षाका भी बाजारीकरण तेजीसे किया जा रहा है। भू-मण्डलीकरणका दौर चल रहा है। लेकिन शिक्षाके बाजारीकरणसे शिक्षाके द्वारा भी वर्ग भेद बनता दिख रहा है। शिक्षाके बाजारीकरणसे गरीब शिक्षासे दूर हो रहा है। यह साफ देखा जा रहा है कि ज्ञान भी बिकता है, खरीदने वाला ही ज्ञान पा सकता है। ज्ञान एवं शिक्षाके महत्वको महाभारत कालके अनुसार समझना होगा। उस दौरमें ज्ञानको महाशक्ति माना जाता रहा। जिस भागवत गीताके ज्ञानपर देश एवं धर्मावलम्बी अपने सर्वोच्चताका दंभ भरता है। उन्हें ज्ञानके महत्वको भी समझना होगा, क्योंकि श्रीकृष्णने कर्मयोग, ज्ञानयोग एवं भक्ति योगकी शिक्षा अर्जुनको रणक्षेत्रमें युद्धके बीचोबीच दी है, जबकि युद्धमें तो हर्थियारकी आवश्यकता होती है तब तो हथियारकी शिक्षा होनी चाहिए थी। परन्तु श्रीकृष्णने ज्ञानके महत्वको बतानेके लिए कि ज्ञान सर्वोपरि है, ज्ञानसे ही दुनियाके समस्त युद्ध जीते जा सकते हैं।

शिक्षाका सवाल देशके बुनियाद एवं भविष्यसे जुड़ा है। शिक्षा देश एवं समाजको दूरगामी विकास देता है। यह मूल्योंपर आधारित होती है। नैतिक हो मानवीयतासे परिपूर्ण हो। शिक्षा जागरूकता पैदा करती है तोदूसरी तरफ कमजोरको मजबूत बनाती है। समताका पाठ करती है। लेकिन वर्तमानमें शिक्षा नीतिका आधार अर्थनीति बन गयी है। शिक्षानीतिमें शब्द आडम्बर तो बहुत है लेकिन एक शिक्षा सबकी शिक्षा सस्ती शिक्षा यह नहीं दिखता एक तरहसे विकसित भारतमें बंटी हुई शिक्षा, शिक्षा बड़ा अजीब लगता है। एक सही रास्ता चुनना होगा नहीं तो नि:शुल्क शिक्षा अनिवार्य शिक्षा, मूलभूत अधिकार सब बेमानीसे ही है और बच्चा तो इसे एकदम नहीं जानता। यह बात सच है कि समान शिक्षा-समान स्कूलमें टकराव है लेकिन दृढ़ इच्छाशक्तिके द्वारा निर्णय लेना होगा, क्योंकि वर्तमानमें कोई भी इस स्थितिमें अभीतक यह नहीं कह सका कि एक देश एक शिक्षा एक स्कूल। समान शिक्षा-समान स्कूलमें अमीर और गरीबका टकराव है और शिक्षा नीतिकी सुई घूमने लगती है कि जो जैसा पढ़ ले, शिक्षा ग्रहण कर ले। तब देहरादून वाले ऊंची वाले स्कूल पांच सितारा स्कूल भी जायज और मिड डे मील वाले स्कूल भी जायज। लेकिन सोचना होगा कि जा किधर रहे हैं, कुछ प्रभावशाली और धनाढ्य लोगोंके बच्चोंसे देश नहीं चला सकते। देश सबकी भागीदारीसे चलता है। सबको सबल और शिक्षित करना ही देशका मुख्य कार्य है।

समान शिक्षा-समान स्कूलमें, जब कलेक्टर बापकी गोदमें बैठा बच्चा चिकोटी काटेगा, कलेक्टर बापको तड़ी मारेगा, गोली देगा तो वे मजबूर हो जायंगे कि देशके बच्चोंकी पढ़ाई ठीक करो वरन् मेरी औलाद बिगड़ जायगी। ऐसे तो स्कूल अलग स्तर अलग देश तो सबसे चलता है। आदिवासी समुदायसे भी देश चलता है। इसे बिरसा मुण्डाने देशको वर्षों पहले बता दिया था। आदिवासी समुदाय भी देशकी खातिर है तो देशको उसके द्वारा सुरक्षित, उसकी परम्परा एवं जंगलकी जरूरत है। शासनको देखना होगा पेपरलीक एक विकराल समस्या है देशमें कई परीक्षाओंमें यह हो चुका है। यह कैसे हो रहा है और क्यों? क्या शिक्षा अपने नैतिक मापदण्डसे भटकावपर जा रही है तो क्यों? क्या शिक्षाके निजीकरणपर शिक्षा निजी हाथोंकी कठपुतली तो नहीं बन रही है। निजी विश्वविद्यालयतक बनने लगे हैं बिना मान्यताके भी बहुतसे व्यवसायिक कोर्स कैसे चल रहे हैं। इन सबको शासनको देखना होगा। अभी देशके नौजवान कुछ अपने सवालको लेकर जुटे थे। सवाल सीधा-साफ था कि देशमें जिम्मेदार लोग जिम्मेदारी ले, लेकिन सवाल क्या उठा उसे विरोध मान लिया गया, जो गलत था।

बच्चे सवाल उठायेंगे तभी सीखेंगे और सवाल जो बड़ा होता है उसीसे पूछा जाता है लेकिन जिस तरह देशके नौनिहालोंके सामने देशके ही सुरक्षाबलने अपने कला और गुरका प्रदर्शन किया कि रोंगटे खड़े हो गये। यानी दिगाम सोचनेपर मजबूर हो गया कि यह हमारे देशकी रक्षाके लिए है या हमें मारने-पीटने और गलत तरीकेसे कानून धारामें फंसानेके लिए है। सब करनेके बाद जिम्मेदारी ली गयी। शासनको यह ध्यान देना होगा कि किसी भी देशकी ताकत उसके बच्चे होते हैं ताकतको कमजोर कर फिर उससे मजबूतीकी आशा रखना बेमानी है। ऐसी ही कोई बात रही होगी। विचारकोंने कहा कि बच्चा आदमीका बाप होता है। शिक्षा मानवके जीवनसे अज्ञानताके अन्धकारको दूर कर उन्हें सत्यकी राह दिखाती है। पुरातन शिक्षालय तक्षशिला नालन्दा देशका परचम दुनियामें लहराया। वर्तमानमें शिक्षाके स्तरको ध्यान देना अति आवश्यक है, क्योंकि विश्व रैंकिंगमें देशके विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान किस पायदानपर है, यह भी देखना होगा और सोचना होगा कि किस तरह शिक्षाका स्तर उठाया जाय जिससे जिसके लिए देश-दुनियामें जाना जाता रहा है। एक मुराद है कि ऐसे कुछ लोग आगे आयें और हमारे हिस्सेकी शिक्षा हमें हासिल करनेमें हमारा साथ दें और इस घिसे-पिटे रवायती शिक्षाके बाजारीकरणको खत्म कर नया संस्कार शिक्षाको प्रदान करें।

## नई खबर...

### आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च की अपनी नई ब्रांड पहचान

मुंबई-आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (जिसे पहले आईसीआईसीआई प्रूडेंशियललाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने आज अपनी नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन-%हर कल आसान%की घोषणा की।आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के मार्केटिंग, डिजिटल और बैंकेश्योरेंस प्रमुख, श्री श्रीनिवास बालासुब्रमण्यन ने नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन के बारे में कहा, आईसीआईसीआईनाम देश के लाखों लोगों के जीवन में भरोसे, मज़बूती और वित्तीय पहुँच के प्रतीक के तौर पर विशेष स्थान रखता है। पिछले 25 साल में, हमें 20 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों के सपनों और भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करने का सौभाग्य मिला है। इस सफर के दौरान, हमने भारत की शानदार तरक्की और लोगों की उम्मीदों में आए बड़े बदलाव देखे हैं।उन्होंने कहा,आज की तेज़-रफ्तार दुनिया में जटिलता और अनिश्चितता बढ़ गई है। करियर के बदलते मार्ग, बदलते पारिवारिक ढाँचे, लंबी जीवन अवधि और बदलती वित्तीय प्राथमिकताओं के मद्देनज़र दीर्घकालिक योजना पहले से कहीं ज़्यादा चुनौतीपूर्ण हो गई है। इन अनिश्चितताओं से निपटने में जीवन बीमा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन जहाँ तक वित्तीय भविष्य का सवाल है उसे सुरक्षित करने का अनुभव पारंपरिक रूप से अक्सर जटिल माना जाता रहा है।

### एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा और पल्स सीरीज़ के लिए बिग बिलियन डेज़ की विशेष घोषणा

नई दिल्ली -एआई+ स्मार्टफोन ने आज फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज़ 2026 में नोवा और पल्स सीरीज़ के लिए उत्सवकालीन कीमतों की घोषणा की। ८,999* से शुरू होने वाली यह सिरीज़ स्वच्छ डिज़ाइन, दीर्घकालिक बैटरी और दैनिक उपयोग के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदान करती है, जो कि भारत में निर्मित और एनएक्सटीक्वांटम ओएस द्वारा संचालित है। नोवा और पल्स को इस प्रकार तैयार किया गया है कि वे लोगों की वास्तविक उपयोग संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करें- पूरे दिन चलने वाली बैटरी, स्पष्ट कैमरे, सुचारु डिस्प्ले और ऐसी कीमतें जो सबकी पहुँच के भीतर रहें। पल्स 2 से लेकर नोवा 2 अल्ट्रा तक, तथा कुछ नया चाहने वालों के लिए नोवाफ्लिप, प्रत्येक मॉडल उन्नयन का एक ठोस कारण है, कोई समझौता नहीं। बैंक ऑफर सहित। ऑफर स्टॉक समाप्त होने तक मान्य हैं।बिग बिलियन डेज़ 2026के दौरानफ्लिपकार्टपर सीमित अवधि के लिए उपलब्ध।

### फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया का राष्ट्रव्यापी कैम्पेन 'चेंज द सोच कैंपेन - लखनऊ टू अयोध्या ड्राइव' जौनपुर पहुँचा

जौनपुर- फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) का चेंज द सोच - लखनऊ टू अयोध्या ड्राइव, उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला राज्यव्यापी अभियान, अब जौनपुर शहर पहुँचा है। इस पहल का उद्देश्य वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, खासतौर पर महिलाओं के बीच। भारत में फ्रैंकलिन



टेम्पलटन के 30 वर्षों की उपस्थिति को स्मरण करते हुए यह 30-दिन की यात्रा लखनऊ से शुरू हुई और अयोध्या में समाप्त होगी। इस दौरान 2,600+ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 21 प्रमुख शहरों और कस्बों को शामिल किया जाएगा। इंटरैक्टिव वित्तीय शिक्षा सत्रों, विशेषज्ञ विचारों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से यह ड्राइव म्यूचुअल फंड निवेश को सरल बनाने और हजारों भारतीयों को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए आत्मविश्वास प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। सिद्धार्थ भट्टाचार्य, हेड - बिज़नेस डेवलपमेंट, इंटरनल सेल्स और डायरेक्ट चैनल, फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया, उत्तर प्रदेश के 21 शहरों और कस्बों में यह यात्रा सिद्धार्थ भट्टाचार्य, हेड - बिज़नेस डेवलपमेंट, इंटरनल सेल्स और डायरेक्ट चैनल, फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया द्वारा नेतृत्व की जाएगी। वे स्थानीय समुदायों से सीधे जुड़कर वित्तीय साक्षरता और समावेशन को आगे बढ़ाएँगे।

### आरबीआई मौजूदा दौर में पॉलिसी रेपो दर में 50-75 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी कर सकता है -बंधन लाइफ

बढ़ती मैक्रोइकोनॉमिक चुनौतियों और जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताओं के बीच, बंधन लाइफ इंश्योरेंस के अनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक मौजूदा दौर में पॉलिसी रेपो दर में 50-75 बेसिस पॉइंटकी बढ़ोतरी कर सकता है। ऽआरबीआई द्वारा यूएस फेडरल रिज़र्व की ब्याज दरों की दिशा का अनुसरण किए जाने की संभावना कम है। कोई भी पॉलिसी कार्रवाई घरेलू इन्फ्लेशन, आर्थिक विकास, लिक्विडिटी और वित्तीय स्थिरता पर आधारित होगी। यदि दरों में बदलाव आवश्यक हुआ, तो यह केवल फेड की दरों में बढ़ोतरी के बजाय घरेलू कारकों से अधिक प्रेरित होगा अविनाश अग्रवाल, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड ऑफ इक्विटी, बंधन लाइफ ने कहा। भारतीय इक्विटी के लिए, वैश्विक स्तर पर बढ़ी हुई अनिश्चितता और अपेक्षाकृत ऊंचे वैल्यूएशन के कारण बाजार मेंस्टॉक-विशिष्ट रुझानबढ़ने की संभावना है। इसलिए, जिन कंपनियों की आय की स्पष्टता अधिक मजबूत है और जिनमें टिकाऊ विकास की क्षमता है, वेइन्वेस्टर का अधिक ध्यान आकर्षित कर सकती हैं।आईटी सेक्टरको चुनौतीपूर्ण आय परिवेश का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि एआई को तेजी से अपनाए जाने से कॉर्पोरेट टेक्नोलॉजी खर्च का स्वरूप बदल रहा है। एआई के लिए अधिक आवंटन से पारंपरिक ढ्ढ्ढ सेवाओं पर होने वाला खर्च कम हो सकता है, जिससे निकट अवधि में आय अनुमानों में बढ़ोतरी को उचित ठहराना कठिन हो सकता है। एफवाई 27 की दूसरी छमाही तक आईटी आय अनुमानों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर दृश्यता सीमित बनी हुई है।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत, देवरिया विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रकाशन की तिथि 02 अक्टूबर 2026 और निविदा खुलने की तिथि15 अक्टूबर 2026 समय02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

राधेश्याम यादव
सचिव
मो.नं.-8604300819

पवन कुमार
ग्राम पंचायत प्रशासक

## उत्तर मध्य रेलवे

### ई-निविदा सूचना

दिनांक : 01.10.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ.&एफ.), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

| | |
|---|---|
| GEM बिड संख्या : GEM/2026/B/8104751 Dated : 01.10.2026 | |
| कार्य का नाम : कानपुर से कोटा वर्कशॉप तक हॉट-एक्सलयुक्त व्हील सेट का बेयरिंग निरीक्षण एवं मरम्मत हेतु परिवहन कार्य, तीन वर्ष की अवधि के लिए। | |
| कार्य का अनुमानित लागत (रू. में) 60,38,756.06 | निविदा सिस्टम : डबल पैकेट सिस्टम |
| EMD (रू.) : 1,20,800 | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य |
| कार्य की अवधि : 03 वर्ष | GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 01.10.2026 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 23.10.2026 & 16:00:00 | |

नोटः- 1. उपर्युक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GEM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.gem.gov.in पर निविदा खुलने की नियत तिथि तक बनी रहेगी। 2. उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। 3. संलग्न किए जा रहे दस्तावेज पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। 4. सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। 5. किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। 6. ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। 2256/26(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लान्च किया सैमसंग इनोवेशन कैंपस 2026

### राज्य में 5,000 युवाओं को एआई प्रशिक्षण मिलेगा



उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राज्य में सैमसंग इनोवेशन कैंपस 2026 का शुभारंभ किया, जिसके तहत 5,000 युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में लॉन्च किया गया, जिसमें एसपी चुन, कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट, सैमसंगसाउथ वेस्ट एशिया; प्रो. आशू रानी, वाइस चांसलर, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय; वरिष्ठ शिक्षाविद; और लगभग 900 छात्र उपस्थित थे। इस लॉन्च से पहले, 29 सितंबर को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, श्रीमती रजनी तिवारी, वरिष्ठ शिक्षाविदों और 400 छात्रों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। प्रतिभागियों को एआई और जेनरेटिव एआई में संरचित प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें हस्त-प्रशिक्षण परियोजनाएं, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सॉफ्ट-स्किल्स विकास शामिल होंगे। उन्हें एआई कैपस्टोन प्रोजेक्ट ट्यूटोरियल के साथ भी प्रशिक्षण मिलेगा, जहां वे डिज़ाइन थिंकिंग की बारीकियां सीखेंगे। यह कार्यक्रम रोज़गारयोग्यता को मज़बूत करने और युवाओं को उभरते प्रौद्योगिकी करियर के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रतिभा हर जगह है, लेकिन अवसर सभी तक पहुंचनी चाहिए। सैमसंग इनोवेशन कैंपस तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक अनुभव और मार्गदर्शन को मिलाकर युवाओं को एआई क्षमताएं बनाने और प्रौद्योगिकी-आधारित करियर के लिए तैयार करने में मदद करता है। जैसे-जैसे सैमसंग भारत में 30 वर्ष पूरे कर रहा है, देश के युवाओं को सशक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता का केंद्र बना हुआ है, एसपी चुन कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट, सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया ने कहा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थव्यवस्थाओं, उद्योगों और समाजों के भविष्य को आकार देगा। उत्तर प्रदेश के हर हिस्से के युवाओं के पास इस परिवर्तन में भाग लेने के लिए कौशल और आत्मविश्वास होना चाहिए। श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश ने कहा। उत्तर प्रदेश एक उच्च-शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है जो शिक्षा को उद्योग की उभरती जरूरतों से जोड़ता है।


## उत्तर मध्य रेलवे

### सार्वजनिक अधिसूचना

रेलवे लाइनों और परिसरों का इस्तेमाल करने वाले सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 132 के.वी., 50 हर्टज ए.सी. ट्रांसमिशन लाइन (दोहरा सर्किट) तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से ट्रांसमिशन लाइन को हर समय 'लाइव' (बिजली से चालू) माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस ट्रांसमिशन लाइन के पास नहीं जाएगा और न ही उसके आस-पास कोई काम करेगा।

मंडल : प्रयागराज — दिनांक : 30.10.2026 को अथवा उसके पश्चात्

**खण्ड का नाम**

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के जिवनाथपुर-कानपुर सेक्शन में, पिरल्लीपुर गाँव (तहसील-चुनार, जिला-मिर्जापुर) से गुजरने वाली 132kV, 3-फेज, डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन (टावर नंबर 1 से 2D-2 के बीच)।

द्वारा निर्गत
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/परियोजना
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

2264/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## कार्यालय नगर पंचायत रतसर कलां, जनपद-बलिया

पत्रांक :-03/NIT/2026-27 दिनांक- 04/10/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना / ई-टेण्डरिंग

नगर पंचायत रतसर कलॉ, बलिया में कराये जाने वाले कार्यों हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/फर्मों/निर्माताओं जिनका आयकर / जी०एस०टी० में पंजीकृत हो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार ऑन- लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑनलाईन उपलब्धता | ऑन-लाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | वित्तीय ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय नगर पंचायत रतसर कलॉ जनपद -बलिया के पत्रांक सं0-03/NIT/2026-27 दिनांक-04/10/2026 निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in पर अपलोड कुल 26 अदद लाट की निविदा। | दिनांक 07/10/2026 से | दिनांक 26/10/2026 को को अपरान्ह 05.00 बजे तक | दिनांक 27/10/2026 को अपरान्ह 03.00 बजे |

नोट- निविदा आमंत्रण कर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज - 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा, सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर लॉगिन करे तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रतसर कलॉ
बलिया

अध्यक्ष
नगर पंचायत रतसर कलॉ
बलिया

## जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी भेलूपुर, वाराणसी-221010

पत्रांक-266/।।/जोन-2/ज.क.वि.न.नि.वा./ दिनांक-05.10.2026

### ई-निविदा सूचना

जलकल विभाग भेलूपुर जोन-2 के छित्तुपुर वार्ड संख्या-57 के अन्तर्गत गणपति एकेडमी से प्राचीन शिव मन्दिर होते हुए मुरारी चौक तक 350 मीटर 110 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पेयजल पाइप लाइन बदलने का कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र, शर्ते अधिकृत वेबसाइट ई-टेण्डर पोर्टल www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा को निर्धारित तिथि से पोर्टल पर आनलाईन डाउनलोड/अपलोड कर सकते है।

निविदा प्रकाशन वेबसाइट पर तिथि/समय - दिनांक 07.10.2026 अपरान्ह 02.00 बजे।
निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय - दिनांक 07.10.2026 अपरान्ह 02.30 बजे।
निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय - दिनांक 07.10.2026 अपरान्ह 03.00 बजे।
निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय - दिनांक 13.10.2026 सांय 03.30 बजे।
बिड खोलने की तिथि/समय - दिनांक 13.10.2026 सांय 04.00 बजे।

अधिशासी अभियन्ता (जोन-2)
जलकल विभाग, नगर निगम
वाराणसी

## जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी भेलूपुर, वाराणसी-221010

-Website-www.jalkalvaranasi.org
ईमेल-gmjkvvns@gmail.com

संख्या-544/अधि.अभि. (जोन-4)/ज.क.न.नि.वा. दिनांक-05.10.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी में कोतवाली जोन में आदिविशेश्वर वार्ड संख्या-69 के अन्तर्गत स्थित नावेद काम्पलेक्स भवन के नीचे से जा रही सीवर लाइन की गहराई, व्यास, स्थिति व समयावधि इत्यादि का तृतीय पक्ष (Third Party) तकनीकी निरीक्षण एवं परीक्षण कराने का कार्य ऐसी अनुभवी एजेंसी/फर्म जिसके पास पर्याप्त तकनीकी संशोधन हो, से मैनहोल एवं भवन की मैपींग सर्वेक्षण तथा लोकेटेड सोनडे ट्रैसिंग के साथ रोबोटिक सी.सी. टी.वी. निरीक्षण को इस समन्वयित पैकेज के रूप में कराया जाना है। जिसके लिए दिनांक 14.10.2026 को अपराह्न 3.30 बजे तक मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन समबन्धित जोन के अधिशासी अभियन्ता व उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायंकाल 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र कैशियर मुख्यालय, जलकल विभाग, भेलूपुर, वाराणसी से दिनांक 07.10.2026 से 14.10.2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (कर सहित) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोतवाली जोन में आदिविशेश्वर वार्ड संख्या-69 के अन्तर्गत स्थित नावेद काम्पलेक्स भवन के नीचे से जा रही सीवर लाइन की गहराई, व्यास, स्थिति व समयावधि इत्यादि का थर्ड पार्टी तकनीकी निरीक्षण एवं परीक्षण कराने का कार्य | 7000.00 | 500.00 | 07 दिन |

नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित हैं।

अधिशासी अभियन्ता (जोन-4)
जलकल विभाग,
नगर निगम, वाराणसी।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी रसड़ा, जनपद-बलिया।

पत्रांक सं0 943 II /र0का0- दिनांक 24 सितम्बर, 2026

### -मत्स्य पालन आवंटन शिविर/तालाब पट्टा आवंटन/नीलामी शिविर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.10.2026, व 23.10.2026 एवं 24.10.2026 को तहसील रसड़ा के अन्तर्गत आने वाले नीचे दिये गये विवरण के अनुसार मत्स्य पालन हेतु तालाब/पोखरे की मत्स्य पालन/सिंघाड़ा उत्पादन हेतु आवंटन शिविर का आयोजन किया जायेगा। आवंटन उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006(यथासंशोधित 2015) व उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 में निहित प्रविधान के अनुसार पात्र व्यक्तियों के मध्य नीलामी की कार्यवाही की जायेगी, लाभार्थी को सम्पूर्ण नीलामी धनराशि का 25 प्रतिशत तत्काल जमा करना होगा तथा शेष धनराशि 15 दिनों के अन्दर जमा कराना अनिवार्य होगा। पट्टा शिविर मे ग्राम सभा के अध्यक्ष (प्रधान) एवं सचिव (लेखपाल) की उपस्थिति अनिवार्य होगी :-

| क्रम सं0 | विकास खण्ड का नाम | ग्राम सभा का नाम | तालाब/पोखरे/मीनाशय एवं जल प्रणालियों का विवरण | | नीलामी तिथि एवं समय | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गाटा सं0 | क्षे0हे0 में | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 1 | रसड़ा | हथुई | 146 | 0.3200हे0 | 22.10.2026 (शुक्रवार) व 23.10.2026 (शुक्रवार ) एवं 24.10.2026 (शनिवार) | तहसील समागार रसड़ा |
| 2 | चिलकहर | चिलकहर | 179 | 0.5990हे0 | | |
| 3 | चिलकहर | चिलकहर | 407 | 0.3480हे0 | | |
| 4 | चिलकहर | चिलकहर | 764 | 0.3120हे0 | | |
| 5 | चिलकहर | चिलकहर | 807 | 0.0304हे0 | | |
| 6 | चिलकहर | चिलकहर | 852 | 0.4130हे0 | | |
| 7 | चिलकहर | चिलकहर | 854क | 0.4130हे0 | | |
| 8 | चिलकहर | चिलकहर | 977 | 0.8410हे0 | | |
| 9 | चिलकहर | मरगुपुर | 153स | 0.2230हे0 | | |
| 10 | चिलकहर | आ0मरगुपुर उर्फ पंडितपुरा | 67 | 0.632हे0 | | |
| 11 | चिलकहर | मुबारकपुर मु0 मटिही | 196 | 0.3440हे0 | | |
| 12 | रसड़ा | सुलुई | 369 | 0.3740हे0 | | |
| 13 | रसड़ा | सुलुई | 85 | 0.3120हे0 | | |
| 14 | रसड़ा | अमहर पट्टी दक्षिण | 178 | 0.4170हे0 | | |
| 15 | नगरा | अतरौली करमौता | 904ख | 0.2590हे0 | | |
| 16 | नगरा | सोनापाली | 265 | 0.3000हे0 | | |
| 17 | नगरा | सोनापाली | 466 | 0.7210हे0 | | |
| 18 | नगरा | सोनापाली | 543 | 0.4660हे0 | | |
| 19 | नगरा | पाण्डेयपुर कलां | 41 | 0.3600हे0 | | |
| 20 | रसड़ा | पटना | 370क | 0.2230हे0 | | |
| 21 | रसड़ा | अतरसुवा कलां | 321ड़ | 0.2530हे0 | | |
| 22 | रसड़ा | अतरसुवां खुर्द | 172क | 0.2870हे0 | | |
| 23 | नगरा | गोठवां | 125क | 0.3240हे0 | | |
| 24 | नगरा | गोठवां | 170 | 0.2020हे0 | | |
| 25 | नगरा | गोठवां | 1137ख | 0.5430हे0 | | |
| 26 | रसड़ा | डेहरी | 1387 | 0.6810हे0 | | |
| 27 | रसड़ा | डेहरी | 397 | 0.9670हे0 | | |
| 28 | रसड़ा | कोप | 473क | 0.3520हे0 | | |
| 29 | रसड़ा | कोप | 60 | 0.3000हे0 | | |
| 30 | नगरा | सराय चावट | 391क | 0.4700हे0 | | |
| 31 | रसड़ा | उरदैना | 268 | 0.4130हे0 | | |
| 32 | रसड़ा | कट्या | 54 | 0.3240हे0 | | |
| 33 | रसड़ा | कट्या | 162 | 0.5260हे0 | | |
| 34 | रसड़ा | कट्या | 171क | 0.5270हे0 | | |
| 35 | रसड़ा | कट्या | 288 | 0.5260हे0 | | |
| 36 | नगरा | तियरा हैदरपुर | 446 | 0.5670हे0 | | |
| 37 | नगरा | डिहवां | 602 | 0.2140हे0 | | |
| 38 | नगरा | डिहवां | 680 | 0.3160हे0 | | |
| 39 | नगरा | डिहवां | 749 | 0.5020हे0 | | |
| 40 | नगरा | डिहवां | 561 | 0.2710हे0 | | |
| 41 | नगरा | देवढ़ियां | 426 | 0.4050हे0 | | |
| 42 | नगरा | देवढ़ियां | 688 | 0.3240हे0 | | |
| 43 | नगरा | देवढ़ियां | 277 | 1.0440हे0 | | |
| 44 | नगरा | देवढ़ियां | 851 | 0.7210हे0 | | |
| 45 | नगरा | भण्डारी | 28 | 0.3760हे0 | | |
| 46 | नगरा | भण्डारी | 213 | 0.3080हे0 | | |
| 47 | रसड़ा | अमहर पट्टी उत्तर | 259 | 0.9220हे0 | | |
| 48 | रसड़ा | अमहर पट्टी उत्तर | 262 | 2.4970हे0 | | |
| 49 | रसड़ा | अमहर पट्टी उत्तर | 777 | 0.2430हे0 | | |
| 50 | रसड़ा | फिरोजपुर | 207 | 0.4660हे0 | | |
| 51 | रसड़ा | रोहना | 383स | 0.4540हे0 | | |
| 52 | चिलकहर | महमुदपुर | 29/8 | 0.2550हे0 | | |
| 53 | चिलकहर | रामपुर असली | 62 | 0.3390हे0 | | |
| 54 | चिलकहर | रामपुर असली | 81क | 0.3200हे0 | | |
| 55 | चिलकहर | बुढ़ऊ | 367 | 0.3800हे0 | | |
| 56 | चिलकहर | हजौली | 233 | 0.6730हे0 | | |
| 57 | चिलकहर | हजौली | 765 | 0.5430हे0 | | |
| 58 | चिलकहर | फतेहपुर | 203 | 0.8330हे0 | | |
| 59 | चिलकहर | फतेहपुर | 294 | 0.4130हे0 | | |
| 60 | चिलकहर | भदौरा | 99मि0 | 0.2510हे0 | | |
| 61 | रसड़ा | सिसवार कला | 2078 | 0.7770हे0 | | |
| 62 | नगरा | सोनाड़ी | 42ड़ | 0.8860हे0 | | |
| 63 | नगरा | खैरा निस्फी | 422 | 0.2830हे0 | | |
| 64 | नगरा | ताड़ीबड़ागांव | 866 | 0.3120हे0 | | |
| 65 | नगरा | ताड़ीबड़ागांव | 2137 | 0.2630हे0 | | |
| 66 | रसड़ा | बनियाबांध बाहर | 160 | 0.8020हे0 | | |
| 67 | रसड़ा | पुरा मनियार तिवारी | 33 | 0.3320हे0 | | |
| 68 | रसड़ा | अखनपुरा | 174 | 0.6840हे0 | | |
| 69 | रसड़ा | पान्डेयपुर(लख0) | 1मि0 | 0.4540हे0 | | |
| 70 | नगरा | ढेकवारी | 20 | 0.4820हे0 | | |
| 71 | नगरा | देवरिया | 292/2 | 0.3720हे0 | | |
| 72 | नगरा | खनवर नवादा | 651 | 0.6480हे0 | | |
| 73 | नगरा | खनवर नवादा | 103 | 0.8410हे0 | | |
| 74 | चिलकहर | सवन | 283 | 0.7930हे0 | | |
| 75 | चिलकहर | सवन | 515ख | 0.8540हे0 | | |
| 76 | चिलकहर | सलेमपुर | 10 | 0.3200हे0 | | |
| 77 | चिलकहर | असनवार | 652 | 0.6520हे0 | | |
| 78 | चिलकहर | असनवार | 210 | 0.7330हे0 | | |
| 79 | चिलकहर | सलेमपुर | 153 | 0.3200हे1 | | |
| 80 | चिलकहर | सलेमपुर | 173 | 0.4780हे0 | | |
| 81 | रसड़ा | सरयां | 134 | 0.6070हे0 | | |
| 82 | रसड़ा | जाम | 1228क | 0.9790हे0 | | |
| 83 | रसड़ा | जाम | 733 | 0.4210हे0 | | |
| 84 | रसड़ा | महमुदपुर | 29स | 0.2550हे0 | | |
| 85 | रसड़ा | मोतिरा | 276 | 0.3720हे0 | | |
| 86 | रसड़ा | मन्दा बाहर | 88ख | 0.7620हे0 | | |
| 87 | रसड़ा | मन्दा बाहर | 217 | 0.8740हे0 | | |
| 88 | रसड़ा | खड़सरा | 27 | 1.0840हे0 | | |
| 89 | रसड़ा | खड़सरा | 116 | 0.4050हे0 | | |
| 90 | रसड़ा | खड़सरा | 168 | 0.4700हे0 | | |
| 91 | रसड़ा | खड़सरा | 173 | 0.4860हे0 | | |

शर्ते-बोलीदाता के लिए बाध्यकारी शर्ते-

1. नीलामी बोली की जमानत धनराशि रूपया 10000 होगी।
2. 2.000हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले रकबे आवेदन केवल पंजीकृत मछुआं समुदाय समिति कर संकती है।
3. सर्वाधिक बोली की धनराशि का 1/4 धनराशि यानि 25 प्रतिशत नीलामी तिथि को तत्काल जमा करना होगा एवं शेष धनराशि 3/4 यानि 75 प्रतिशत नीलामी के तिथि के 15 दिन के अन्दर जमा करना होगा
4. नीलामी बोली 500.00 रूपये के गुणांक में बोली जायेगी।
5. सर्वाधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति द्वारा नीलामी बोली की धनराशि का 1/4 यानि 25 प्रतिशत तत्काल जमा न करने पर उसके द्वारा जमा धनराशि राज्य संरकार के पक्ष मे जब्त कर ली जायेगी।
6. बोली सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में निवास करने वाला मछुआं समुदाय का व्यक्ति तत्पश्चात ग्राम पंचायत में निवास करने वाला गरीबी रेखा से नीचे का अनुसुचित जाति/अनुसूचित जन जाति अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा सामान्य जाति के व्यक्ति के मध्य श्रेणीवार राजस्व संहिता व राजस्व संहिता नियमावली के प्राविधानो के अनुसार होगी।
7. आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र नीलामी के तिथि के 06 माह मे अन्दर का लगाना अनिवार्य होगा निलामी से पूर्व समस्त अभिलेख जमा करना होगा प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर किसी भी दशा मे बोली में भाग नही ले सकेगा।
8. मत्स्य पालन हेतु पात्र व्यक्ति नियत तिथि पर शिविर मे उपस्थित होकर आवेदन पत्र दे सकते है प्राप्त आवेदन पत्रों पर शासनादेश एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
9. आवंटन स्वीकृति/अस्वीकृति का अधिकार उपजिलाधिकारी रसड़ा के पास सुरक्षित रहेगा।
10. नीलामी की तिथि व समय (आवेदन पत्र प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक लिया जायेगा तथा नीलामी की कार्यवाही 2 बजे से प्रारम्भ होगी। नीलाम अधिकारी नायब तहसीलदार रसड़ा होगें।

उ.प्र.:-257588
दिनांक-05.10.2026

उपजिलाधिकारी
रसड़ा, जनपद-बलिया

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# जनपद स्तरीय जेम कार्यशाला का आयोजन

**चंदौली।** जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में चंदौली कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय जेम कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सरकारी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, त्वरित और सुगम बनाने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जेम पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभागों में शत-प्रतिशत खरीद जेम पोर्टल के जरिए ही की जाए, ताकि वित्तीय पारदर्शिता बनी रहे और सरकारी धनराशि का सदुपयोग हो सके। इस प्रशिक्षण सत्र में जिले के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ उनके विभागों के लेखाकारों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों द्वारा प्रोजेक्टर पर जेम पोर्टल पर लॉगिन करने, टेंडर प्रक्रिया, बिड जनरेट करने, भुगतान तथा नए नियमों व दिशानिर्देशों के बारे में विस्तार से व्यावहारिक जानकारी दी गई। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने निर्देश दिया कि सरकारी खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी विभाग जेम पोर्टल की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करें। कार्यशाला में जेम प्रकोष्ठ से आई जेम कंसलटेंट प्रियंवदा अग्रवाल ने कहा कि जेम पोर्टल से खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और समय की बचत करने वाली है। पोर्टल में हाल ही में कई नई सुविधाएं और तकनीकी सुधार किए गए हैं, जिनसे टेंडरिंग और भुगतान की प्रक्रिया और आसान हो गई है। सभी विभाग सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निसंकोच पोर्टल के माध्यम से सेवाएं और सामग्रियां क्रय करें।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी । छाया: आज

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को सात साल का कारावास

**चंदौली।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवीव्द्ध वैज्ञानिक विवेचना और साक्ष्यों के मजबूत संकलन के चलते गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर दोषी को सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस के अनुसार थाना बबुरी में वर्ष 2018 में मुकदमा अपराध के तहत धारा उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट में चंदन पाण्डेय पुत्र साहब पांडेय निवासी लेहरा खास, थाना इलिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए और न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी की।

# टहलने गये वृद्ध की नहर में डूबने से मौत

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के मरकनिया गांव में सोमवार की भोर में टहलने और शौच के लिए निकले 70 वर्षीय श्यामू राम की नहर में डूबने से मौत हो गई । नहर किनारे उनका लाठी और बोतल मिला । नहर में बहाव इतनी तेज थी कि शव बहते हुए दस किलोमीटर दूर मिला । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बलुआ पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया । मरकनिया गांव के रहने वाले श्यामू राम मेहनत मजदूरी करके परिजनों का जीविकोपार्जन करते थे । अवस्था ज्यादा होने के कारण काम छोड़कर घर पर ही रहते थे । प्रतिदिन की भांति भोर में टहलने,व्यायाम करने और शौच करने के लिए अपनी लाठी और बोतल लेकर जाते थे । सोमवार की भोर में भी नित्य क्रिया करने निकले थे । काफी देर होने पर परिजन खोजने निकले तो घर से 50 मीटर दूर उनका लाठी और बोतल मिला । शंका होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया । नहर लबालब भरा और स्पीड में था । पुलिस और ग्रामीणों ने भूपौली नहर को बंद कराया । पुलिस शव को खोजते खोजते दस किलोमीटर दूर इटवा गांव तक पहुंचे, जो बहाव कम होने के बाद वृद्ध का शव मिला । मौके पर मौजूद एस आई अनंत भार्गव ने शव को नहर से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । शव मिलते ही मृतक के परिजनों पुत्र हरिनाम, पुत्री आशा, पतोह भगनी देवी, नाती राजेश, राकेश, गोपाल का रोकर बुरा हाल रहा ।

# डीडीयू मंडल में संरक्षा को प्राथमिकता

**मुगलसराय।** पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के अति व्यस्त रेल मंडलों में शामिल है। मंडल के महत्वपूर्ण रेल मार्गों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय-मानपुर ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन, सोन नगर-गढ़वा रोड तथा सासाराम-आरा रेलखंड शामिल हैं। इन महत्वपूर्ण मार्गों पर यात्री एवं मालगाड़ियों का लगातार आवागमन होता है और मंडल का ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ भी इंटरफेस है। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से जुड़े महत्वपूर्ण रेल मार्गों के संगम क्षेत्र के रूप में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल देश के प्रमुख रेल मार्गों और माल परिवहन नेटवर्क को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे व्यस्त और विविध रेल नेटवर्क वाले मंडल में संरक्षा को लगातार प्राथमिकता देते हुए नियमित जांच, सतत निगरानी, निर्धारित नियमों का पालन, कर्मचारियों की सजगता और संभावित आवश्यकताओं की समय रहते पहचान एवं सुधार पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन में संरक्षा विभाग द्वारा मंडल के अन्य विभिन्न विभागों के साथ समन्वय के साथ इन व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा की जा रही है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही, अर्थात अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान, मंडल में कोई परिणामी रेल दुर्घटना, मुख्य लाइन अथवा यार्ड में ट्रेन के पटरी से उतरने, सिग्नल को पार करने अथवा समपार फाटक पर दुर्घटना का मामला दर्ज नहीं हुआ। इसी अवधि में संरक्षा को प्रभावित करने वाली उपकरण विफलताओं की स्थिति भी शून्य रही। यह अवधि संरक्षा से जुड़े विभिन्न स्तरों पर नियमित निगरानी, जांच और निर्धारित प्रक्रियाओं के लगातार पालन को दर्शाती है।



### सदर ब्लाक में लगा जनकल्याणकारी योजनाओं का मेला

**चंदौली।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सदर ब्लॉक परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख सदर संजय सिंह की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और लाभार्थी पहुंचे। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संजय सिंह ने ब्लॉक परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने अन्नप्रासन व गोंद भराई की रस्म पूरी कराई। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनता को सरकारी योजनाओं, उनके लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। ब्लॉक प्रमुख सदर संजय सिंह ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीणों और जरूरतमंदों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। लाभार्थियों के चेहरे पर दिखी खुशी, बांटे गए ट्राई साइकिल।

# छह माह से नेटवर्क के लिए तरस रहे मूसाखांड के गांव

**चकिया।** मूसाखांड क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों और युवाओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पिछले करीब छह माह से जिओ और एयरटेल की नेटवर्क सेवा प्रभावित होने के कारण क्षेत्र के कई गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को आक्रोशित युवाओं ने मलहर स्थित मोबाइल टावर के पास पहुंचकर विरोध जताया और नेटवर्क सेवा जल्द बहाल कराने की मांग की। युवाओं ने बताया कि मूसाखांड, भलुईदाई, मुबारकपुर और मगही समेत आसपास के गांवों में मोबाइल नेटवर्क बेहद कमजोर है। इंटरनेट सेवा बाधित होने से छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावित हो रही है। महंगे रिचार्ज कराने के बाद भी पर्याप्त इंटरनेट स्पीड नहीं मिल पा रही है। ऑनलाइन कक्षाओं और पढ़ाई से संबंधित सामग्री के लिए छात्रों को काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। छात्रों ने बताया कि नेटवर्क की सुविधा नहीं मिलने के कारण उन्हें पढ़ाई के लिए करीब 15 किलोमीटर दूर चकिया की लाइब्रेरी तक जाना पड़ता है। इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। युवाओं के मुताबिक ऑनलाइन भुगतान,सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य और जरूरी फोन कॉल करने में भी नेटवर्क समस्या बाधा बन रही है। युवाओं ने मोबाइल कंपनियों और संबंधित अधिकारियों से मलहर टावर की नेटवर्क व्यवस्था की तकनीकी जांच कराकर जल्द समस्या दूर कराने की मांग की। चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर सुजीत कुमार यादव, विपिन यादव, अजय, गोलू, नागेंद्र, होशिला, चुनमुन सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### श्रीकृष्ण सुदामा की दोस्ती कलियुग के लोगों के लिए प्रेरणा-अभिषेक

**चहनियां।** विसूपुर गांव में चल रहे श्रीमद भागवत कथा सातवे व अंतिम दिन आचार्य अभिषेक शास्त्री ने नारायण श्रीहरी के श्रीकृष्णवतार में कृष्ण सुदामा की दोस्ती पर विस्तृत वर्णन कर भक्ते को निहाल कर दिया। कथा प्रेमियों की ऑखो से अश्रु के धार तो कही भगवान के उदारता का इतना उदाहरण मान कर उन्हे स्मरण करते देखे गये। श्रीकृष्ण एक राजघराने से थे और सुदामा एक अत्यंत निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्में पले बढ़े थे। दोनों लोगों की मुलाकात संदीपनी मुनि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान हुई थी। वहाँ अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं था। दोनों साथ में जंगल से लकड़ियाँ चुनते, पढ़ते और आश्रम के काम करते थे, जिससे उनके बीच एक गहरा और अटूट रिश्ता बन गया। शिक्षा पूरी होने के बाद श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बन गए, जबकि सुदामा अपने गाँव में अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे थे। वे भिक्षा मांगकर अपना और अपने परिवार का पेट भरते थे। कई बार तो स्थिति ऐसी होती थी कि उनके बच्चों को कई-कई दिनों तक भूखा रहना पड़ता था।

### महालक्ष्मी पूजा की पूर्णाहुति

**मुगलसराय।** स्थानीय जाटिया धर्मशाला में चल रहे 16 दिवसीय महालक्ष्मी एवं श्रीयंत्र पूजा का गोरखपुर से पधारे विद्वान पंडित अभिनव द्विवेदी द्वारा हवन करने तथा भंडारे के साथ ही आयोजन की पूर्णाहुति हुई और अगले वर्ष पुन: महालक्ष्मी के आगमन तक के लिए पूजा को विश्राम दिया गया। इसके पूर्व मुख्य आचार्य प० अमित पुरोहित द्वारा श्रीसूक्तम का पाठ तत्पश्चात सपत्नीक हवन किया गया जिसमें माता के समक्ष स्थापित श्रीयंत्रों के साधकों भी शामिल रहे। प० अमित ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश, समाज, सनातन धर्म की रक्षा के लिए मातारानी से प्रार्थना की गई। उन्होने आगे बताया कि पिछले कई वर्षो से निरंतर इसका आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माता महालक्ष्मी के साथ अनेक श्रीयंत्रों की स्थापना की गई है। माता के इस सोलह दिनों के व्रत कर पूजा करने वालों पर माता महालक्ष्मी की विशेष कृपा रहती है, उनके घर हमेशा अन्न धन से भरे हुए रहते हैं और वे हमेशा स्वस्थ एवं प्रसन्न रहते हैं। इस पूजा में उनके सहयोगी शास्त्री कृष्ण कांत नायक,राहुल तिवारी, शुभम पाण्डेय, राहुल मिश्रा, विवेक रस्तोगी आदि लोग शामिल रहे।

### विदुर जी से मिलने भगवान स्वयं उनके घर आये

**मुगलसराय।** स्थानीय रस्तोगी गली में चल रहे श्री मद्भागवत कथा में चित्रकूट आये कथा वाचक पंडित अमर नाथ द्वारा सप्त दिवसीय कथा के द्वितीय दिवस के अवसर व्यास जी ने कहा जो निस्वार्थ भाव भगवान की भक्ति करता है, उसे भगवान अपने लोक में जगह देते हैं जैसे मीरा ने एक मंत्र रचा मेरो तो गिरधर गोपाल दूजा न कोई,मीरा जी की मृत्यु पश्चात उनकी आत्म गिरधर गोपाल में विलीन हो गई। विदुर जी की कथा का रसपान कराया विदुर जी परम भक्त थे, जब पूरा संसार भगवान् का आशक्त रहता है वहीं विदुर जी के पास भगवान् स्वयं उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उनके पास आये और दुर्योधन की मेवा मिश्री छोड़कर, साग विदुर घर खाए थे। विदुर जी ने हमेशा धृतराष्ट्र को न्याय धर्म की बात बतलाई उसे विदुर नीति कहते हैं कौरवों को विदुर जैसे महात्मा बड़े पुण्य से प्राप्त हुये है।

### नाबदान के पानी से गुजर रहे छात्र

**कमालपुर।** स्थानीय कस्बा स्थित हरिद्वार राय इंटर कालेज के छात्र रास्ते में बह रहे नाबादान के पानी बीच आवागमन करने को मजबूर हैं। आरसीसी मार्ग पर नाली का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर बहने से राहगीरों और छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई है। छात्र, छात्राओं के कपड़े और जूते खराब हो जा रहे हैं। रस्ते में फिसलने से विद्यार्थियों के चोटिल होने का भी खतरा बना हुआ है। यह मार्ग पसाई, पिपरी,भैसा और रेलवे स्टेशन तुलसी आश्रम सहित आसपास के गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। सड़क पर नाली का पानी बहने से पैदल चलने वालों के साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाली की नियमित साफ सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी सड़क पर बह रहा है। काफी समय से बनी इस समस्या के कारण लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों संजय सिंह, श्यामबली सिंह, राजेश सिंह, मुनई दुबे और गोबरी दुबे ने खंड विकास अधिकारी धानापुर राकेश मिश्र से नाली की तत्काल सफाई कराने और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

### संदिग्ध परिस्थिति में गार्ड की मौत

**मुगलसराय।** कोतवाली क्षेत्र के न्यू महाल स्थित निर्माणाधीन अपार्टमेंट में 30 वर्षीय गार्ड शेखर चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। सोमवार को शव घर पहुंचते ही आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आलूमिल के पास शव सड़क पर रखकर चकिया-मुगलसराय मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर मुगलसराय एसडीएम और अलीनगर प्रभारी निरीक्षक गगनराज सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर जाम समाप्त कराया। बताया गया कि शेखर पिछले करीब डेढ़ वर्ष से निर्माणाधीन अपार्टमेंट में गार्ड की नौकरी कर रहा था। रविवार देर शाम वह अपार्टमेंट परिसर में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। घायल को पहले निजी अस्पताल और फिर ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### नाई समाज के ऊपर अश्लील गाने पर दिया पत्रक

**चहनियां।** बिहार के एक गायक द्वारा नाई समाज पर अश्लील वीडियो जारी होने पर चंदौली सैलून एसोशिएशन ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों सदस्यों ने यू ट्यूब से अश्लील गाने हटाने और कार्यवाही करने को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी के नाम उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंपा । बिहार के गायक गणेश लाजबाब यादव द्वारा नाई समाज पर कुठाराघात करते यू ट्यूब पर एक अश्लील गाना बाप चलाये सैलून,बेटी दिखाये बैलून के गाने पर चंदौली एसोशिएशन ट्रस्ट के लोगो में काफी नाराजगी दिखी । सोमवार को जिलाधिकारी के नाम उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंपते हुए कहा कि नाई समाज के बहन, बेटियों और महिलाओ पर जो अश्लील वीडियो जारी हुआ है उस पर तत्काल कार्यवाही किया जाय । यह हमारे समाज के लिए एक शर्मनाक वीडियो जारी हुआ है । यह आवाज यही नहीं पूरे प्रदेश में एक आन्दोलन के रूप में चल रही है । यदि जल्द ही कोई कार्यवाही नहीं हुई तो सैलून एसोशिएशन के लोग बड़ा आंदोलन करेंगे ।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

**धानापुर।** कस्बा और अमर वीर इंटर कालेज मे कई जगहों पर साइबर अपराध से बचाव को लेकर धानापुर साइबर थाने की ओर से सोमवार को विद्यालय में साइबर अपराध रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। साइबर क्राइम टीम के दिवान सूर्य प्रवीण सिंह और महिला सिपाही रंजना द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। पुलिस टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाले साइबर अपराध से सावधान रहने की अपील की। साइबर अपराध मुख्य रूप से भय और लालच के कारण बढ़ता है कभी भी सोशल मीडिया मे प्रलोभन देने पर ओटीपी नहीं देना है और ऑनलाइन फ्रॉड से बचना है। सूर्य प्रवीण सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम को रोकने के लिए पुलिस तत्पर है अगर आपके आसपास को भी व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो तत्काल अपने नजदीकी थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराना जरूरी है। अपराध के प्रकार और उसकी गंभीरता के आधार पर 3 साल से लेकर उम्रकैद तक हो सकती है। आईटी एक्ट 2000 और नए भारतीय न्याय संहिता के तहत विभिन्न अपराधों के लिए अलग-अलग जेल का प्रावधान है। साइबर अपराध को रोकने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है इसके लिए मोबाइल इस्तेमाल करते समय किसी भी प्रलोभन में आकर ओटीपी या पासवर्ड या कोई भी अपनी गोपनीय बातें किसी अनजान व्यक्ति को नहीं बताना है । अन्यथा आप साइबर फ्रॉड के शिकार हो सकते हैं इससे बचने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है।

### सेवा ही संकल्प अभियान के शिविर का समापन

**सकलडीहा।** विकासखंड परिसर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 साल के सेवाकाल के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा ही संकल्प अभियान' के तहत बहुद्देशीय सेवा शिविर का समापन हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। समापन अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वहीं पांच वृद्धा पेंशन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण होने पर दो लाभार्थियों को आवास की चाबी भी सौंपी गई। शिविर में एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। हालांकि एक सप्ताह तक चले शिविर में आपूर्ति विभाग का स्टॉल नहीं लगने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और लोग विभागीय अधिकारियों को तलाशते रहे। इस मौके पर सहायक ग्राम विकास अधिकारी अनिल सिंह, पवन दुबे, गुलाम मौर्य, शशिकांत भारती, अरविंद गौतम, प्रिया मौर्य समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया डाल्फिन दिवस

**चन्दौली।** विश्व डाल्फिन संरक्षण दिवस कंपोजिट स्कूल नाथूपुर एवं कंपोजिट स्कूल चांदीतारा, कंपोजिट स्कूल बखरा में जिला गंगा समिति चंदौली काशी वन्यजीव प्रभाग रामनगर, वाराणसी, जिला परियोजना अधिकारी दर्शन निषाद द्वारा डाल्फिन संरक्षण दिवस मनाया गया। विशेष रूप से सरकारी स्कूलों में डाल्फिन के आवास, भोजन, पानी तथा इनकी संख्या में आए दिन हो रहे सुधार और जानकारी के अभाव में कुछ मछुआरो द्वारा अवैध शिकार के बारे में जानकारी दिया गया कि इसका संरक्षण क्यों जरूरी है। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि डाल्फिन जल में पाए जाने वाले दुनिया का सबसे प्राचीन जलीय जीव एवं बुद्धिमान जीव है। यह हमारे देश का राष्ट्रीय जलीय जीव हैं, यह जंहा मिलती हैं वंहा का पानी बिल्कुल ताजा साफ, पीने योग्य होता है । यह मछली नहीं बल्कि स्तनपायी जीव है, यह बच्चे पैदा करती हैं, और माँ अपने बच्चे को दूध पिलाती है, और तो और यह जल के परिस्थिति की तंत्र को मजबूत और बैलेंस बनाए रखने में सहायक है, इसे वॉटर टाइगर भी कहा जाता है। डाल्फिन सुद्ध जल का सूचक हैं, इसको किसी भी तरह का चोट या हानि पहुंचाना पकड़े जाने परभारतीय वन्यजीव अधिनियम 1972 परिशिष्ट 1 के तहत 5 हजार रुपये जुर्माना और 3 साल का समान्य जेल भी हो सकता है । हमलोग इसको प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के 5 तारिक को डाल्फिन दिवस मनाते हैं, बनारस में गौरी शंकर महादेव मंदिर के पास ढाका गाँव गंगा किनारे डाल्फिन पॉइन्ट बनाया गया है।

# आयुष चिकित्सकों ने सांसद को दिया ज्ञापन

**कमालपुर।** विकास खण्ड बरहनी स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत वेतन विसंगति सहित विभिन्न मांगों को लेकर आयुष डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। चिकित्सकों ने आयुष विभाग में कार्यरत चिकित्सकों की वेतन संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताया कि आयुष चिकित्सक लंबे समय से वेतन विसंगति की समस्या से जूझ रहे हैं। समान जिम्मेदारी और कार्य करने के बावजूद वेतन में अंतर होने से चिकित्सकों में असंतोष है। एसोसिएशन की ओर से मांगों को शासन स्तर पर पहुंचाकर जल्द समाधान कराने का आग्रह किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि सांसद डॉ. विनोद बिंद ने उनकी समस्याओं को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि चिकित्सकों की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और शासन स्तर पर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। सांसद के आश्वासन पर चिकित्सकों ने आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. श्री प्रकाश त्यागी, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. अवनीश सिंह, डॉ.भवेश त्रिपाठी, डॉ.सत्यनारायण सिंह और डॉ.आसिफ जमाल सहित अन्य आयुष चिकित्सक मौजूद रहे। चिकित्सकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए वेतन विसंगति को दूर करेगी।

# संतुलित उर्वरक प्रयोग से खेती की लागत घटेगी, बढ़ेगा उत्पादन

**चकिया।** नगर के वार्ड नंबर 9 में स्थित कृभको सेवा केंद्र पर रमेश शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैव उर्वरकों के उपयोग और मृदा परीक्षण के आधार पर खेती करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक किसानों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि एडीओ कृषि डॉ. निशिकांत ओझा ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञ कपिलदेव ने कहा कि किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचते हुए मृदा परीक्षण के आधार पर नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश और सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलित प्रयोग करना चाहिए। इससे खेती की लागत कम करने के साथ उत्पादन में भी वृद्धि की जा सकती है। कृभको के क्षेत्र प्रतिनिधि ने तरल जैव उर्वरक एनपीके-1, एजोटोबैक्टर, राइजोबियम और पीएसबी के उपयोग की जानकारी दी। बताया कि जैव उर्वरक मिट्टी में पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने के साथ मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक हैं। आगामी रबी सीजन में गेहूं की फसल के लिए 33 प्रतिशत जिंक सल्फेट के महत्व की भी जानकारी दी गई। रमेश शुक्ला के द्वारा कृभको की ओर से किसानों को नि:शुल्क तरल जैव उर्वरक वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृभको वाराणसी एवं चंदौली के वरिष्ठ क्षेत्र अधिकारी आदर्श कुमार सिंह ने किया। पूर्व अध्यक्ष क्रय-विक्रय सहकारी समिति चकिया मंगला राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




### मांगों को लेकर आशा बहुएं देंगीं धरना

**चंदौली।** जिले के नियामताबाद दुलहीपुर में आशा बहनें अपनी मांगों को लेकर 5 से 15 अक्टूबर तक लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगी। नियामताबाद की आशा बहनों ने इसके लिए प्रशासन से अनुमति मांगी है। आशा बहनों ने अधिकारियों को बताया कि प्रदेशभर की आशा कार्यकर्ताओं की कई मांगें लंबे समय से पूरी नहीं हुई हैं। इन्हीं मांगों को सरकार और संबंधित अधिकारियों तक शांतिपूर्ण तरीके से पहुंचाने के लिए यह प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में आशा बहनों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहेगा और कोई अव्यवस्था नहीं होगी। आशा बहनों ने प्रशासन से धरना प्रदर्शन की अनुमति के साथ ही जरूरी सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था मांगी है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान देगी और समस्याओं को हल करेगी।

# सीएचसी में संविदा स्वास्थ्यकर्मियों का प्रदर्शन

**सकलडीहा।** सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में सोमवार को संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर शासन-प्रशासन के प्रति विरोध जताया। उनका कहना है कि संगठन की ओर से कई बार मांगों को लेकर पत्र दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सकलडीहा सीएचसी में चिकित्सकों समेत करीब 76 संविदा स्वास्थ्यकर्मी तैनात हैं। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर, बीपीएम सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन, नियमितीकरण, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा तथा वेतन विसंगति दूर करने सहित करीब एक दर्जन मांगें उठाईं। प्रदर्शन में डॉक्टर डीके सिंह, डॉ.प्रीति श्रीवास्तव,डॉ. शिवाश्रय सिंह, डॉ.उपेंद्र कुमार सिंह, शाहिद आलम अंसारी, संतोष कुमार राय, धीरज पांडेय, धीरज सिंह और चंद्र कुमार गुप्ता समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे। संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने सरकार से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान की अपील की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




# सीएमओ के निर्देश पर हास्पिटल सील

**धानापुर।** स्थानीय कस्बा स्थित एक हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग का कड़ा चाबुक चला है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. परितोष मिश्रा के निर्देश पर फर्जी तरीके से संचालित हो रहे इस अस्पताल को सील कर दिया गया है। बिना वैध डिग्री के अस्पताल चला रहे संचालक को पुलिस दो दिन पूर्व ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बतया जाता है कि विगत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानापुर के अधीक्षक डॉ. रितेश कुमार की निगरानी में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील करने की कार्रवाई पूरी की। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश प्रसाद, अधीक्षक डॉ. रितेश कुमार सहित कई अधिकारी व पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि करीब दो महीने पहले इस अस्पताल में भर्ती सुमन नाम की महिला की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। मृतका के पिता चंद्रवली बिंद की शिकायत पर धानापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। सीएमओ की विस्तृत जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि गलत नस कट जाने और किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचने की वजह से महिला की जान गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बीते 3 अक्टूबर को 24 वर्षीय अस्पताल संचालक इंद्रजीत प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। संचालक की गिरफ्तारी के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल पर सीलिंग की कार्रवाई कर अवैध रूप से चल रहे फर्जी अस्पतालों के खिलाफ सख्त संदेश दिया है।

# दुर्गा पूजा महोत्सव टीम का गठन, प्रबंधक रविशंकर मिश्रा,रामचंद्र बने अध्यक्ष

**बबुरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर-कम्हरिया में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। त्रिपुर सुंदरी महाशक्तेश्वरी मंदिर, कम्हरिया परिसर में दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति के गठन के दौरान प्रबंधक की जिम्मेदारी वरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार रविशंकर मिश्रा को सौंपी गई। उनके नेतृत्व में पूरी टीम का गठन किया गया। वहीं अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रामचंद्र प्रसाद को दी गई है। उपाध्यक्ष, मुंशी और कोषाध्यक्ष के पद पर विकास सहित अन्य, महामंत्री शंकर जायसवाल मंत्री राजन गुप्ता उप मंत्री अभिषेक जायसवाल, संरक्षक जयप्रकाश, आय व्यय निरक्षक बाबूनंदन शर्मा, मंदिर पुजारी गुलाब अभय नर्सिंग राहुल, चंदन सुजीत यादव सुभाष यादव शशिकांत, रामकरन सदस्यों को टीम में मनोनीत किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर चार दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटों और फूलों से सजाया जाएगा। आयोजन के दौरान मां दुर्गा के भव्य श्रृंगार, प्रतिदिन आरती, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा रहेगा। समिति ने बताया कि मां के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रसाद वितरण और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए अलग से दर्शन की व्यवस्था रहेगी।



# एप्लीकेशन बनाते समय सुरक्षा को दें प्राथमिकता-अनुप गिरिधर

## सुरक्षित एप्लीकेशन विकास पर छह दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ, पीयू में ९० से अधिक छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने किया प्रतिभाग



सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलपति प्रो. आर. के. सिंह के मार्गदर्शन में सुरक्षित एप्लीकेशन विकास विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में 90 से अधिक छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के प्रथम दिन डॉ. अनुप गिरिधर ने प्रतिभागियों को सुरक्षित एप्लीकेशन विकास के मूलभूत सिद्धांतों से सरल, व्यावहारिक एवं प्रभावी ढंग से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में एप्लीकेशन विकास केवल उपयोगी और आकर्षक सॉफ्टवेयर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उपयोगकर्ता, डेटा, सर्वर तथा संपूर्ण डिजिटल प्रणाली को साइबर हमलों और अनधिकृत पहुंच से सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है। डॉ. गिरिधर ने वर्चुअल मशीन के माध्यम से सुरक्षित वातावरण में एप्लीकेशन विकसित करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी एप्लीकेशन की संरचना तैयार करते समय सुरक्षा को प्रारंभिक स्तर से ही शामिल किया जाना चाहिए। यदि सुरक्षा को विकास प्रक्रिया के अंतिम चरण में जोड़ा जाता है, तो कमजोरियों और साइबर जोखिमों की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने उपयोगकर्ता की पहचान की समुचित जांच, भूमिका आधारित अधिकार निर्धारण तथा सुरक्षित प्रमाणीकरण व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एप्लीकेशन में उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए इनपुट की जांच और शुद्धिकरण आवश्यक है, ताकि एसक्यूएल इंजेक्शन, क्रॉस-साइट स्क्रिप्टिंग तथा अन्य सामान्य साइबर कमजोरियों से बचाव किया जा सके। विशेषज्ञ ने संवेदनशील डेटा की सुरक्षा के लिए कूटलेखन, सुरक्षित संचार माध्यमों के उपयोग तथा डेटाबेस में केवल आवश्यक अधिकार प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी तकनीकी त्रुटि की स्थिति में उपयोगकर्ता को संवेदनशील तकनीकी जानकारी प्रदर्शित नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि ऐसी जानकारी का दुरुपयोग साइबर अपराधी कर सकते हैं। डॉ. गिरिधर ने प्रतिभागियों को बाहरी पुस्तकालयों और सॉफ्टवेयर घटकों को नियमित रूप से अद्यतन रखने, कोड की सुरक्षा जांच करने तथा विकास, परीक्षण और परिनियोजन की संपूर्ण प्रक्रिया में सुरक्षा मानकों को शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने गतिविधियों की निगरानी, सुरक्षा घटनाओं का अभिलेखन, नियमित सुरक्षा अद्यतन और समय-समय पर परीक्षण को सुरक्षित डिजिटल वातावरण के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल एवं कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत भटेजा द्वारा डॉ. अनुप गिरिधर का स्वागत एवं अभिनंदन कर किया गया। कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने डॉ. अनुप गिरिधर के सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक, समसामयिक और प्रेरणादायक बताया। प्रतिभागियों ने कहा कि कार्यशाला से उन्हें साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं तथा सुरक्षित एप्लीकेशन निर्माण की प्रक्रिया को समझने में विशेष सहायता मिली। छह दिवसीय कार्यशाला के आगामी सत्रों में साइबर सुरक्षा, सुरक्षित कोडिंग, डेटा संरक्षण, एप्लीकेशन परीक्षण तथा डिजिटल सुरक्षा से संबंधित विभिन्न तकनीकी विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## विधवा से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, २० लाख लेने के मामले में दो पर केस दर्ज

जौनपुर। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने महाराष्ट्र प्रांत की अंधेरी ईस्ट की रहने वाली महिला के दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पिता पुत्र के खिलाफ शादी का झांसा देकर पुत्र द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने तथा पिता द्वारा गाली देना और जान से मारने की धमकी देने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। महिला ने यह आरोप लगाया है कि वह एक विधवा महिला है। उसकी मुलाकात अनुज सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र सत्य प्रकाश सिंह से हुई और बातचीत के दौरान अनुज सिंह उसे शादी का झांसा देकर कभी अपने घर तो कभी होटल में बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। विश्वास में लेकर उसका करीब 20 लाख रूपया जो महिला को बीमा आदि स्थान से प्राप्त हुआ था उसे हड़प लिया जिसे महिला ने आरटी जीएस से पेमेंट करने की बात बताया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि इस पूरी घटना में अनुज के पिता सत्य प्रकाश भी शामिल हैं। लगभग साल भर के संबंध के बाद इसी वर्ष के 13 फरवरी को अनुज के बुलाने पर मुंबई से जौनपुर आई और होटल में रूकी और लड़के के बुलाने पर उसके घर गई और शादी की बात को दोहराया जहां पिता पुत्र द्वारा धमकी दिया गया कि पैसा और शादी बात करोगी तो जान से मारकर खत्म कर दी जाओगी। न्यायलय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना चौकी प्रभारी सरायपोख्ता राहुल रंजन को सौंप दिया है।

## दुर्गा पूजा महासमिति का ४७वां पुरस्कार वितरण समारोह

जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति का 47वां पुरस्कार वितरण समारोह रविवार देर रात नगर के होटल रिवर व्यू में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह, सारस्वत अतिथि डा. आरएन त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य तथा महासमिति अध्यक्ष मनीष देव मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती की प्रतिमा के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अंतरराष्ट्रीय भजन गायक रविन्द्र सिंह 'ज्योति' सहित अन्य कलाकारों ने देवी गीत प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। निर्णायक मंडल, स्वयंसेवी एवं धार्मिक संगठनों, लंगर समितियों तथा रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह ने महासमिति की संगठनात्मक व्यवस्था की सराहना करते हुए आगामी शारदीय नवरात्र में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्ष मनीष देव ने पूजन समितियों को सड़क, बिजली,




सफाई, नाली आदि से जुड़ी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। समारोह में वर्ष 2025 की दुर्गा पूजा में उत्कृष्ट सजावट, पंडाल, मार्ग सजावट एवं विसर्जन शोभायात्रा के लिए विभिन्न समितियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पूजन व पंडाल व्यवस्था में प्रथम पुरस्कार श्री रासमण्डल दुर्गा पूजनोत्सव समिति को मिला। ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार बाल नवदुर्गा पूजा समिति धनियामऊ तथा ग्रामीण दैनिक मार्ग सजावट में जय बजरंग दुर्गा पूजा समिति नौपेड़वा को मिला। विसर्जन शोभायात्रा में प्रथम पुरस्कार गीतांजलि संस्था जागेश्वर नाथ तथा झांकी व्यवस्था में प्रथम पुरस्कार श्री दुर्गा पूजा समिति फलवाली गली ओलन्दगंज को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्रदेव विक्रम एवं गौरव श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष डा. विजय रघुवंशी ने किया। इस अवसर पर महासमिति के पदाधिकारी, विभिन्न पूजन समितियों के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव, सर्वेश यादव एवं अभिषेक अग्रहरी ने संयुक्त रूप से दी।

## गोवंश मौत मामले में आया नया मोड़

### ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रामीणों को किया आरोपित, दर्ज कराया मुकदमा

मुंगराबादशाहपुर। क्षेत्र के बड़ागांव से क्षमता से अधिक पशुओं को विकास खण्ड के कैटल कैचर वाहन में लाद कर ले जाते समय नगर के गजराज गंज मोहल्ले में वाहन का टायर पंचर हो जाने के बाद दम घुटने से तीन पशुओं की हुई मौत को लेकर हंगामे के बाद मामले ने तब नया मोड़ ले लिया जब सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी शशिकांत तिवारी द्वारा बड़ागांव के दो लोगों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात के विरुद्ध थाने में मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया। इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत अधिकारी शशिकांत तिवारी द्वारा थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर के ग्राम पंचायत बड़ागांव में आईजीआरएस पोर्टल पर बार-बार आ रही शिकायतों के निस्तारण के क्रम मे बीते दिनों ग्रामवासियों ने गो वंशों को दौड़ा-दौड़ा कर पकड़ा, जिससे अत्यधिक परिश्रम के कारण सभी पशु पूरी तरह थक चुके थे। ग्राम पंचायत अधिकारी शशिकांत ने कहा है कि ग्राम प्रधान द्वारा भेजे गए कैटल कैचर वाहन के चालक बिहारी गौतम ने पशुओं की स्थिति को देखते हुए बार-बार मना किया, लेकिन गांव के देवेन्द्र सिंह, शिवकुमार यादव और अन्य अज्ञात लोगों ने चालक की बात को नजरअंदाज कर क्षमता से अधिक थके हुए गो वंशों को वाहन में लादकर गौशाला चंदौकी भेजा जा रहा था। ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि गौशाला ले जाते समय रास्ते में वाहन का पहिया पंचर हो गया। पंचर बनने में लगे समय के दौरान अत्यधिक थकान और ठसाठस भरे होने के कारण 3 गो वंशों की मौत हो गई। ग्राम पंचायत अधिकारी शशिकांत तिवारी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपित देवेन्द्र सिंह, शिव कुमार यादव व कई अन्य निवासीगण बड़ागांव थाना के विरुद्ध पशु के प्रति क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया है। ग्राम पंचायत अधिकारी शशिकांत तिवारी के इस कृत्य को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है।

## एआरटीओ की बड़ी कारवाई में स्कूली वैन समेत तीन वाहन सीज

सुजानगंज। क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सोमवार को परिवहन विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया। एआरटीओ (प्रवर्तन) जौनपुर एस. के. सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान से नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों में हड़कंप मचा रहा। सघन जांच के दौरान टीम ने एक विद्यालय वाहन जिसमें नं प्लेट तक गायब रहा एक पिकअप ओवर लोड और एक डीसीएम (मालवाहक) जिसके पास किसी प्रकार का कोई कागजात नहीं को रोककर उनके दस्तावेजों की पड़ताल की। एआरटीओ ने बताया कि जांच के दौरान इन तीनों वाहनों के पास संचालन से जुड़े आवश्यक कागजात नहीं पाए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन और फिटनेस/कागजातों की कमी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को सीज कर दिया गया।

## चोरी के शक में युवकों को पेड़ से बांधकर की पिटाई, वीडियो वायरल

### पुलिस ने कहा तहरीर मिली तो की जाएगी सख्त कारवाई

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालापुर गांव में एक ऑटो पार्ट की दुकान में चोरी के शक के आरोप में तीन युवकों को पकड़कर पेड़ से बांधने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि सोमवार को सुबह थाना क्षेत्र के गोपालापुर गांव स्थित एक ऑटो पार्ट के दुकान में चोरी की घटना के शक को लेकर गांव के कुछ युवकों ने तीन युवकों को पकड़ लिया। इन तीन युवकों में एक नाबालिग किशोर भी था। आक्रोशित गांव के कुछ युवकों ने तीनो युवकों को चोर समझ कर रस्सी से पेड़ से जकड़ कर बांध दिया। वीडियो में इन युवकों में एक नाबालिग किशोर भी दिखाई दे रहा। जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमर



उजाला नही करता है। थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि वायरल वीडियो के सम्बंध में अभी तक थाने पर कोई लिखित तहरीर नही प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। यदि लिखित तहरीर दी जाती है तो जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ड्यूटी पर जाते समय बस में जेई की तबियत हुई खराब

### महिला कांस्टेबल ने एंबुलेंस बुलवाकर कराया एडमिट

तेजीबाजार। लघु उद्योग विभाग प्रयागराज में जेई पद पर तैनात शाहपुर थाना खुटहन निवासी दुर्गेश भारती पुत्र रामस्वरूप सोमवार को रोडवेज बस द्वारा प्रयागराज ड्यूटी पर जा रहे थे कि क्षेत्र के कलिंजरा क्रासिंग के आगे सरौली पहुंचते ही अचानक बस में उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गयी यात्रियों ने उनके आराम के लिए उन्हें बस की फर्श पर लेटा दिया, उसी बस में सफर कर रही स्थानीय थाने की महिला कांस्टेबल प्रतिमा दुबे और गुंजन यादव ने मानवता दिखाते हुए बस रुकवाकर और लोगों की मदद से दुर्गेश को बाहर निकलवाया तत्काल एम्बुलेस बुलवाकर बिना देरी किए सी एच सी नौपेडवा ले गई जहां डॉक्टरों की टीम ने जे ई दुर्गेश को एडमिट कर ईलाज शुरू किया। इस बाबत महिला कांस्टेबल प्रतिमा दुबे ने बताया कि दुर्गेश भारती जो कि खुटहन क्षेत्र के रहने वाले हैं, सोमवार को सुबह बस द्वारा प्रयागराज ड्यूटी पर जा रहे थे, 10 बजे बस सरौली पहुंची तो इनकी तबियत बहुत ज्यादा खराब होने लगी मैं और मेरे साथ थी महिला कांस्टेबल गुंजन यादव हम दोनों अपनी ड्यूटी के लिए तेजीबाजार थाने पर जा रही थी, हमने तत्काल एंबुलेंस को फोन किया और इनके घर वालों को घटना की जानकारी देते हुए इन्हें नौपेडवा हॉस्पिटल ले जाकर एडमिट कराया जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा ईलाज किया जा रहा हैं।

## शिकायतकर्ता को मिली धमकी, एसपी से लगायी गुहार

जौनपुर। ग्रामसभा के प्रस्ताव पर कराए गए विकास कार्यों की जांच के बाद ग्राम प्रधान और उनके सहयोगियों पर शिकायतकर्ता को सुलह के लिए धमकाने का आरोप लगाया गया है। मामले में शिकायतकर्ता मनीष कुमार सिंह ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर स्वयं और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। मामला केराकत कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर कलां गांव का है। शिकायतकर्ता के अनुसार ग्रामसभा के प्रस्ताव के तहत मौजा शिवरामपुर की खंड विकास स्तर पर जांच कराई गई थी। जांच 21 जुलाई 2026 को हुई, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी की ओर से धारा-27 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्रार्थना पत्र में जांच के दौरान 50 लाख 54 हजार 236 रुपये का गबन दर्शाए जाने का उल्लेख किया गया है। मनीष सिंह का आरोप है कि रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्राम प्रधान व उनके सहयोगियों की ओर से उन्हें सुलह करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सुलह नहीं करने पर अप्रिय घटना करने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने एसपी से मामले को संज्ञान में लेकर स्वयं और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## बाजार में बंदरों का आतंक, दुकानदार, राहगीर परेशान

पराऊगंज। स्थानीय बाजार में इन दिनों बंदरों के आतंक से दुकानदारों और राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। बाजार में दर्जनों की संख्या में बंदरों का झुंड घूम रहा है, जो दुकानों से सामान उठाकर ले जा रहा है। फल, सब्जी और किराने की दुकानों पर तो इनका सबसे ज्यादा आतंक है। कई बार तो बंदर दुकानों के अंदर घुसकर उत्पात मचा देते हैं। बाजार में आने-जाने वाली महिलाओं और बच्चों में बंदरों को लेकर दहशत बनी हुई है। कई लोगों को बंदरों ने काट भी लिया है। दुकानदारों का कहना है कि बंदरों को भगाने के लिए उन्हें लाठी लेकर बैठना पड़ता है, जिससे व्यापार पर असर पड़ रहा है। कितने बंदरों ने कई दुकानदारों को काटकर घायल कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से बाजार में बढ़ रहे बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

## अचानक मौसम बिगड़ा, दिन में छाया अंधेरा

### तेज हवाओं से टीन शेड उड़े, किसानों को फसल खराब होने का डर सताया

शाहगंज। क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 4:30 बजे अचानक मौसम बदल गया। दिन में ही अंधेरा छा गया और तेज हवाएं चलने लगीं। बड़गांव बाजार में लोगों में भगदड़ मच गई। तेज हवा के कारण तलपत्री और कई टीन शेड उड़कर दूर जा गिरे। थोड़ी देर बाद हवा के साथ बारिश भी शुरू हो गई। इससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन किसानों को फसल खराब होने का डर सता रहा है। तेज हवा से धान समेत कई फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसान अमित यादव ने बताया कि धान की फसल में बालियां निकल चुकी हैं, ऐसे में तेज हवा से फसल गिर सकती है। समीम हैदर ने बिजली के खंभे गिरने और बिजली बंद होने की आशंका जताई। वारिस हाशमी ने लोगों से अपील की है कि वे खुले में या पेड़ के नीचे न रुकें और अपने घरों में ही रहें।

## पीयू की महिला कबड्डी टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए रवाना

### वाइसचांसलर प्रो. आरके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर टीम को किया रवाना

### खिलाड़ियों को दी सफलता की शुभकामनाएं

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की महिला कबड्डी टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रविवार देर शाम बिलासपुर,



छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा हरी झंडी दिखाकर टीम को प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल पदक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास, खेल भावना एवं अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कुलपति ने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से विश्वविद्यालय एवं जनपद का नाम गौरवान्वित करेंगी। विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम प्रतियोगिता में अनुशासन, आत्मविश्वास, एकजुटता एवं टीम भावना के साथ मैदान में उतरेगी। टीम का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के लिए पदक हासिल करना है। टीम के रवाना होने के अवसर पर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. गिरिधर मिश्र, राधेश्याम सिंह, रजनीश सिंह एवं प्रशिक्षक विजय प्रकाश सहित विश्वविद्यालय के खेलकूद विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिवार ने टीम को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खेल सुविधाओं के लिए वाइसचांसलर ने खेल मंत्री को सौंपा प्रस्ताव

### पीयू में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और एकलव्य स्टेडियम के नवीनीकरण की मांग

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल अवसंरचना विकसित करने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा। खेल मंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

कुलपति ने राज्यमंत्री से विश्वविद्यालय परिसर में आधुनिक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की स्थापना तथा एकलव्य स्टेडियम के क्रिकेट मैदान के उच्चीकरण और नवीनीकरण के लिए वित्तीय और विभागीय स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। पत्र में उल्लेख किया गया कि विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में 3 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विश्वविद्यालय ने देश को कई नामचीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने ओलंपिक और वैश्विक प्रतियोगिताओं में देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इनमें प्रमुख रूप से हॉकी खिलाड़ी कोथाजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, हाल ही में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित राजकुमार पाल तथा अंतरराष्ट्रीय स्टीपलचेज एथलीट पारुल चौधरी शामिल हैं। विश्वविद्यालय परिसर में मानक स्तर के सिंथेटिक ट्रैक का अभाव है, जिसके कारण खिलाड़ियों को आधुनिक अभ्यास में कठिनाई होती है और अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीय एथलेटिक प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी बाधा आती है। सिंथेटिक ट्रैक बनने से पूर्वांचल की नई खेल प्रतिभाओं को तराशने में बड़ी मदद मिलेगी। इसके साथ ही परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम के क्रिकेट ग्राउंड के नवीनीकरण का भी प्रस्ताव रखा गया है। इसके तहत मैदान का समतलीकरण, जलनिकासी (ड्रेनेज), उच्च गुणवत्ता की पिच, अभ्यास के लिए नेट्स और खिलाड़ियों के लिए आवश्यक आधुनिक सुविधाओं के विकास की योजना शामिल है। इससे विश्वविद्यालय व संबद्ध कॉलेजों के बीच उच्चस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन संभव हो सकेगा। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक संदेश जो खेलते हैं, वो खिलते हैं और 'फिट इंडिया' मिशन को धरातल पर उतारने के लिए इन सुविधाओं का विकास आवश्यक है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य परिसर को आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित कर पूर्वांचल को देश के खेल मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।



# एक नज़र इधर भी

## अमृत सरोवर में नहाने गये युवक की डूबकर मौत

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के भिदूना गांव में सोमवार को अमृत सरोवर में नहाने गए 32 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी होते ही तालाब के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। करियांव-मीरगंज निवासी रामलाल सरोज (32) सोमवार को घर से अमृत सरोवर में नहाने गए थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। बाद में उनका शव तालाब से बरामद किया गया। सूचना मिलते ही स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही स्वजनों में चीख-पुकार मच गई। रामलाल चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके छोटे भाई संदीप, नीरज और गोबिंदा हैं। आसपास के लोगो ने बताया कि शादी के कुछ वर्ष बीतने के बाद पत्नी से दूरी बन गयी और वह छोड़कर चली गयी। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां समलती देवी और पिता रामधनी सरोज का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शव देखते ही दोनों बेसुध हो गए। माता-पिता की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। देखते ही देखते पूरे गांव में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जौनपुर भेज दिया।

## साहसी युवकों ने गोमती में डूब रहे अधेड़ को बचाया

बक्शा। थाना क्षेत्र के सड़ेरी गांव में गोमती नदी में डूब रहें 50 वर्षीय अधेड़ को साहसी युवकों ने दो किलोमीटर दूर पीछा कर बचा लिया। सराहनीय कार्य के लिए ग्रामीणों ने युवकों को शाबासी दी है। सोमवार सुबह गोमती नदी किनारे टहलने गए श्रवण कुमार यादव को कुछ दिन पूर्व लकवा मार दिया था जिससे वे शारीरिक रूप से अन्यन्त कमजोर हो गए है। नदी किनारे पैर धोने के दौरान गोमती फिसलने से वे नदी की तेज धारा में बहने लगे। एक किमी दूर बहने के दौरान नदी किनारे मछली पकड़ रहे गौरी शंकर निषाद निवासी भट्ठी ने बहते देखकर चिल्लाने के साथ ऊपर बस्ती में सूचना दिया। सूचना पर पहुँचा गौरी का पुत्र निलेश निषाद भतीजे आकाश और मयंक निषाद ने पहुँच नाव लेकर बहते हुए अधेड़ का पीछा कर लिया। करीब दो किलोमीटर दूर छूँछा पुल के पास पहुँच उन्हें पकड़ नाव पर लाद लिया। उधर श्रवण के घर न पहुँचने पर परिजन नदी किनारे पहुँचे तो उनकी लाठी और गमछा पानी के समीप दिखने पर किसी अनहोनी की आशंका पर डायल 112 को सूचित किया। थोड़ी देर में साहसी युवकों ने श्रवण के घर सूचना भिजवा दिया। ग्रामीणों के साहस की लोग चर्चा करतें देखे गए।

## हत्या प्रयास के आरोप में तीन नामजद समेत अज्ञात पर केस

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के चंदवक गांव में रविवार की रात एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही तीन लोगों समेत कुछ अज्ञात लोगों पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। चंदवक गांव निवासी शमीम अहमद (50) पुत्र अनवर अली का आरोप है कि 4/5 अक्तूबर की रात गांव के ही मोनू सोनकर, विकास सोनकर और आकाश गुप्ता समेत कुछ अज्ञात लोग उनके साथ विवाद करने लगे। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने शमीम अहमद के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी और बेटे को भी नहीं बख्शा गया और उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की नीयत से बुरी तरह पीटा। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मोनू सोनकर, विकास सोनकर और आकाश गुप्ता समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के साथ ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## किन्नरों पर गहने लूटने का आरोप

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में सोमवार को बधाई देने के बहाने घर में घुसे किन्नरों पर गहने और लूटने का आरोप लगा है। इस मामले का विडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी गांव निवासी पीड़ित महिला पिंकी अग्रहरि ने घर में आए किन्नरों के गिरोह पर आरोप लगाते हुए बताया कि वे लोग बधाई देने के बहाने घर आएं और मेरी सास के झुमके-बाली व पांच सौ रूपये नकद जबरन लूटकर वहां से चले गयें। वायरल विडियों में किन्नरों के गिरोह बेखौफ होकर बोलते हुए कहा कि मै पैसे और गहने लेकर जा रही हूं जिस पर परिवार के सदस्य ने कहा कि विडियों आपकी बन रही है तो उनमें से एक ने कहा कि विडियो बनाना है तो बना लो। गहने व पैसे लेने के बाद वहां से जाते समय किन्नरों ने ताली पीटते हुए अनाप शनाप बातें भी बोली है। लेकर पुलिस जांच कर रही है।

## आज से रामलीला मंचन का शुभारंभ

शाहगंज। श्री रामलीला समिति, शाहगंज के तत्वावधान में गांधी नगर कलेक्टरगंज में मंगलवार की रात 8 बजे से रामलीला मंचन का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रामलीला मंचन के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों एवं समस्त श्रीराम भक्तों से कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान श्रीराम की लीलाओं का दर्शन करने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समिति की ओर से श्रद्धालुओं के स्वागत एवं बैठने सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी रामभक्तों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति के महामंत्री अनिल कुमार अग्रहरि एवं महामंत्री महेंद्र प्रताप वर्मा ने भी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया है।

## अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज

पवांरा। कुंवरपुर में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र से आरो मशीन, टी.वी. व वेट मशीन चोरी होने पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार रीना देवी पत्नी ओमप्रकाश गुप्ता निवासी-कुंवरपुर थाना-पवांरा जिला-जौनपुर ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि गांव में ही स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रुप में कार्यरत हूं। तीन अक्टूबर की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र से आरो मशीन, टी.वी. व वेट मशीन चोरी कर लिया गया। काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

## एसएसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

जौनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से एसएसपी को अवगत कराया। एसएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को शिकायतों की जांच निष्पक्षता एवं प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्धारित समय में कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतकर्ताओं को उनकी समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उचित जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## जनगणना-२०२७ के फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू

जौनपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के सफल संचालन के लिए प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने की। प्रशिक्षण में जनसंख्या गणना के दौरान पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों, उनके उद्देश्य, सही तरीके से जानकारी दर्ज करने तथा मोबाइल ऐप के संचालन की जानकारी दी गई। फील्ड ट्रेनर्स को प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका, परिवार व आवास संबंधी विवरणों के सत्यापन और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश के सामाजिक, आर्थिक एवं विकास संबंधी नियोजन का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए जनगणना कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# वन विभाग ने रोका उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य

## अधर में लटका विद्यालय निर्माण, दिव्या मित्तल ने उठाये थे सवाल

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य लहुरियादह गांव में पूर्व डीएम दिव्या मित्तल के इस्तीफे के बाद वीडियो जारी करने के बाद शुरू हुआ उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य वन विभाग की टीम ने रविवार को रोक दिया है। वन विभाग के मुताबिक लहुरियादह गांव में जिस जगह पर विद्यालय का निर्माण करवाया जा रहा है वह वन भूमि है। ग्रामीणों ने वर्ष 2023 में मीरजापुर की पूर्व डीएम दिव्या मित्तल से गांव में उच्च प्राथमिक स्कूल खोले जाने की गुहार लगाई थी। तत्कालीन डीएम दिव्या मित्तल ने लहुरियादह गांव में विद्यालय स्वीकृत कर दिया था और कुछ दिनों बाद दिव्या मित्तल का स्थानांतरण हो गया था। मिर्जापुर की पूर्व डीएम दिव्या मित्तल ने अपने इस्तीफे के बाद वीडियो जारी कर लहुरियादह स्कूल मुद्दा उठाया था। वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने आनन-फानन में गांव में तीस सितंबर को स्कूल निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर काम शुरू करा दिया था। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल की नींव भरने के लिए मटेरियल गिराने का काम चल रहा था, लेकिन रविवार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काम को वन भूमि पर अतिक्रमण बताते हुए रुकवा दिया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी ड्रमंडगंज रविशंकर शर्मा ने बताया कि उक्त भूमि वन विभाग की है और बिना एनओसी के विद्यालय निर्माण नहीं हो सकता। जिस जगह विद्यालय का निर्माण करवाया जा रहा है वह वनविभाग की आराजी नंबर 730 व 732 है। बिना अनुमति विद्यालय का निर्माण करवाया जा रहा था, जिसे रोक दिया गया है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि गांव में वर्षों से स्कूल की मांग की जा थी, पूर्व डीएम दिव्या मित्तल के वीडियो जारी करने के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में काम शुरू कराया और अब वन विभाग ने अपनी जमीन बताते हुए कार्य रोक दिया। जिससे विद्यालय का निर्माण कार्य अधर में लटक गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से वनविभाग द्वारा रोके गए विद्यालय निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करवाए जाने की मांग की है। विद्यालय निर्माण के लिए अधिकृत किए गए प्राथमिक विद्यालय लहरियादह के प्रधानाध्यापक गंगा शंकर ओझा ने बताया कि वन विभाग द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय निर्माण कार्य रोके जाने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है, जो अपने आप में हास्यास्पद लग रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से स्कूल निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की मांग की है।



रुका काम। छाया:आज

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। हलिया पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार, नौ अगस्त को एक महिला ने नामजद आरोपी के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, गर्भपात कराने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर थाना हलिया में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारी को निर्देश दिए थे। इसी क्रम में पांच अक्टूबर को उप निरीक्षक श्यामलाल पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ छोटू पुत्र शिवमनि, निवासी ग्राम अहुगीकलां, थाना हलिया को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त के खिलाफ मामले में संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

# शारदीय नवरात्र मेले को लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

मीरजापुर। आगामी शारदीय नवरात्र मेला एवं विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ श्रद्धालुओं के विश्राम स्थल एवं विभिन्न वाहन पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन, वाहनों की पार्किंग, विश्राम स्थलों की व्यवस्था तथा यातायात संचालन से जुड़े बिंदुओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नवरात्र मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के साथ ही प्रवेश और निकासी मार्गों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि विंध्याचल धाम में नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात प्रबंधन को भी प्रभावी ढंग से संचालित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सहायता के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने मां विंध्यवासिनी देवी के सुगम एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन को प्राथमिकता देते हुए जनपदीय पुलिस को व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को पूरी तरह मुस्तैद रखने को कहा।

# विवाहिता की मौत मामले में पति पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

मड़िहान। जिस बेटी को मायके वालों ने महज चार महीने पहले हंसी-खुशी विदा किया था, उसकी अचानक मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव में 20 वर्षीय नवविवाहिता प्रमिला पत्नी विक्रम उर्फ भोला नाथ की बीते बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मायके पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रमिला का शव घर के बड़ेर में साड़ी के फंदे से लटका मिला था। घटना की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई थी। बेटी की मौत की सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग भी बदहवास हालत में पहुंचे थे। बताया गया कि प्रमिला की शादी इसी वर्ष 8 मई को विक्रम उर्फ भोला नाथ के साथ हुई थी। शादी को अभी महज चार महीने ही बीते थे कि उसकी जिंदगी का इस तरह अंत हो गया। घटना ने मायके वालों को भीतर तक तोड़कर रख दिया है। मायके पक्ष ने पति पर दहेज को लेकर प्रताड़ित करने और दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इंस्पेक्टर रविन्द्र भूषण मौर्य का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत विभाग कर रहा बड़ी दुर्घटना इंतजार

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के महुअट गांव के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे के किनारे बिजली का खंभा महीनों से टुटकर मनोज कुमार गुप्ता के घर पर लटक रहा है, लेकिन बिजली विभाग आजतक दुरूस्त नहीं करा सका। मनोज कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है की बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर तथा जेई बरौधा से शिकायत के बाद भी बिजली का खंभा सही नही किया जा सका। परिजन जिस कमरे में रहते हैं, उसी के उपर लटक रहा है। किसी वक्त टुटकर गिर सकता है, जिससे हम परिजन भयभीत हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है की बिजली विभाग बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द टुटे खंभे को दुरुस्त कराने की मांग की है।

# महिला थाना प्रभारी के खिलाफ डीजीपी से शिकायत

मीरजापुर। महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक पर बिना जांच के एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए सीमा सुरक्षा बल में सेवारत जवान के पिता श्याम नारायण शुक्ला ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, वर्ष 2023 से संबंधित मामले में वर्ष 2025 में उनकी बहू की तहरीर पर उनके और परिवार के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उनका आरोप है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले पुलिस ने मामले की उचित जांच-पड़ताल नहीं की और न ही उन्हें इसकी जानकारी दी गई। श्याम नारायण शुक्ला का दावा है कि उनकी बहू शादी के करीब आठ वर्ष बाद अपनी इच्छा से घर से चली गई और करीब 25 लाख रुपये के जेवरात अपने साथ ले गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आठ वर्षों के वैवाहिक जीवन में बहू कुल करीब 15 दिन ही ससुराल में रही। शिकायतकर्ता ने महिला थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि मुकदमे के कारण परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। उन्होंने डीजीपी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# किसानों को मिलेगा चार गुना मुआवजा

मीरजापुर। विंध्य एक्सप्रेस-वे निर्माण हेतु जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा गठित क्रय कमेटी की बैठक राजकीय इंटर कॉलेज महुवारिया के सभाकक्ष में आयोजित की गई। तहसील सदर में विंध्य एक्सप्रेस-वे से प्रभावित कुल 55 ग्रामों के काश्तकारों को दर/सर्किल दर के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें सर्किल दर का ग्रामीण क्षेत्र में चार गुना एवं शहरी क्षेत्र में दो गुना भूमि की प्रकृति के अनुसार मुआवजा दिये जाने व संरचना/भवनों का मूल्यांकन वर्तमान दर पर दिये जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विनोद कुमार सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक में मौजूद जिलाधिकारी। छाया:आज

# सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

मीरजापुर। मड़िहान तहसील क्षेत्र के ददरी खुर्द गांव में प्रस्तावित अडानी पावर के थर्मल पावर प्लांट के विस्तार को लेकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संगठन के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर पावर प्लांट के विस्तार पर रोक लगाने तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई करणी सेना का आरोप है कि राजस्व ग्राम ददरी खुर्द में करीब 1600 मेगावाट क्षमता के पावर प्लांट का कार्य कराया जा रहा है। संगठन के अनुसार प्लांट के लिए किसानों की उपजाऊ भूमि कम कीमत पर खरीदे जाने के साथ ही करीब 100 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि, जिसमें नाले, नदी और वन क्षेत्र शामिल हैं, को भी कथित रूप से कब्जे में लेकर प्लांट का विस्तार किया जा रहा है। संगठन ने स्थानीय प्रशासन पर मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। पत्रक में कहा गया कि परियोजना से प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिलने, पानी की कमी, राख से प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका है। आरोप लगाया गया कि जनसुनवाई के दौरान भी किसानों की समस्याओं को उचित तरीके से नहीं सुना गया। जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित करने, कथित रूप से कब्जाई गई सरकारी भूमि को मुक्त कराने तथा जांच पूरी होने तक पावर प्लांट के विस्तार पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी।



प्रदर्शन करते लोग। छाया:आज

## नुक्कड़-नाटक का आयोजन

कछवां। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत कछवां क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं विन्ध्य महिला महाविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। विद्यालय परिसर में कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नमो सेवा गाथा का मंचन किया गया। नाटक के जरिए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत और सेवा भाव के संदेश को रोचक तरीके से बच्चों के सामने प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ नाटक देखा और सेवा व राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और बच्चों में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है।

# दूसरे दिन कैकेई संवाद का हुआ मंचन

चुनार। श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रहे रामलीला मंचन के दूसरे दिन रविवार की रात जय विजय, नारद मोह, सुमाली कैकई संवाद, विश्रवा कैकसी संवाद एवं रावण जन्म लीला का मंचन किया गया। रात आठ बजे से शुरू होने वाले लीला मंचन को देखने के लिए स्थानीय लीला प्रेमियों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के आस्थावान लोग रामलीला मैदान पहुचें और लीला को देखे। मंचन को सकुशल संपन्न कराने में कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, महामंत्री संजय साहू, डायरेक्टर अविनाश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता, वरिष्ठ पात्र एवं सदस्य रामआसरे दास, श्याम सुन्दर शाह, बृजनंदन कुशवाहा, सौरभ पुजारी, पवन जायसवाल, करतार सिंह, राजकुमार गुप्ता, विनोद शर्मा, डॉ बगलेश पाण्डेय, महेन्द्र साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य सेवाभाव से लगे रहे।



मंचन करते कलाकार। छाया:आज

## अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट और केसीसी लोन माफी की मांग

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और किसानों के केसीसी लोन माफ करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मिर्जापुर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर एडवोकेट ने किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी मिर्जापुर पवन कुमार गंगवार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और किसानों के केसीसी ऋण समाप्त करने की मांग की गई। मनोज कुमार सोनकर एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए उनकी सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून जरूरी है।

# ग्राम पंचायत तिलठी पहुंची सोशल आडिट टीम, किया भौतिक सत्यापन

चील्ह। ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिलठी में सोशल ऑडिट टीम ने पहुंचकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में हुए विभिन्न मनरेगा कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। टीम ने गांव में हुए विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी। सोशल ऑडिट के दौरान टीम ने मुख्य रूप से किसानों के खेतों की मेड़बंदी, वृक्षारोपण कार्य, मजदूरों के जॉब कार्ड और मजदूरी भुगतान से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की। टीम के सदस्यों ने खेतों में जाकर मौके पर मेड़बंदी और लगाए गए पौधों की स्थिति देखी और अभिलेखों से मिलान किया। इस सोशल ऑडिट टीम में मुख्य ऑडिटर सांता जी के साथ सदस्य विष्णु नारायण, विजय, उर्मिला देवी और आजाद सिंह शामिल थे। टीम ने एक-एक कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने लाभार्थियों के खेतों में जाकर मेड़बंदी की गुणवत्ता और वृक्षारोपण की स्थिति का भौतिक सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान टीम ने सब कुछ ठीक-ठाक पाया। सभी कार्य मानक के अनुरूप और अभिलेखों के अनुसार सही पाए गए, जिससे टीम संतुष्ट नजर आई। मजदूरों से भी उनके भुगतान और जॉब कार्ड के बारे में जानकारी ली गई, जिसमें मजदूरों ने समय पर भुगतान मिलने की बात कही। भौतिक सत्यापन के सफल होने पर ग्राम पंचायत तिलठी के ग्राम प्रधान ओम प्रकाश दुबे ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत तिलठी के विकास को गति प्रदान करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। हम पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्य कर रहे हैं, जिसका परिणाम आज सोशल ऑडिट में सामने आया है। ग्राम प्रधान ने बताया कि इस संबंध में कल ग्राम पंचायत में एक खुली बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सोशल ऑडिट की सारी जानकारी समुदाय के सामने रखी जाएगी और ग्रामीणों के सुझाव भी लिए जाएंगे। सोशल ऑडिट के दौरान ग्राम पंचायत के कई ग्रामीण, रोजगार सेवक और पंचायत कर्मी मौजूद रहे।



आडिट करती टीम। छाया:आज

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला गिरफ्तार

मीरजापुर। लालगंज थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में पीड़िता की मां ने 19 जुलाई को थाने में नामजद तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर लालगंज थाने में बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए इसी क्रम में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। सोमवार को पांच अक्टूबर को उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार यादव पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले में नामजद अभियुक्त भीम यादव पुत्र लालबहादुर यादव उर्फ सक्रेटरी, निवासी गंगासायर, थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में आवश्यक विवेचनात्मक एवं विधिक कार्रवाई पूरी की जा रही है। इसके बाद उसे नियमानुसार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एसपी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

मीरजापुर। वर्ष 2026 के स्पोर्ट्स पुलिस कैलेंडर के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में मीरजापुर पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। जनपद मऊ में आयोजित अन्तर्जनपदीय वॉलीबाल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 में मीरजापुर पुलिस की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता शील्ड और चल वैजन्ती हासिल की। इसके अलावा गौतमबुद्धनगर (नोएडा) में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस की अन्तरजोनल प्रतियोगिता-2026 में वाराणसी जोन की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम को द्वितीय चल बैजन्ती शील्ड प्रदान की गई। इन दोनों प्रतियोगिताओं में मीरजापुर पुलिस के खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिताओं में निरीक्षक अरविन्द कुमार मिश्रा, मुख्य आरक्षी कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार यादव, मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार यादव, मुख्य आरक्षी मनोज यादव, मुख्य आरक्षी पंकज यादव, आरक्षी सूरज सिंह, आरक्षी मनोज कन्नौजिया, रि0 आरक्षी धनंजय द्विवेदी और रि0 आरक्षी सुधीर निर्मल ने हिस्सा लिया। मीरजापुर लौटने पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सभी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### बृजेश श्रीवास्तव बने युवा संभाग के जिलाध्यक्ष

मीरजापुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियां की गईं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इंद्रसेन श्रीवास्तव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष रत्नेश श्रीवास्तव ने ग्राम लोहदी, मिर्जापुर निवासी बृजेश श्रीवास्तव को युवा संभाग का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। वहीं आवास विकास कॉलोनी निवासी अमित शरण श्रीवास्तव को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष रत्नेश श्रीवास्तव ने कहा कि नई जिम्मेदारियों से संगठन को और मजबूती मिलेगी। युवा संभाग के जिलाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव को एक सप्ताह के भीतर अपनी कमेटी गठित कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को महासभा के सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### श्रद्धा के साथ हुआ भूमिपूजन

अदलहाट। गांधी पार्क स्थित माँ दुर्गा पूजा समिति के आगामी आयोजन को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समिति के संस्थापक दिलीप कुमार जायसवाल ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर माँ दुर्गा से क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। भूमि पूजन के दौरान जय माता दी के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। गौरतलब है कि माँ दुर्गा पूजा समिति की स्थापना वर्ष 1984 में हुई थी। चार दशक से अधिक समय से समिति अदलहाट क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूती प्रदान करती आ रही है। भूमि पूजन के साथ ही इस वर्ष होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों का विधिवत शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष गौतम केशरी, उपाध्यक्ष दीपक केशरी, सचिव एवं मंत्री शिवम गुप्ता, आयोजक अभिषेक आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष शुभम सोनी, महामंत्री मनीष गुप्ता समेत समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा वीरेन्द्र गुप्ता, नवीन गुप्ता, प्रीतम केशरी, शिव प्रकाश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, परमेश्वर सिंह, करण चौरसिया, श्रेयश गुप्ता, आदित्य सेठ, बंसी सेठ, भैरव केशरी, संतोष केशरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं बाजारवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# गंगा, गाय माता को हो सम्मान-विष्णु शंकर

नरायनपुर। चौकी क्षेत्र नरायनपुर के बैकुंठपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन रविवार की शाम वाराणसी से आये भागवत कथा मर्मज्ञ पं. विष्णु शंकर महराज ने संगीतमय कथा का प्रवचन किया। उन्होंने महा रासलीला, श्रीकृष्ण रूक्मिणी विवाह, कृष्ण अक्रूर प्रसंग, कंस उद्धार,उद्धव कृष्ण गोपियों के प्रसंग की मार्मिक प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा ब्यास ने कहा जहां गंगा मैया व गाय मैया का सम्मान हो उसी को गोकुल कहते हैं।किसी का अपमान करना मृत्यु दंड से भी बड़ा होता हैं। कंस वध और मथुरा गमन प्रसंग में बताया कि भगवान का मुख्य उद्देश्य पूरा होने का समय आया अक्रूर महराज कृष्ण व बलराम को लेने गोकुल आये। गोपियां व यशोदा रोती रही गयी लेकिन धर्म की स्थापना के लिए प्रभु को जाना पड़ा।मथुरा की कुब्जा का उद्धार किया, धनुष यज्ञ का धनुष तोड़ दिया।कंस के मल्ल चाणूर और मुष्टिका को पछाड़ा।अंत मे पापी कंस के बालों को पकड़कर कृष्ण ने मंच से गिरा कर कंस का उद्धार किया। इस दौरान कथा के यजमान दिनेश जायसवाल, प्रेम नाथ जायसवाल, मंगला जायसवाल, कमलेश यादव, शशांक सिंह, अनिल सिंह, विजय, महेश, मनोज, दिलीप, सुभाष आदि मौजूद रहे।

# रामगया घाट पर भगवान राम ने किया था पिता का पिंडदान

## आज भी होती है पितृदोष मुक्ति की पूजा

मीरजापुर। जिले में स्थित रामगया घाट धार्मिक आस्था और पौराणिक मान्यताओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने यहां अपने पिता राजा दशरथ का श्राद्ध और पिंडदान किया था। इसी वजह से इस स्थान का नाम रामगया घाट पड़ा। यह घाट मां विंध्यवासिनी धाम के समीप गंगा तट पर स्थित है। विंध्यधाम के आचार्य पं. अनुपम महाराज के अनुसार, रामगया घाट का उल्लेख आनंद रामायण में मिलता है। मान्यता के मुताबिक, वनवास के दौरान भगवान राम विंध्याचल आए थे और यहां कुछ समय प्रवास किया था। इसी दौरान उन्हें अपने पिता दशरथ के निधन का ध्यान आया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पुत्र वियोग में दशरथ की मृत्यु हुई थी। इसके बाद भगवान राम ने गंगा किनारे एक शिला पर अपने पिता के निमित्त श्राद्ध कर्म किया। पं. अनुपम महाराज बताते हैं कि भगवान राम ने यहां तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म कर राजा दशरथ को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाकर पितृ योनि में प्रतिष्ठित किया। स्थानीय मान्यता में आज भी उस शिला को प्रेत शिला के रूप में पूजा जाता है। इसके अलावा यहां भगवान राम की चरण पादुका भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। रामगया घाट के समीप रामेश्वर महादेव मंदिर भी स्थित है। मान्यता है कि भगवान राम ने यहां रामेश्वर महादेव की स्थापना की थी और मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन किए थे। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि रामगया घाट पर पिंडदान, तर्पण और त्रिपिंडी श्राद्ध करने से पितृदोष से मुक्ति मिलती है। संतान प्राप्ति में बाधा, पारिवारिक कलह और कर्ज जैसी समस्याओं से राहत के लिए भी लोग यहां श्राद्ध कर्म और तर्पण कराने पहुंचते हैं। धार्मिक आस्था के कारण रामगया घाट आज भी विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण तीर्थस्थल बना हुआ है।



पिंडदान करते लोग। छाया:आज

## गाजीपुर समाचार

### जांच के बाद प्रधान के अधिकार बहाल

कासिमाबाद, गाजीपुर। सोनबरसा उर्फ कासिमाबाद ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायत पर हुई जांच के बाद जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने संयुक्त जांच आख्या के आधार पर ग्राम प्रधान पूनम के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर लगाए गए प्रतिबंध को बहाल कर दिया है। हालांकि जांच में भुगतान प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। जांच आख्या के अनुसार मजदूरी मद में 2,54,690 रुपये का भुगतान प्रधान पति के भाई प्रभुनाथ सिंह कुशवाहा के निजी बैंक खाते में प्रक्रियात्मक त्रुटि के साथ हुआ, जबकि 8,29,605 रुपये सामग्री मद में प्रधान पति के भाई संतोष कुशवाहा के स्वामित्व वाली फर्म जय मां दुर्गा इंटरप्राइजेज को भुगतान किए गए। जांच में भुगतान की प्रक्रिया में खामियां पाए जाने के बावजूद धनराशि के दुरुपयोग की पुष्टि नहीं हुई और ग्राम पंचायत के कार्य को संतोषजनक माना गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने 18 मई 2026 के आदेश संख्या 1112 के तहत लगाए गए प्रतिबंध को बहाल करते हुए ग्राम प्रधान को वित्तीय नियमों का पालन करने की कड़ी चेतावनी दी है।

### विधायक निधि से ७५ लाख का काम अधूरा

गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव की निधि से स्वीकृत करीब 75 लाख रुपये की लागत का विकास कार्य अधूरा पड़ा है। कार्य शुरू होने के बाद पत्थर डालकर काम छोड़ दिए जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अधूरे कार्य के चलते दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क/नाली निर्माण का कार्य शुरू तो कराया गया, लेकिन निर्धारित समय में इसे पूरा नहीं किया गया। निर्माण स्थल पर पत्थर और अन्य सामग्री पड़े होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण विकास कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है।मामले को लेकर राष्ट्रीय चौहान महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष सीपी चौहान और आशीष चौहान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यदायी संस्था को तत्काल कार्य पूरा कराने के निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनहित में अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके।

### रामलीला मैदान में जमा पानी निकाल मिट्टी डालकर समतलीकरण का काम शुरू

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। दशहरा पर्व को लेकर मोहम्मदाबाद नगर में रामलीला मंचन की तैयारियां जोरों पर हैं। रामलीला मैदान में बारिश के बाद जमा हुए पानी को निकालने के बाद अब समतलीकरण और सफाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।नगर के विभिन्न मोहल्लों का पानी मैदान में जमा हो जाने से स्थिति काफी खराब हो गई थी। रामलीला समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं-समाजसेवियों की सक्रियता के बाद नगर पालिका ने जल निकासी की व्यवस्था कराई। अब मैदान पानी से मुक्त होकर सूख रहा है।गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी की आवश्यकता थी। इसके लिए लोगों से मिट्टी दान करने की अपील की गई, जिस पर कई राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और व्यवसायी आगे आए। उनके सहयोग से ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए मिट्टी गिराने का काम शुरू हो गया है।

### संघटन की मजबूती से ही समाज और देश की दिशा बदलेगी

गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के चौरा बोझ गांव में रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राजभर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राजभर ने कहा कि संगठन ही वह ताकत है, जो समाज और देश की दिशा बदल सकता है। जन चौपाल के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं का सीधे जनता से जुड़ाव बढ़ता है और स्थानीय समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

## अपात्रका नाम हटाना भारत की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए अनिवार्य-योगी



लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन के बीच विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का समर्थन किया है।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अवैध रूप से दर्ज अपात्र नामों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार हटाना भारत की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए अनिवार्य है। सीएम योगी ने युवाओं से भी खास अपील की है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत युगों से लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक विरासत को और सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट प्रविष्टियों का नियमानुसार सत्यापन आवश्यक है।उन्होंने लिखा, जागरूक मतदाता ध्यान रखें कि मतदाता सूची में अवैध रूप से दर्ज अपात्र नामों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार हटाना भारत की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए अनिवार्य है।सीएम योगी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, मेरी अपील है कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे प्रत्येक युवा साथी अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। आइए, शुद्ध, सशक्त और पारदर्शी मतदाता सूची के निर्माण में सहभागी बनें।मुख्यमंत्री योगी ने यह टिप्पणी ऐसे समय की है, जब कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल देशभर में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलनरत हैं। दिल्ली में भी जंतर-मंतर पर बीते दिन प्रदर्शन हुआ। विपक्ष सीईसी ज्ञानेश कुमार पर एसआईआर के जरिए लोगों के नाम हटाने और भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगा रहा है। विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि सीईसी ज्ञानेश कुमार ने चुनावों की निष्पक्षता से समझौता किया है। साथ ही, विपक्ष ने एसआईआर को रद्द करने की मांग की है। सत्तापक्ष ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

### सीजेपी ने एसआईआर को लेकर सीजेआई पर साधा निशाना

नयी दिल्ली (आससे.)। सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) के सौरव दास ने बिहार और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, जिससे मतदाताओं के अधिकार और लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई। सोशल मीडिया पोस्ट में दास ने सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाले मामलों में समय पर सुनवाई नहीं होने से स्थिति गंभीर हुई। उन्होंने महाराष्ट्र में सरकार गिरने और राजनीतिक दलों में विभाजन जैसे मामलों का भी उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण याचिकाओं पर समय पर फैसला नहीं होने से सत्ता पक्ष को लाभ मिला।

### यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षाके सफल अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण शीघ्र

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती की एनरोलमेंट प्रक्रिया में सफल घोषित अभ्यर्थियों को अब अगले चरण का इंतजार है। विभाग के अनुसार चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इसकी तारीख और स्थान की जानकारी अलग से जारी की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट प्रक्रिया में सफल घोषित अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स विभाग ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए बताया है कि अब एनरोलमेंट प्रक्रिया का अगला चरण शुरू किया जाएगा। इस चरण के तहत चिकित्सीय परीक्षण की कार्यवाही जल्द शुरू होने वाली है। हालांकि, अभी चिकित्सीय परीक्षण की तारीख और स्थान की जानकारी जारी नहीं की गई है।

## संस्कृत सिर्फ भाषा नहीं, ज्ञान-विज्ञान का महासागर है-राजनाथ

अयोध्य (आससे.)। रामनगरी अयोध्या पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पहले रामलला के दरबार में माथा टेका। इसके बाद रानोपाली स्थित उदासीन ऋषि संगत आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु पर्व महोत्सव के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित श्रीनारायण राम संस्कृत विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। आश्रम परिसर में संत सम्मेलन के साथ जनसभा का आयोजन किया गया। रक्षामंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी।इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संस्कृत शिक्षा की परंपरा को श्रीनारायण संस्कृत महाविद्यालय को और व्यापक एवं विस्तृत करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना होगा। नवनिर्मित भवन केवल विद्यार्थियों के आवास की सुविधा नहीं देगा, बल्कि भविष्य में संस्कृत शिक्षा के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। संस्कृत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे



जीवन का श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। संस्कृत पढ़ने का संकल्प लेना सौभाग्य की बात है। देवभाषा संस्कृत में ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की विशाल परंपरा मौजूद है। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत के प्रति अपना समर्पण बनाए रखने और भारत के धर्म, साहित्य एवं ज्ञान परंपरा का निरंतर अध्ययन करने का आह्वान किया।राजनाथ सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययनरत बच्चे ही देश का भविष्य हैं। यही विद्यार्थी संस्कृत की देवभाषा के गौरव को आगे बढ़ाएंगे और भविष्य में संस्कृत तथा भारतीय संस्कृति की सेवा करेंगे।उन्होंने कहा कि आज का दिन आश्रम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। नवनिर्मित भवन को देखकर उन्हें प्रसन्नता हुई। यह भवन सामान्य निर्माण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों तक भारतीय परंपराओं और ज्ञान को पहुंचाने के संकल्प का प्रतीक है। संस्कृत को वैज्ञानिक भाषा बताते हुए राजनाथ ने कहा कि इसके विस्तार में जाएं तो काफी समय लगेगा, लेकिन इसमें ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध परंपरा समाहित है।

## सुप्रीम कोर्ट की दिल्ली पुलिस को फटकार

**कहा-'गुंडों में कानून का डर पैदा करें'**

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली-एनसीआर में दुष्कर्म की हालिया घटनाओं पर स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अपराध रोकने के लिए प्रभावी निगरानी और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि अपराधियों के मन में यह डर होना चाहिए कि 'कुछ किया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।'कोर्ट ने कहा कि जिन स्थानों पर महिलाओं और लड़कियों से छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं और जहां कॉलेजों में छात्राओं को परेशान किया जाता है, वहां पुलिस को विशेष निगरानी रखनी चाहिए। पीठ ने सवाल किया कि केवल सीसीटीवी लगाने से अपराध कैसे रुकेगा, जब उसकी लगातार निगरानी ही न हो। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि क्या उसके पास संवेदनशील स्थानों पर निगरानी का कोई प्रभावी सिस्टम और 'वॉर रूम' है। पीठ ने कहा कि पार्कों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर कम से कम मुख्य प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी लगाए जाएं और उनकी 24 घंटे निगरानी के लिए मॉनिटरिंग सेल बनाया जाए। पुलिस को जनता के साथ संवाद बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने आगामी दुर्गा पूजा और दिवाली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी दिल्ली पुलिस से तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। पीठ ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं किसी भी समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हैं और पुलिस को इन्हें रोकने के लिए कमियों को दूर करना होगा। दिल्ली-एनसीआर में हाल में दुष्कर्म की कई घटनाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया है।

### हूतियोंपर टूट पड़े यमन-सऊदी के १०० फाइटर जेट्स

नयी दिल्ली (आससे.)। यमन में हूतियों के खिलाफ जंग अब बड़े मोड़ पर पहुंच गई है. अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त यमनी सरकार की सेना ने ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है. यमनी सरकारी बलों ने दावा किया है कि उन्होंने धुबाब एयरपोर्ट पर नियंत्रण हासिल कर लिया है. साथ ही धुबाब जिले के बड़े हिस्से पर भी कब्जे की बात कही गई है. इस ऑपरेशन में यमन-सऊदी के कमोबेश 100 विमानों के शामिल होने का दावा है. यमनी सेना ने इस अभियान को 'डॉन ऑफ यमन' नाम दिया है और उसका सबसे बड़ा लक्ष्य रणनीतिक बाब अल-मंदेब स्ट्रेट पर नियंत्रण हासिल करना बताया जा रहा है. सेना के मुताबिक इसके लिए जमीन और हवा, दोनों तरफ से कार्रवाई तेज की गई है. सऊदी नेतृत्व वाला गठबंधन यमनी सेना को जमीन पर एयर कवर दे रहा है और बाब अल-मंदेब के लिए हवाई सुरक्षा भी उपलब्ध करा रहा है. सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा है कि इस ऑपरेशन में करीब 100 फाइटर जेट शामिल हुए. गठबंधन के मुताबिक, यमन में 324 'हाई-वैल्यू टारगेट' को निशाना बनाया गया है. वहीं यमनी सेना ने कहा कि उसने हूती ठिकानों पर 1,000 से ज्यादा स्ट्राइक की हैं. इन हमलों में तोपों और रॉकेट लॉन्चर के ठिकानों, डिफेंस पोजिशन, सप्लाई रूट और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं को निशाना बनाने का दावा किया गया है।

## लखीमपुर हिंसा: आरोपियों को बचाकर फंसे पीठासीन अधिकारी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा कि वे 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के पीठासीन अधिकारी के खिलाफ लगे आरोपों पर तेजी से कार्रवाई करें। इन आरोपों में कहा गया है कि अधिकारी ने कई मामले खुद के पास ट्रांसफर कर लिए और आरोपियों को बरी कर दिया।भारत के चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने उत्तर प्रदेश सरकार से यह भी कहा कि वह इस चर्चित मामले में ट्रायल चलाने के लिए जल्द से जल्द एक नया पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नियुक्त करे। बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा था कि वे मामले की जांच करें और सुधारात्मक कदम उठाने के बाद सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपें। 22 सितंबर को, सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर ध्यान दिया था। भूषण ने कहा था कि 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के पीठासीन अधिकारी का व्यवहार आपत्तिजनक था, क्योंकि उन्होंने कई आपराधिक मामले खुद के पास ट्रांसफर कर लिए थे और आरोपियों को बरी कर दिया था।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया

पत्रांक:- 3713/4ए   ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अल्पकालीन निविदा)   दिनांक- 29.09.2026

निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा दिनांक 12.10.2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 19.10.2026 सांय 12.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड की जा सकती हैं एवं दिनांक 19.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तकनीकी बिड ऑनलाईन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" भवन श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।
2. कार्यों का विवरण

| क्र.स. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| भवन के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | निरीक्षण भवन बलिया में रसोई घर, पम्प हाउस एवं टाईप-1 के दो आवासों का निर्माण कार्य | 31.50 | 3.15 | 945.00 | 3 माह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त लो0नि0वि0 बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए.बी. सी. डी. |

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender online Account Intenet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. प्रत्येक निविदा का सिक्योरिटी धनराशि ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender online Account Intenet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।
5. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया।

उ.प्र.:-257563
दिनांक- 05.10.2026

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


## शेष

**चुमाव आयोग...**

लिए थे। रिकॉर्ड से एकतरफा फैसला साबित हुआ तो कार्रवाई संभव~ सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि अगर रिकॉर्ड से पता चलता है कि कोई फैसला जरूरी प्रक्रिया के बिना लिया गया था, तो उस पर रोक लगाने पर विचार किया जा सकता है। स्क्क के खिलाफ 2 क्कुरु दाखिल की गई हैं। राकेश कुमार सिंह ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सस्पेंड करने की मांग वाली याचिका दाखिल की थी।

**भारत-स्विटजरलैंड...**

जरूरत के अनुसार यह संख्या 500 तक बढ़ाई जा सकती है। परिवहन प्रौद्योगिकियों के संवर्धन और सहयोग संबंधी समझौते के तहत इलेक्ट्रिक वाहन, रोपवे, चक्रीय अर्थव्यवस्था और सुरंगों समेत टिकाऊ परिवहन प्रणालियों के विकास पर सहयोग बढ़ाया जाएगा। वहीं, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन के बीच आशय पत्र से संयुक्त शोध और वैज्ञानिक सहयोग का ढांचा तैयार होगा।

**पत्रकारोंसे हुई..**

पत्रकारों के कैमरे छीने गए और उन्हें घसीटा गया। राहुल ने कहा कि एक पत्रकार की शिकायत पर प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले शाहीन और नफीसा ने साकेत थाने के अंदर अपने साथ हुई कथित हिंसा और बदसलूकी की आपबीती सुनाई थी। राहुल ने सवाल उठाया कि थाने के अंदर ही महिलाओं के साथ ऐसी घटनाएं होना गंभीर चिंता का विषय है।कांग्रेस नेता ने कहा कि जिन लोगों पर महिलाओं की रक्षा की जिम्मेदारी है, वही आज उनके लिए खतरा बन रहे हैं। उन्होंने साकेत थाने का पूरा सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की।

**यूपी : जनगणना...**

वहीं सड़क पर ही धरने पर बैठ गए।ओबीसी विभाग लगातार बिहार और तेलंगाना में हुए जातिगत जनगणना मॉडल पर ही देश भर में जनगणना को वैज्ञानिक तरीके से कराने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि आरएसएस-बीजेपी अपने जन्म से ही ओबीसी विरोधी है। लोकसभा 2024 में हार के डर से ओबीसी की गिनती करने का वादा करने के बाद अब बीजेपी अपनी बात मुकर गई। उत्तर प्रदेश में सामंती व मनुवादी सोंच के लोगों द्वारा लगातार ओबीसी वर्ग के लोगों की हत्याओं बहुत दु:खद व दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इसलिए समाज के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी है। यह संघर्ष आने वाले दिनों में ओबीसी वर्ग और तेज करेगा।

**आकाश आनंद...**

अवसर मांगा था। मायावती ने अपने बयान में कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के संघर्ष और आदर्श बहुजन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी और बहुजन समाज का हित उनके लिए सर्वोपरि है और इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन में अनुशासन बनाए रखने के लिए समय-समय पर सख्त फैसले लिए गए हैं। मायावती ने कहा कि आकाश आनंद का व्यक्तित्व पार्टी में काफी हद तक ठीक रहा है, लेकिन पिछले दिनों कुछ कारणों से संगठन में कई जरूरी बदलाव करने पड़े। उन्होंने आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास लेने का भी जिक्र किया।मायावती के मुताबिक, इसके बाद आकाश आनंद के व्यक्तित्व और कार्यशैली में बदलाव देखने को मिला। हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आकाश की ओर से पार्टी में वापस काम करने की इच्छा जताने वाले पोस्ट का भी उन्होंने उल्लेख किया।

**यूपीसे...**

मुख्यालय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुग द्वारा जारी सूची में धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पाण्डेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार को प्रत्याशी बनाया गया है। बरेली की श्रुति गंगवार झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी हैं। वह बरेली की रहने वाली हैं और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में सक्रिय थीं। वहीं, प्रियंका सिंह रावत बाराबंकी से पूर्व सांसद रह चुकी हैं और वर्तमान में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष प्रकाश पाल को भी राज्यसभा का टिकट दिया गया है।

**फर्जी एप...**

फाइल्स तैयार कर साइबर अपराधियों के अलग-अलग गिरोहों को बेची थीं। इन फर्जी फाइल्स के जरिए देशभर में करीब 9,673 लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया है। पुलिस के मुताबिक, इन मामलों में अब तक करीब 15 करोड़ 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है। इस मामले का बैकग्राउंड 13 अगस्त से जुड़ा हुआ है, जब 72 साल के एक बुजुर्ग के पास अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का सीनियर मैनेजर दिनेश कुमार बताते हुए बुजुर्ग को सीनियर सिटीजन कार्ड बनवाने का झांसा दिया।

**चिकित्साके...**

पर अध्ययन किया। उन्होंने इसकी सतह पर चैनलरोडॉप्सिन नाम का एक प्रोटीन खोजा। नीली रोशनी पड़ने पर यह प्रोटीन एक चैनल खोलता है। इसके जरिए आवेशित कण अंदर-बाहर होते हैं और विद्युत संकेत पैदा होता है।कार्ल डाइसेरोथ ने चैनलरोडॉप्सिन से जुड़ी खोज को तंत्रिका कोशिकाओं पर इस्तेमाल किया। उन्होंने इस प्रोटीन का जीन चूहे की तंत्रिका कोशिकाओं में पहुंचाया। इसके बाद जब इन कोशिकाओं पर नीली रोशनी डाली गई तो उनमें तंत्रिका संकेत पैदा किया जा सका। डाइसेरोथ ने 2005 में इस महत्वपूर्ण सफलता को प्रकाशित किया। इसके दो साल बाद उन्होंने यह भी दिखाया कि प्रकाश से नियंत्रित किया जाने वाला यह स्विच जीवित चूहों के दिमाग में भी काम कर सकता है।ऑप्टोजेनेटिक्स के आने के बाद वैज्ञानिकों के लिए दिमाग की खास तंत्रिका कोशिकाओं को अलग से सक्रिय करना संभव हुआ। इससे वे यह पता लगा सकते हैं कि दिमाग की कौन सी कोशिकाएं किसी खास याद, भावना या व्यवहार से जुड़ी हैं।

**राहुलने...**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कहा, किसी भी संशोधित फॉर्म 6 को हमने मंजूरी नहीं दी है। यह स्पष्ट है। रिकॉर्ड सामने आने पर हम देखना चाहेंगे कि इसमें बदलाव किसने किया।निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को जारी एक बयान में कहा था कि एसआईआर के लिए फॉर्म 6 के साथ जोड़ी गई घोषणा को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। आयोग ने कहा था कि एसआईआर से अलग अवधि में निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के तहत निर्धारित फॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा।कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि आयोग ने बाद में यह प्रेस विज्ञप्ति हटा ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर आयोग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति हटाए जाने को लेकर टिप्पणी की और ज्ञानेश कुमार पर भी निशाना साधा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने का एकतरफा अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि पहले निर्वाचन आयोग और अन्य संबंधित पक्षों को सुना जाना जरूरी है।मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने केंद्र, निर्वाचन आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी, उप चुनाव आयुक्त मनीष गर्ग तथा महानिदेशक सूचना प्रौद्योगिकी सीमा खन्ना को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि पहले मामले में प्रमाणित जानकारी सामने आनी चाहिए। अदालत ने कहा कि अगर जरूरत हुई तो किसी फैसले को बाद में रद्द किया जा सकता है।याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल निलंबित करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले दोनों अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्तियों के बावजूद एकतरफा तरीके से लिए गए। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम की धारा 18 का हवाला देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के फैसले सर्वसम्मति से होने चाहिए और मतभेद की स्थिति में बहुमत के आधार पर लिए जाने चाहिए।पीठ ने पूछा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को निलंबित करने के बाद चुनाव कौन कराएगा। इस पर विकास सिंह ने कहा कि दोनों अन्य निर्वाचन आयुक्त आयोग का काम संभाल सकते हैं। अदालत ने कहा कि उसे पहले संबंधित पक्षों के जवाब मिलने के बाद आरोपों की जांच करनी होगी।मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि वैधानिक व्यवस्था का पालन जरूरी है और अगर इसका उल्लंघन हुआ है तो अदालत संबंधित फैसले को रद्द कर सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने भी सवाल किया कि निर्वाचन आयोग को सुने बिना ऐसी राहत कैसे दी जा सकती है।

## संक्षिप्त

### दिनदहाड़े अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

कटिहार (आससे)। शहर के व्यस्त पटेल चौक के समीप अपराधियों ने कानून व्यवस्था को धता बताते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में भारी दहशत और सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान कटिहार कोर्ट के अधिवक्ता गुड्डु अंसारी के रूप में हुई है। मृतक मूल रूप से रोजितपुर के रहने वाले थे। उनके पिता भी जाने-माने वकील थे। पटेल चौक के समीप बेखौफ अपराधियों ने दिन के उजाले में अंधाधुंध गोलीबारी कर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। टंवारदात की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई है।

### 10 अक्तूबर को बड़े आंदोलन की तैयारी में आप

नयी दिल्ली (आससे.)। आम आदमी पार्टी ने 10 अक्तूबर को जंतर-मंतर पर चुनाव आयोग के खिलाफ प्रस्तावित आंदोलन को लेकर बैकअप नेतृत्व तैयार करने का फैसला किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को दिल्ली के विधायकों, पार्षदों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों और वार्ड पर्यवेक्षकों के साथ आपात बैठक की।भारद्वाज ने आरोप लगाया कि आंदोलन से घबराई सरकार विपक्षी नेताओं और इससे जुड़े संगठनों के लोगों को झूठे मामलों में गिरफ्तार करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि पहली पंक्ति के नेताओं की गिरफ्तारी की स्थिति में दूसरी और तीसरी पंक्ति के नेता आंदोलन की कमान संभालें। सभी संगठनों को प्लान ए, बी और सी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।


ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022441

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/57

फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।







सूर्योदय : ०५.५१
सूर्यास्त : ०५.४१

तापमान

अधि. : ३४.०
न्यून. : २५.०


**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722


## आज का राशिफल मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026

**मेष-** आज रात्रि 10/18 बजे तक बाधा तदुपरान्त कार्यों में प्रगति, मानसिक शांति, मन प्रसन्न।
**वृषभ-** आज रात्रि 10/18 बजे तक योजना साकार तदनन्तर समय विपरीत, कार्य अधूरे, व्यर्थ भ्रमण।
**मिथुन-** कठिनाइ समाप्त, धनसम्पत्ति मसला हल, सलाह से कामयाबी, अनुकूल घटनाएँ।
**कर्क-** व्यावसायिक सफलता, भाग्योन्नति, विवाद हल, आकस्मिक लाभ, धर्म में आस्था।
**सिंह-** आज रात्रि 10/18 बजे तक हानि, कष्ट, वादविवाद, तत्पश्चात् दिनचर्या व्यवस्थित, लाभ भी।
**कन्या-** आज रात्रि 10/18 बजे तक भाग्य पक्ष में तदुपरान्त जोखिम से नुकसान, मानसिक बेचैनी।
**तुला-** आर्थिक प्रगति, समस्या का समाधान, विरोधी परास्त, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सार्थक।
**वृश्चिक-** प्रतिष्ठा में वृद्धि, आनन्द की अनुभूति, पुरुषार्थ में रुचि, आरोग्य सुख, सफलता।
**धनु-** आज रात्रि 10/18 बजे तक कठिनाइयां, योजना अधूरी तदन्तर अनुकूलता, शारीरिक सुख।
**मकर-** आज रात्रि 10/18 बजे तक कार्य सम्पन्न, तत्पश्चात् अप्रिय घटना घटित, मनोबल में कमी।
**कुम्भ-** आकस्मिक लाभ का सुयोग, कर्ज की अदायगी, लाभ का सुयोग, सुख के साधन सुलभ।
**मीन-** भाग्योन्नति, लाभार्जन, धन का प्रतिफल प्राप्त, मौज-मस्ती में व्यय, यात्रा, उत्कर्ष।

## आज है जिनका जन्मदिन   6 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आप में बुद्धि एवं भावना का अद्भुत तालमेल रहेगा। प्रमुख उद्देश्य सुख शान्ति का जीवन व्यतीत करना होगा। आपकी स्मरण शक्ति श्रेष्ठ होगी। नेतृत्व गुण में विशेष रूप से विधान रहेगा किसी बात को लेकर तुरन्त निराश हो जायेंगे। जनकल्याण की ओर रुझान अधिक रहेगा। बन सँवर कर रहना पसन्द करेंगे। विपरीत परिस्थितियों में भी सदैव मुस्कराते रहेंगे। ग्रहस्थ जीवन सामान्य-सा रहेगा। भोग विलासिता की ओर रुझान अधिक रहेगा। फैशन सम्बन्धित वस्तुओं पर व्यय करेंगे। जनसम्पर्क का लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। आपजो भी कहेंगे स्पष्ट रूप से कहेंगे। उत्तरदायित्व के बोझ से सदैव दबे रहेंगे। काफी मेहनत एवं संघर्ष के पश्चात ही सफलता प्राप्त कर सकेंगे। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनावें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए शुभ**

मन्त्र : ॐ शुं शुक्राय नमः
व्रत : शुक्रवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 6, 15, 24
अंक : 4, 5, 8
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
रंग : हल्का नीला एवं सफेद
जन्मरत्न : हीरा   उपरत्न : सफेद पुखराज
जड़ी : अरण्ड की जड़   दिशा : आग्नेय

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 6 | 13 |
| 12 | 10 | 8 |
| 7 | 14 | 9 |

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

## सुडोकू ४०७५

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | 1 | | 6 | | | |
| 9 | | | | | 2 | | | |
| | | | | | | 2 | | 1 |
| | | | | 5 | | | | |
| | | 7 | | | | | | 8 |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| 1 | 6 | | | | | | | |
| | 2 | 8 | | | | | | |

हल ४०७४

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 5 | 4 | 6 | 3 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 8 | 1 |






# वैभव पर सैमसन को मिल सकती है तरजीह

## एशियाई स्वर्ण विजेता भारत के सामने होगी वेस्टइण्डीज की कठिन चुनौती, पहला टी-२० आज

लखनऊ (एजेन्सियां)। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम वेस्टइण्डीज के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले पहले टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है। भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे। अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी-२० बल्लबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं क्योंकि निचले क्रम में आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है। सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी-२० अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में दो अर्द्धशतक बनाये थे। मध्यक्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, आलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है। कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज



गेंदबाजी आक्रमण होगा जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था। यह श्रृंखला अय्यर की कप्तानी की भी एक बड़ी परीक्षा होगी क्योंकि उन्हें एक मजबूत टी-२० टीम के खिलाफ खेलना है। वेस्टइण्डीज को इस प्रारूप में मजबूत टीम माना जाता है जिसने २०१२ और २०१६ में दो बार टी-२० विश्वकप जीता था। अय्यर की कप्तानी में भारत ने जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान जैसी कम रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफटी-२० श्रृंखला में जीत हासिल की है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो भारत की टीम मजबूत स्थिति में नजर आती है क्योंकि उसने स्वदेश मेंर खेले गये पिछले १० मैचों में से नौ में कैरेबियाई टीम को हराया है। वेस्टइण्डीज के पास टी-२० प्रारूप में रोमारियो शेफर्ड, रोवमैन पावेल, शिमरोन हेटमायर, अकील हुसैन जैसे आक्रामक खिलाड़ी हैं जिनकी भारतीय परिस्थितियों में खेलने के अनुभव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में काफी मांग है। शाई होप की अगुवाई वाली वेस्टइण्डीज मजबूत टीम है। उसकी बल्लेबाजी काफी हद तक होप, हेटमायर, पावेल और शेरफेन रदरफोर्ड पर निर्भर रहेगी। वेस्टइण्डीज के पास आलराउंडर विभाग में रोस्टन चेज, कीमो पाल, पावेल और शेफर्ड जैसे खिलाड़ी हैं। गेंदबाजी विभाग की कमान बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन और तेज गेंदबाज शमर जोसेफ संभालेंगे। बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती और चेज की आफब्रेक गेंदबाजी से उसके आक्रमण को मजबूती मिलेगी।

**भारत**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, इशान किशन, नमन धीर, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, मयंक यादव। **वेस्टइंडीज**-शाई होप (कप्तान, विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्डे, शिमरोनन हेटमायर, अकील हुसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, कीमो पाल, कामिल पूरन, रोवमैन पावेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

-रात्रि सात बजेसे।

# विराट कोहली की जगह ले सकते है तिलक वर्मा

## -वसीम जाफर



**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** विराट कोहली के एकदिनी क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय टीम के सामने नंबर-तीन की अहम जगह भरने की चुनौती होगी। कोहली पहले ही पुष्टि कर चुके हैं कि २०२७ विश्वकप उनका आखिरी विश्वकप होगा। ऐसे में उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चा तेज हो गयी है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा एकदिनी में कोहली के नंबर-तीन स्थान के लिए बिल्कुल सही विकल्प हो सकते हैं। तिलक ने एशियाई खेलों के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार पारी खेलकर एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और २२ गेंदों में नाबाद ५१ रन बनाये। उनकी पारी की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को १९ रन से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तिलक की इसी बहुमुखी प्रतिभा से जाफर काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा उनकी बहुमुखी प्रतिभा देखकर अच्छा लगता है। उन्होंने पहले नंबर-तीन पर शतक बनाया है और अब नंबर-पांच और नंबर-छह पर भी खुद को शानदार तरीके से ढाल लिया है। यह उनकी अद्भुत खूबी है। जाफर ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के जाने के बाद भारत के पास कई विकल्प होंगे। हालांकि वह तिलक को विराट की जगह के लिए सबसे उपयुक्त मानते हैं। उन्होंने कहा जब विराट और रोहित चले जायेंगे, तो जाहिर तौर पर रोहित की जगह लेने के लिए यशस्वी जायसवाल हैं लेकिन मुझे लगता है कि तिलक विराट की जगह ले सकते हैं। आपको एक बाएं हाथ का बल्लेबाज भी मिलेगा। हमने दलीप ट्राफी में देखा कि उन्होंने किस तरह रन बनाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत करीब ५५ है। इसलिए वह तीनों फार्मेट में आसानी से फिट हो सकते हैं। तिलक महज २३ साल के हैं लेकिन टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह भारत के लिए काफी अनुभव हासिल कर चुके हैं। वह ६५ टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और २०२६ टी-२० विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे। हालांकि एकदिनी और टेस्ट क्रिकेट में अभी उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत ५७ और लिस्ट-ए क्रिकेट में ४७ है लेकिन भारत के लिए उन्होंने अब तक सिर्फ पांच एकदिनी खेले हैं और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है। विराट के बाद नंबर-तीन के लिए भारत के पास कई विकल्प मौजूद हैं। ऋतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन हाल में एकदिनी में मध्यक्रम में खेल चुके हैं। ऋषभ पंत की प्रतिभा को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं कप्तान शुभमन गिल भी नंबर-तीन की भूमिका संभाल सकते हैं और ऐसी स्थिति में वैभव सूर्यवंशी को सलामी बल्लेबाज के तौर पर एकदिनी टीम में तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इन तमाम विकल्पों के बावजूद जाफर ने विराट के उत्तराधिकारी के तौर पर तिलक वर्मा को अपनी पहली पसंद बताया है।

# ब्राजील से मिले सबक का उरुग्वे के खिलाफ उपयोग करना चाहेगा भारत

## फुटबाल मैच

**कोलकाता (एजेन्सियां)।** भारत मंगलवार को यहां दो बार के विश्व चैम्पियन उरुग्वे के खिलाफ होने वाले मैत्री फुटबाल मैच में ब्राजील से ०-४ की हार के सकारात्मक पक्षों पर ध्यान केंद्रित करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम का बेंगलुरु में विश्व रैंकिंग में ४४वें स्थान पर काबिज पनामा को १-१ से ड्रा पर रोकने का उत्साह जल्द ही फीका पड़ गया क्योंकि ब्राजील ने शनिवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में उसे बड़ी हार दी लेकिन भारत के मुख्य कोच खालिद जमील को विशेषकर पहले २५ मिनट में टीम के बेहतर तालमेल, रक्षात्मक और जवाबी हमले करने की तत्परता के रूप में कुछ सकारात्मक पहलू नजर आये। यहां तक कि ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने भी भारतीय टीम के इन पहलुओं पर बात की थी। भारत अब विश्व रैंकिंग में २०वें स्थान पर मौजूद उरुग्वे के खिलाफ इन सीख का इस्तेमाल करना चाहेगा। भारत के लिए गोल करना भले ही आसान नहीं हो लेकिन अगर वह उरुग्वे को ड्रा पर रोक देता है तो यह विश्व रैंकिंग में १३८वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम के लिए जीत से कम नहीं होगा। इसके लिए भारत की निगाहें रयान विलियम्स पर टिकी होंगी जिन्होंने पनामा के खिलाफ १-१ से ड्रा हुए मैच में गोल दागा था। आस्ट्रेलिया में जन्में भारतीय मूल के खिलाड़ी विलियम्स ने बार-बार गेंद को डिफेंडरों के सामने ले जाकर मौका बनाने की कोशिश की है। विलियम्स, मनवीर सिंह और सहल अब्दुल समद के शानदार प्रदर्शन से भारत ने शुरू में ब्राजील पर दबाव बनाए रखा था। लालेंगमाविया राल्टे, अनवर अली और सहल की तिकड़ी ने यह भी दिखाया कि भारत दबाव में भी खेल सकता है। भारत के आफसाइड के खिलाड़ियों ने ब्राजील के पेड्रो को कई मौकों पर




परेशान किया, जबकि अभिषेक सिंह टेकहम और अनिरुद्ध थापा ने विनीसियस जूनियर को खुलकर नहीं खेलने दिया। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय रक्षापंक्ति को आगे बढ़ने और पीछे हटने के समय को लेकर बेहतर तालमेल बिठाना होगा जबकि मिडफील्ड को फुल बैक और सेंटर बैक के बीच की जगहों पर ध्यान देना होगा। जहां तक उरुग्वे का सवाल है तो विश्वकप २०२६ से ग्रुप चरण से बाहर होने और कोच मार्सेलो बिएल्सा के जाने के बाद वे एक नये युग की शुरुआत कर रहे हैं। विश्वकप में उरुग्वे एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया था। नये कोच डिएगो फोरलान ने जापान में १-३ की हार के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत की लेकिन उरुग्वे ने चार दिन बाद दक्षिण कोरिया में ४-१ की जीत के साथ जोरदार वापसी की। पिछले महीने चोटिल होने के कारण फेडेरिको वाल्वरडे अनुपस्थित हैं। उरुग्वे को इस प्रभावशाली मिडफील्डर की कमी खलेगी। इसके बावजूद उसकी टीम मजबूत है और वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। सऊदी लीग में खेलने वाले डार्विन नुनेज की गति और फुर्ती अनवर अली और आकाश मिश्र जैसे खिलाड़ियों के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगी। उरुग्वे की रक्षापंक्ति की कमान लिवरपूल के सेंटर बैक रोनाल्ड अरौजो संभालेंगे। लुकास टोरेरा मिडफील्डर के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।


## हम चुनौती के लिए है तैयार-अकील हुसैन

**लखनऊ (एजेन्सियां)।** वेस्टइण्डीज के स्पिनर अकील हुसैन ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम बहुत खतरनाक है लेकिन उनकी टीम पीछे नहीं हटने वाली और वह इस चुनौती का इंतजार कर रही है। भारतीय टीम ने तीन मैच की एकदिनी श्रृंखला में वेस्टइण्डीज को २-१ से शिकस्त दी और अब मंगलवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैच की टी-२० अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में मेहमान टीम से भिड़ेगी। हुसैन ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा वे (भारत) जानते हैं कि हम किस तरह का क्रिकेट खेलते हैं। हम जानते हैं कि वे एक खतरनाक टीम हैं लेकिन हम भी पीछे नहीं हटने वाले हैं। उन्होंने कहा दोनों टीमें इस चुनौती का इंतजार कर रही हैं। यह सिर्फ इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सबसे अच्छी योजना बनाता है और कौन उसे सबसे अच्छी तरह लागू करता है। हम उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करेंगे जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया, बाहरका शोर नहीं तय करता अन्तिम एकादश

## वैभव से कहा है मौके का करना पड़ता है इंतजार-गंभीर

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहचान बना ली है। हालांकि प्रतिभाशाली होने के बावजूद उन्हें हर मुकाबले में अन्तिम एकादश में जगह नहीं मिली। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया कि उन्होंने खुद वैभव से इस बारे में बातचीत की थी और उन्हें समझाया था कि कई बार खिलाड़ी को अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है। गंभीर ने कहा मेरे लिए भी यह एक नया अनुभव था। हां वह अच्छी फार्म में था, लेकिन मैंने उसे समझाया कि कभी-कभी लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों की वजह से उसे अपने मौके का इंतजार करना पड़ेगा। और एक बात और है सोशल मीडिया या बाहर का शोर



अन्तिम एकादश तय नहीं करता। गंभीर ने स्पष्ट किया कि अन्तिम एकादश का फैसला टीम की जरूरत और मैच जीतने की क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाता है। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रूम में मौजूद खिलाड़ियों, कोच और कप्तान को यह तय करना होता है कि किसी मुकाबले के लिए सबसे बेहतर टीम संयोजन क्या है। उन्होंने कहा यह इस बात पर निर्भर करता है कि ड्रेसिंग रूम में कौन है या कोच और कप्तान किसे महसूस करते हैं कि वह हमें मैच जिता सकता है। साथ ही यह भी देखना होता है कि लंबे समय से किसने अच्छा प्रदर्शन किया है। गंभीर ने यह भी बताया कि वैभव को खिलाने का मतलब किसी ऐसे खिलाड़ी को बाहर करना होगा जिसने पिछले डेढ़ से दो साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। गंभीर ने कहा अगर वैभव आज खेलता है तो मेरे और उस खिलाड़ी के बीच मुश्किल बातचीत होगी जिसे बाहर करना पड़ेगा, चाहे वह अभिषेक हो या संजू। हम अचानक उस संयोजन को नजरअंदाज नहीं कर सकते जिसने पिछले डेढ़ या दो साल में इतना प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा तीन या चार मैचों में असफल होने के बाद हम उन्हें बाहर करके ऐसे युवा खिलाड़ी को नहीं खिला सकते जो बहुत प्रतिभाशाली है और अच्छी फार्म में भी है। हम ड्रेसिंग रूम में सुरक्षा और भरोसे का माहौल बनाना चाहते हैं।

# राष्टीय टी-२० दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता नौ से

**वाराणसी।** राष्ट्रीय टी-२० दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता नौ से ११ अक्तूबर तक डाक्टर सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित की गयी है। यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा संकल्प माह के अन्तर्गत होगी। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि आल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन और भारतीय जनता पाटी दिव्यांग प्रकोष्ठ के संयुक्त बैनर तले होने वाली इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर बहराइच के धर्मेन्द्र नौ मिनट में ७६ नारियल फोड़कर विश्व रेकार्ड बनाने का प्रयास करेंगे। आल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट असोसिएशन के महासचिव संजय चौरसिया के अनुसार प्रतियोगिता में कुल छः टीमें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और विदर्भ की टीम खिताब के लिए संघर्ष करती दिखेंगी। अध्यक्ष डाक्टर उत्तम ओझा ने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और उन्हे खेल के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।




## भुवनेश्वर कुमार करेंगे भारत की अगुवाई

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ३० अक्तूबर से एक नवम्बर तक होने वाली हांगकांग सिक्स सीरीज में आईपीएल सितारों से सजी भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम के अन्य सदस्य क्रुणाल पंड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी नटराजन हैं। शशांक को छोड़कर बाकी सभी खिलाड़ी भारत के लिए खेल चुके हैं। इस टूर्नामेंट के मैचों में केवल छह खिलाड़ी भाग लेते हैं। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का वर्षों का अनुभव है और वह नई गेंद से प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैंए जबकि क्रुणाल पंड्या एक अदद आलराउंडर हैं। नितीश राणा और राहुल त्रिपाठी शीर्षक्रम के आक्रामक बल्लेबाज हैं, जबकि शशांक सिंह और राहुल तेवतिया अच्छे फिनिशर हैं। नटराजन की तेज गेंदबाजी भी अंतर पैदा कर सकती है।

# विश्वकप में काम आ सकता है रोहित, कोहली का अनुभव



**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** वेस्टइण्डीज के खिलाफ तीसरे एकदिनी में मुश्किल परिस्थितियों के बीच शानदार पारी खेलने वाले रोहित शर्मा की पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने जमकर तारीफ की है। कार्तिक ने कहा कि रोहित की यह पारी बताती है कि दक्षिण अफ्रीका में होने वाले २०२७ एकदिनी विश्वकप में वह भारतीय टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। वहीं मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में वापसी को लेकर कार्तिक ने साफ तौर पर कहा कि टीम उनसे आगे बढ़ चुकी है और अब उन्हें वापस लाने का कोई मतलब नहीं है। कार्तिक ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ रोहित ने जिस तरह अपनी आक्रामक प्रवृत्ति पर नियंत्रण रखा, वैसी ही परिस्थितियां २०२७ विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका में भी सामने आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में रोहित, शुभमन गिल और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का अनुभव भारत के काम आ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी मुश्किल समय में जरूरत से ज्यादा शाट खेलने की गलती कर सकते हैं लेकिन रोहित अब अपने अनुभव के कारण यह समझते हैं कि कब रक्षात्मक होकर खेलना है और कब तेजी से रन बनाने हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने भी रोहित की पारी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वेस्टइण्डीज के गेंदबाजों को शुरुआत में पिच से मदद

## शमी को वापस लाने का कोई मतलब नहीं-दिनेश कार्तिक

मिल रही थी लेकिन रोहित ने कई गेंदों को छोड़कर परिस्थितियों को समझा और ऋतुराज के साथ मजबूत साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ तेजी से रन बनाए। शमी को लेकर कार्तिक का रुख सख्त रहा लेकिन रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य को लेकर उनकी राय अलग है। कार्तिक का मानना है कि दोनों दिग्गजों का भारतीय एकदिनी टीम में बने रहना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रोहित और विराट दुनिया के दो सबसे बड़े क्रिकेटरों में शामिल हैं और भारत विश्व क्रिकेट के केंद्र में है। ऐसे में अगर ये दोनों दिग्गज अगले विश्वकप के बाद एकदिनी क्रिकेट से विदाई लेते हैं तो इसका असर भारतीय क्रिकेट के साथ-साथ पूरे विश्व क्रिकेट पर भी पड़ेगा।

# सनशाइन की जीत में चमके मिथलेश



**वाराणसी।** मैन आफ द मैच मिथिलेश यादव (९५ रन, ७५ गेंद, चार चौके, आठ छक्के) की आक्रामक अर्द्धशतकीय पारी के दम पर सनशाइन क्रिकेट क्लब ने यहां आर्य विद्या सभा काशी औसानगंज के खेल मैदान पर सोमवार से शुरू अण्डर-१९ जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में बनारस क्रिकेट क्लब को चार रनों से पराजित किया। सनशाइन क्रिकेट क्लब में पहले खेलते हुए ३२ ओवर में २१० रन बनाये। मिथिलेश के अलावा सौरभ यादव ने भी ५६ रन की विस्फोटक पारी खेली। शाश्वत दूबे ने चार विकेट चटकाये, जबकि

## अण्डर-१९ जिला स्तरीय क्रिकेट
## बीसीसी के काम न आया शिवांश का शतक

कप्तान त्रिलोकी चौहान और आकाश यादव ने दो-दो विकेट आपस में बाटे। जबाब में बनारस क्रिकेट क्लब (बीसीसी) की टीम कड़ी चुनौती देने के बावजूद ३५ ओवर में आठ विकेट खोकर २०६ रन ही बना सकी। शिवांश यादव ने ११९ रन की शतकीय पारी खेली। नीरज यादव ने तीन, शनि यादव और आयुष प्रताप सिंह ने दो-दो विकेट हासिल किये। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन डीएवी पीजी कालेज के प्रबंधक अजीत यादव ने किया। मौके पर जमाल अख्तर, संदीप यादव, आशुतोष मौर्या, कृष्णा यादव, हेमंत राय आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश की रग्बी टीम में वाराणसी की १२ खिलाड़ी

**वाराणसी।** नयी दिल्ली में २३ से २८ अक्तूबर तक होने वाली १७वीं राष्ट्रीय स्कूली रग्बी प्रतियोगित के लिए उत्तर प्रदेश की बालिका टीम घोषित कर दी गयी, जिसमें वाराणसी की १२ खिलाड़ी शामिल हैं। मण्डलीय क्रीड़ा सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार यह पहला मौका होगा जब बालिका खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। पिछले महीने हुई प्रादेशिक विद्यालयीय रग्बी प्रतियोगिता में वाराणसी मण्डल की बालिका टीम ने सब-जूनियर और जूनियर वर्ग का खिताब जीता था। इसी के आधार पर इन बालिकाओं का चयन किया गया जिनका दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर परमानन्दपुर मिनी स्टेडियम में आशा सिंह की देखरेख और अवनीश पाल के प्रशिक्षण में होगा। चयनित टीम इस प्रकार है जूनियर- रोशनी रजभर, सृष्टि पटेल, श्रेया पाल, आकांक्षा भारद्वाज, दीपा यादव सृष्टि पाल। सब-जूनियर राशि यादव, खुशी पटेल, रिया पटेल, वैष्णवी पटेल, सानिया कुमारी।

# १८ पदक के साथ वाराणसी मण्डल चैम्पियन

## जूनियर बालक कुश्ती

**वाराणसी।** वाराणसी मण्डल के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटावा में तीन से पांच अक्तूबर तक हुई जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता में ११ स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य पदक के साथ ४०० अंक हासिल कर चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया। वाराणसी कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह रानू के



अनुसार फ्री-स्टाइल के विभिन्न भार वर्ग में रोशन यादव, रिशन यादव, बृजेश यादव, शिवम यादव, हिमांशु यादव ने स्वर्ण, शिवानन्द यादव विशाल यादव, किशन चौबे ने रजत और अभिषेक यादव ने कांस्य पदक जीता। ग्रीको रोमन के विभिन्न भार वर्ग में आकाश, विशाल यादव, अनुकल्प यादव, विष्णु गुप्त, अमित यादव ने स्वर्ण, यशपाल ने रजत और गोविन्द भारद्वाज, अभय यादव ने कांस्य पदक हासिल किया।

## अल्काराज फाइनल में

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** दुनिया के नंबर-तीन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने स्पेन के ही जाउमे मुनार की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जापान ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। टोक्यो के एरियाके कोलिजियम में खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने मुनार को ५-७, ६-३, ६-१ से हराया। अल्काराज को मुकाबले की शुरुआत में परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले सेट में बढ़त बनाने के बावजूद अपनी सर्विस गंवा दी और मुनार ने ७-५ से पहला सेट अपने नाम कर लिया। इसके बाद अल्काराज ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट ६-३ से जीता। निर्णायक सेट अल्काराजने ६-१ से जीत लिया।

## सूर्यकुमार खेलेंगे रणजी

**मुम्बई (एजेन्सियां)।** पूर्व भारतीय टी-२० कप्तान सूर्यकुमार यादव २०२६-२७ रणजी ट्राफी में मुम्बई के लिए खेलने के लिए उपलब्ध हैं। वे मुम्बई के पहले एलीट ग्रुप डी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ खेल सकते हैं। मुम्बई और चंडीगढ़ के बीच यह मुकाबला ११ अक्तूबर से मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच आईपीएल २०२६ में खेला था। वहीं पूर्व मुंबई कप्तान शार्दूल ठाकुर हाथ की चोट के कारण शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पायेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में तुषार देशपाण्डे मुम्बई के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। सूर्यकुमार ने फरवरी २०२५ में नागपुर में विदर्भ के खिलाफ मुम्बई के लिए आखिरी रणजी मैच खेला था। मुम्बई क्रिकेट असोसिएशन के सूत्र ने कहा सूर्या ने एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक को आगामी रणजी ट्राफी के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद् 09335414722
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002

## आज का राशिफल मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026

मेष- आज रात्रि 10/18 बजे तक बाधा तदुपरान्त कार्यों में प्रगति, मानसिक शांति, मन प्रसन्न।
वृषभ- आज रात्रि 10/18 बजे तक योजना साकार तदनन्तर समय विपरीत, कार्य अधूरे, व्यर्थ भ्रमण।
मिथुन- कठिनाइ समाप्त, धनसम्पत्ति मसला हल, सलाह से कामयाबी, अनुकूल घटनाएँ।
कर्क- व्यावसायिक सफलता, भाग्योन्नति, विवाद हल, आकस्मिक लाभ, धर्म में आस्था।
सिंह- आज रात्रि 10/18 बजे तक हानि, कष्ट, वादविवाद, तत्पश्चात् दिनचर्या व्यवस्थित, लाभ भी।
कन्या- आज रात्रि 10/18 बजे तक भाग्य पक्ष में तदुपरान्त जोखिम से नुकसान, मानसिक बेचैनी।
तुला- आर्थिक प्रगति, समस्या का समाधान, विरोधी परास्त, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सार्थक।
वृश्चिक- प्रतिष्ठा में वृद्धि, आनन्द की अनुभूति, पुरुषार्थ में रुचि, आरोग्य सुख, सफलता।
धनु- आज रात्रि 10/18 बजे तक कठिनाइयां, योजना अधूरी तदुनन्तर अनुकूलता, शारीरिक सुख।
मकर- आज रात्रि 10/18 बजे तक कार्य सम्पन्न, तत्पश्चात् अप्रिय घटना घटित, मनोबल में कमी।
कुम्भ- आकस्मिक लाभ का सुयोग, कर्ज की अदायगी, लाभ का सुयोग, सुख के साधन सुलभ।
मीन- भाग्योन्नति, लाभार्जन, धन का प्रतिफल प्राप्त, मौज-मस्ती में व्यय, यात्रा, उत्कर्ष।

## आज है जिनका जन्मदिन 6 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आप में बुद्धि एवं भावना का अद्भुत तालमेल रहेगा। प्रमुख उद्देश्य सुख शान्ति का जीवन व्यतीत करना होगा। आपकी स्मरण शक्ति श्रेष्ठ होगी। नेतृत्व गुण में विशेष रूप से विधान रहेगा किसी बात को लेकर तुरन्त निराश हो जायेंगे। जनकल्याण की ओर रुझान अधिक रहेगा। बन सँवर कर रहना पसन्द करेंगे। विपरीत परिस्थितियों में भी सदैव मुस्कराते रहेंगे। ग्रहस्थ जीवन सामान्य-सा रहेगा। भोग विलासिता की ओर रुझान अधिक रहेगा। फैशन सम्बन्धित वस्तुओं पर व्यय करेंगे। जनसम्पर्क का लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। आपजो भी कहेंगे स्पष्ट रूप से कहेंगे। उत्तरदायित्व के बोझ से सदैव दबे रहेंगे। काफी मेहनत एवं संघर्ष के पश्चात ही सफलता प्राप्त कर सकेंगे। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनावें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए शुभ**

मन्त्र : ॐ शुं शुक्राय नमः
व्रत : शुक्रवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 6, 15, 24
अंक : 4, 5, 8
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
रंग : हल्का नीला एवं सफेद
जन्मरत्न : हीरा उपरत्न : सफेद पुखराज
जड़ी : अरण्ड की जड़ दिशा : आग्नेय

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 6 | 13 |
| 12 | 10 | 8 |
| 7 | 14 | 9 |

## सुडोकू ४०७५

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | 1 | | 6 | | | |
| 9 | | | | | 2 | | | |
| | | | | | | 2 | | 1 |
| | | | | 5 | | | | |
| | | 7 | | | | | | 8 |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| 1 | 6 | | | | | | | |
| | 2 | 8 | | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 5 | 4 | 6 | 3 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 8 | 1 |

४०७४

# कार से बिहार शराब ले जाते दो गिरफ्तार

दोहरीघाट(मऊ)। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दोहरीघाट थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सोमवार तड़के बड़ी कारवाई करते हुए बिहार ले जाई जा रही 423 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की महिंद्रा एक्सयूवी-500 से शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपितों को रामनगर बार्डर के पास गिरफ्तार किया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोसी




सत्येंद्र भूषण तिवारी के पर्यवेक्षण में संयुक्त टीम ने सोमवार पांच अक्टूबर की सुबह करीब 3.30 बजे रामनगर बार्डर के पास संदिग्ध एक्सयूवी को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सूरज चौधरी पुत्र विनोद चौधरी, निवासी पटेल नगर, थाना रंजीत नगर, करोलबाग, दिल्ली और फरीद खां पुत्र हमीद खां, निवासी कंतित शरीफ, थाना विंध्याचल, मिर्जापुर के रूप में हुई। पुलिस ने वाहन से रायल स्टैग की 750 एमएल की 528 शीशियां तथा रायल ग्रीन व्हिस्की की 750 एमएल की 36 शीशियां बरामद कीं। शराब की कुल मात्र 423 लीटर बताई गई है। शराब तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की महिंद्रा एक्सयूवी-500 को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि अवैध शराब की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक रामायण सिंह, अपराध निरीक्षक महेंद्र कुमार यादव, एसओजी प्रभारी मनोज कुमार मय हमराह, उपनिरीक्षक संतोष कुमार, उपनि. रीक्षक महादेव गुप्ता, कांस्टेबल शैलेष कुमार यादव तथा कांस्टेबल सिद्धार्थ श्रीवास्तव शामिल रहे।

# हमेशा-हमेशा के लिए टूट गया भ्रम-राजा आनन्द ज्योति सिंह




मऊ। सरकारी अस्पताल में इलाज करा कर मौत के मुंह से बाहर आये भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक एवं आरएसएस के शाखा पालक तथा कई एसोसिएशन के अध्यक्ष, चेयरमैन आरएस पैलेस के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर राजा आनन्द ज्योति सिंह ने सोमवार को पत्रकारों के साथ अपना विचार साझा किया और कहा कि सरकारी अस्पतालों में ठीक इलाज न होने का भ्रम हमेशा-हमेशा के लिए निकल गया। उन्होंने कहा कि गत 22 अक्टूबर को जैसे ही उन्हें असहनीय दर्द हुआ और तमाम जांच करवाने के बाद पता चला कि इसका इलाज मऊ में नहीं है तो वे बिना देर किये सूबे की राजधानी पहुँचे गये और वहां के सरकारी अस्पताल में इलाज कराये। उन्होंने लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल की व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद वे अपने मऊ स्थित आवास पर स्वास्थ लाभ ले रहे हैं। जहां उनके शुभ चिन्तकों का दिन भर आना-जाना लगा हुआ है। आरएसएस के जिला प्रचारक ने भी उनके आवास पर पहुँचकर उनका कुशल क्षेम पूछा।

## सरकारी अस्पताल में इलाज कराकर मौत के मुंह से निकल आये 'राजा'

# जिला पंचायत अध्यक्ष से मिले त्रस्त व्यापारी



रतनपुरा (मऊ)। जिला पंचायत की ओर से जारी आरसी को लेकर रतनपुरा क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर व्यापारी नेता अंगद साहू के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। ज्ञापन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य तथा जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान की उपस्थिति में दिया गया।

# जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू




मऊ। जनगणना के द्वितीय चरण को समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में 05, 06 एवं 07 अक्टूबर को 28 फील्ड ट्रेनर्स, द्वितीय चरण में 08, 09 एवं 10 अक्टूबर को 27 फील्ड ट्रेनर्स तथा तृतीय चरण में 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को 27 फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर आठ को

मऊ। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों/निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श हेतु श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त प्रभात कुमार को निर्देशित किया कि मुख्य चिकित्साधिकारी, मऊ से समन्वय स्थापित कर 08 अक्टूबर 2026 को औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष उमाशंकर ओमर, श्रम विभाग से लईक अहमद, सतीश विश्वकर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व की क्षति से चिन्तित नेताओं ने दिया ज्ञापन

मऊ। भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राक. ेश सिंह,रालोद के प्रदेश महासचिव देवप्रकाश राय एवं जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने एआरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एडीएम प्रवेन्द्र कुमार को ज्ञापन दिया और कहा कि बिना इंट्री फीस लिये जनपद में वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से कराया जा रहा है और विभाग महीना वसूल रहा है। जिससे राजस्व की व्यापक क्षति हो रही है।





















# संविदा कर्मियों ने बांधी काली पट्टी

मुहम्मदाबाद गोहाना(मऊ)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समाधान को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन जारी है। जिसको लेकर सोमवार से 7 अक्टूबर तक मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ संविदा कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपने नियमित कार्यों का निर्वहन करते हुए सांकेतिक विरोध दर्ज कराया । कर्मचारियों का कहना है कि सीमित मानदेय, सेवा संबंधी असुरक्षा एवं विभिन्न कठिन परिस्थितियों के बावजूद संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संगठन द्वारा शासन से लंबित मांगों के शीघ्र समाधान तथा प्रतिनिधिमंडल को माननीय मुख्यमंत्री जी से वार्ता




हेतु समय प्रदान किए जाने की मांग की गई है। आंदोलन को शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं अनुशासित तरीके से संचालित करते हुए अपनी मांगों को रखा। इस मौके पर सर्वेश सिंह, रंजू मौर्य ,नीतू शर्मा, अविनाश सिंह, प्रिय बुद्ध, शिवम पांडे ,रितेश कुमार राय समेत स्टाफ नर्स एवं संविदा कर्मचारी ने काला फीता बांधकर हड़ताल पर रहे।

## रामलीला ११से

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। श्री लक्ष्मण रामलीला सेवा समिति चौक मोहम्मदाबाद गोहना की होने वाली रामलीला को लेकर विजय स्तंभ चौक निकट हनुमान मंदिर पर रविवार को समिति के पदाधिकारी की एक बैठक संपन्न हुई । बैठक में संरक्षक चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड एवं अजय गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होने वाली रामलीला आगामी 11 अक्टूबर नारद मोह से प्रारंभ होकर 19 अक्टूबर तक रावण वध एवं 25 अक्टूबर को भगवान श्री राम की राजगद्दी राज्याभिषेक आदि लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा। जिसको लेकर एक रणनीति की गई । बैठक में श्री लक्ष्मण रामलीला सेवा समिति के अध्यक्ष अंजनी गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, राघवेंद्र चौरसिया ,रितेश गुप्ता ,कोषाध्यक्ष शशांक त्रिपाठी उर्फ चंकी बाबा एवं सूरज गुप्ता व्यवस्थापक प्रदीप विश्वकर्मा, पिंटू रावत ,सनी गुप्ता ,राहुल गुप्ता ,आशुतोष गुप्ता आदि रामलीला समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण सम्पन्न

मऊ। मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण एवं स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकासखंड मुहम्मदाबाद गोहना के ग्राम सभा खलिसा में दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 प्रतिभागियों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकी जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विनय कुमार, मुलायम सिंह यादव, रानी राजभर, गीता देवी, कुसुम सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।यह प्रशिक्षण शिविर ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने, खाद्य पदार्थों के मूल्य संवर्धन तथा युवाओं एवं ग्रामीणों को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर निकाला जुलूस




मऊ। इण्डिया गठबन्धन ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की इस्तीफे की मांग को लेकर सोनी धापा के मैदान से जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट जाकर राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पुतला फूँकने को लेकर पुलिस ने नोक-झोंक और छीना-झपटी भी हुई।

## तीन हजार वापस

घोसी(मऊ)। साइबर ठगी के मामले में घोसी पुलिस की साइबर टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए पीड़ित करीमुद्दीनपुर निवासी मुहम्मद अबूजर के 3 हजार रुपये वापस करा दिए।

## झारखंडेय राय के पुत्र की सड़क हादसे में मौत

मऊ। अमिला निवासी पूर्व सांसद,विधायक मंत्री क्रांतिकारी स्व.झारखंडेय राय के पुत्र अशोक राय की सड़क हादसे में मौत पर विवेक राय गोलू,रामअवतार सिंह,विनोद राय आदि ने शोक प्रकट किया है।

## भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में उतरे शाही

मऊ। राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव काशी क्षेत्र के भारतेन्दु शाही ने शिक्षक स्नातक चुनाव में भाजपा के वाराणसी के प्रत्याशी डा.प्रमोद कुमार मिश्रा एवं फैजाबाद के प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी को गठबन्धन धर्म का पालन करते हुए उनके समर्थन में जी जान से जुटने का पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है।

# एसडीएम ने लिया घाटों का जायजा



मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। दशहरा के दौरान स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमा तथा विसर्जन होने को लेकर साफ-सफाई विद्युत व्यवस्था टूटे हुए सड़क की मरम्मत रास्ता एवं नदी के घाटों की स्थिति का जायजा रविवार संध्या उप जिला. धिकारी अर्चना अग्निहोत्री ,तहस. ीलदार सुधांशु शेखर ,पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा द्वारा तमसा नदी पर होने वाली प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान सड़कों की व्यवस्था सही रूप में हो घाटों पर लाइट की व्यवस्था अच्छी हो एवं देवी प्रतिमा के पदाधिकारी को एक-एक करके नियमों का पालन करने के भी निर्देश दिए । इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवेश मिश्रा, गुंजन श्रीवास्तव ,सुमंत यादव आदि विभाग के लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# आजमगढ़, अयोध्या छात्रावास, प्रयागराज, झांसी की जीत

मऊ। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में आजमगढ़ मंडल ने देवीपाटन मंडल को शानदार प्रदर्शन करते हुए 12-00 से पराजित किया। आजमगढ़ की ओर से आरती एवं अर्पिता ने बेहतरीन गोल कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरे मुकाबले में अयोध्या छात्रावास ने मेरठ मंडल को 04-00 से शिकस्त दी। अयोध्या छात्रावास की खिलाड़ी आरती प्रजा. पति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागे। तीसरे मुकाबले में प्रयागराज मंडल ने आगरा मंडल को कड़े संघर्ष के बाद 01-00 से पराजित कर मुकाबला अपने नाम किया। चौथे मुकाबले में झांसी मंडल ने चित्रकूट मंडल को 05-00 से हराया। झांसी की खिलाड़ी अर्चना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए। पांचवें मुकाबले में कानपुर मंडल ने गोरखपुर मंडल को 02-01 से पराजित कर जीत दर्ज की। छठे मुकाबले में भी कानपुर मंडल ने गोरखपुर मंडल के विरु) 02-01 से विजय प्राप्त की। आगे के मुकाबलों में मेरठ बनाम कानपुर, सहारनपुर बनाम देवीपाटन, आगरा बनाम मुरादाबाद तथा चित्रकूट बनाम वाराणसी मंडल के बीच मैच खेले जाने हैं।

## नगर पालिका में पांच मामले निबटे

मऊ। नगर पालिका परिषद, मऊ में कर अधीक्षक जय कुमार ने आगन्तुक आवेदकों द्वारा प्रेषित कुल 12 शिकायतों का अध्ययन करते हुये मौके पर ही 5 शिकायतों का निस्तारण कर दिया। अवर अभियंता जल पंकज कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश व राजीव कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक अमृता राय व बलराम पाण्डेय, जलकल लिपिक कमलेश कुमार पाण्डेय व अनित सिंह समेत सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## अखाड़े की जमीन पर गोबर फेंकने से पहलवान खफा

अमिला (मऊ)। घोसी तहसील के बड़रांव ब्लाक के गांव भैरोपुर खुर्मा में युवाओं के विरोध प्रदर्शन का मामला सामने आया है। गांव के सरकारी स्कूल के पास स्थित पुश्तैनी अखाड़े की जमीन पर दबंगों द्वारा गोबर डालने से नाराज पहलवान अमन,हिमांशु,कन्हैया, अंशुमान,प्रियांशु, प्रीतम, शिव जन्म, अविनाश, विजय,सुंदरम, अंगद, सतीश ने विरोध जताया है। वर्षों से इस मिट्टी में रियाज करने वाले युवाओं का कहना है कि अखाड़े की जमीन को सुनियोजित तरीके से बर्बाद किया जा रहा है। गांव के युवा पहलवान अमन यादव ने इस संबंध में घोसी चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। इस संबंध में चौकी प्रभारी ने जांच कर उचित कारवाई का आश्वासन दिया है।

## मौसम ने ली करवट

मऊ। मौसम ने सोमवार को दोपहर बाद करवट ले लिया और बूंदा-बांदी होती रही।

# ट्रेन से कटकर एक की मौत

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर निवासी रमाशंकर राम उम्र 60 वर्ष रविवार की रात्रि लगभग 10.00 बजे रेल पटरी के निकट होते हुए पैदल अपने घर जा रहे थे कि इसी बीच वाराणसी से चलकर आजमगढ़ को जाने वाली तमसा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। जिसके चलते उनकी मौत हो गई।

## अवैध एम्बुलेंस की भरमार,पांच का चालान

मऊ। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें बारह वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान पांच अवैध एम्बुलेंस भी कारवाई की जद में आये हैं।

## बिना साइलेंसर की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। बिना साइलेंसर के तेज गति से बाइक चलाने को लेकर सोमवार दोपहर मड़ैया चट्टी के पास से प्रताप पुत्र रामा निवासी पलिया थाना रानीपुर को सोमवार दोपहर स्थानीय कोतवाली के उप निरीक्षक वैभव कुमार पांडे, कांस्टेबल नवीन रंजन सिंह ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया।

## दो गांवों में सर्पदंश से दो अचेत

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसोपुर निवासी लाल बहादुर, बनियापार निवासी मनीष कुमार को सर्प दंश के बाद सीएचसी ले जाया गया। जहां से रेफर कर दिया गया।

# मेघा भगतने काशीसे देशको दिया रामलीलाका अनुष्ठान

## ४८० सालसे चली आ रही परंपरा



**काशीने आज भी ४८० साल से ज्यादा पुरानी परंपरा को अपने आंगन में सहेज रखा है। मेघा भगत ने ४८० साल पहले चित्रकूट की रामलीला की शुरुआत की, जो रामचरित मानस से भी अधिक प्राचीन है। बनारस की रामलीला तुलसीदास के रामचरित मानस लिखे जाने से पहले से होती आ रही है।**

कण-कण शंकर की नगरी काशी ने ही देश को रामलीला का अनुष्ठान दिया। काशी ने आज भी 480 साल से ज्यादा पुरानी परंपरा को अपने आंगन में सहेज रखा है। मेघा भगत ने 480 साल पहले चित्रकूट की रामलीला की शुरुआत की, जो रामचरित मानस से भी अधिक प्राचीन है। बनारस की रामलीला तुलसीदास के रामचरित मानस लिखे जाने से पहले से होती आ रही है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने 1908 के फैसले में लिखा है कि चित्रकूट रामलीला के संचालक मेघा भगत सन 1543 में विद्यमान थे और मानस की रचना 1576 में पूरी हुई है। मेघा भगत की रामलीला वाल्मीकि नारायण और हनुमन नाटक से प्रेरित थी। उनकी लीलाएं वैष्णव मंदिर की झांकियों से प्रेरित थीं। रामलीला का मंचन ही है, जहां राम व कृष्ण और राम व शिव एकाकार हो जाते हैं। राम आते हैं तो हर-हर महादेव का उद्घोष होता है। साल भर राधे-राधे कहने वाले वैष्णवजन महीने भर के लिए रामजी को ठाकुरजी मान लेते हैं। भले ही सबसे अधिक प्राचीन रामलीला का गौरव चित्रकूट और लाटभैरव की रामलीला को जाता है लेकिन रामनगर की लीला का सम्मोहन व आकर्षण कहीं और नजर नहीं आता है। मेघा भगत की लीला जहां झांकी प्रधान थी वहीं तुलसी की रामलीला संगीतमय स्वरूप होती है। बनारस की रामलीला रंगकर्मियों के लिए अभिभावक और गुरु की भूमिका निभाती है। उसे ध्यान से देखने और समझने की जरूरत है। रामलीला जीवन का सबसे नैसर्गिक अभिनय है। रंगमंच इस बात की कल्पना भी मुश्किल से कर सकेगा कि एक रंगमंच ऐसा भी है जो कई किलोमीटर में फैला हुआ है। राम का जन्म कहीं और हो रहा है। सीता जी की मिथिला कहीं और है। राम वन में जाते हैं तो वह एक तीसरा मोहल्ला है। राम रावण के बीच की लड़ाई चौथी जगह पर होती है। जहां-जहां पात्र जाते हैं वहां-वहां दर्शक भक्ति भाव से उनका पीछा करते हुए पहुंच जाते हैं। रामनगर की रामलीला में जब मानस की पंक्तियां गाई जा रही होती हैं तब हजारों की संख्या में नेमी दर्शक मानस की अपनी प्रतियां खोलकर उस गायन को मूल पाठ से मिलाते रहते हैं। ऐसा विद्वान दर्शक दुनिया के किसी भी कोने में मिलना असंभव है। दर्शकों की भागीदारी वाला थियेटर भी कहीं और नहीं है। रामनगर का मंच विशाल है जो लगभग 20 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। रामलीला में तीन प्रमुख शैलियां मिलती हैं। झांकी लीला, तुलसी लीला और घटित लीला। झांकी लीला वैष्णव पद्धति की लीला है। तुलसी लीला गोस्वामी तुलसीदास द्वारा आरंभ की गई। घटित लीला का स्वरूप रामनगर में देखा जा सकता है। रामलीला के अनुष्ठान का आरंभ संकल्प और मुकुट पूजन से होता है। रामलीला के जनक मेघा भगत को लीला की प्रेरणा चित्रकूट में मिली थी। मंदाकिनी तट पर दो बालक धनुष-बाण लेकर पहुंचे। वे घाट पर धनुष-बाण रखकर गए लेकिन लौटे नहीं। वहीं आकाशवाणी हुई, 'जाओ, काशी में रामलीला करो। भरतमिलाप लीला के दिन भगवान स्वयं लीला प्रभु राम के रूप में अवतरित होंगे और वहां तुम्हें भगवान के साक्षात दर्शन होंगे।' मेघाभगत ने काशी में चित्रकूट रामलीला प्रारंभ की। वे ही रामलीला के प्रवर्तक थे।











# समुद्रमें मिला इतिहासका राज

भारत के दक्षिणी हिस्से में चोल वंश के राजाओं के शासन काल के दौरान के प्रमुख व्यापारिक बंदरगाह पूम्पुहार के पास समुद्र तल में खोज चल रही है. तमिलनाडु में पूम्पुहार तट की मुख्य धरती से करीब 2 किलोमीटर पूर्व की तरफ समुद्र तल की खोज कर रहे आर्कियोलॉजिस्ट्स को मिट्टी के ऐसे बर्तन मिले हैं, जिनके पश्चिम एशिया से जुड़े होने की संभावना है. इनमें एक खास टॉरपीडो जार यानी बेलनाकार बर्तन के अवशेष भी शामिल हैं. ये इलाका पुराने जमाने का कावेरीपूम्पट्टिनम है, जो अब वक्त के साथ बदलकर पूम्पुहार हो गया है. यह प्राचीन बंदरगाह शहर के दूर-दराज के समुद्री व्यापार संबंधों के नए सबूत प्रदान करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये अवशेष बंगाल की खाड़ी में आंशिक तौर पर डूब चुके चोल काल के ऐतिहासिक बंदरगाह कावेरीपूमपट्टिनम की खोज के लिए पानी के अंदर तीसरे फेज की खोज के दौरान पाए गए हैं। यह खोज समुद्री तट से करीब दो किलोमीटर दूर और पानी के अंदर 10 से 12 मीटर की गहराई में हुई। यह खोज कावेरीपूमपट्टिनम को लेकर एक नया सुराग मुहैया कराती है, जो चोल साम्राज्य का एक प्रसिद्ध बंदरगाह था. अब ये बंगाल की खाड़ी में डूबा हुआ है। टॉरपीडो जार की बात करें तो ये एक खास तरीके का बर्तन होता है जो हिंद महासागर में होने वाले लंबी दूरी के व्यापार से जुड़ा हुआ है। पुरातत्व टीम ने स्थानीय और विदेशी मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े, 60 से 65 सेंटीमीटर डायमीटर वाले रिंग वेल्स के अवशेष और समुद्र के तल पर कुछ स्ट्रक्चर भी बरामद की हैं. राज्य पुरातत्व विभाग इस खोज अभियान को इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर चला रहा है। विभाग का ऐसा कहना है कि अब तक खोज के कुल काम का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा ही पूरा हो पाया है। ऐसे टॉरपीडो जार का इस्तेमाल कई शताब्दियों तक किया जाता रहा है, इसलिए यह समझना काफी अहम है कि ये टुकड़े पूमपुहार कब पहुंचे थे। पूमपुहार के घाट पर पहले की गई एक खुदाई में रेडियोकार्बन डेटिंग के अनुसार 300 ईसा पूर्व के आसपास का समय सामने आया था. रामानाथपुरम जिले के अलगांकुलम में हुई आर्कियोलॉजिकल खुदाई में भी भूमध्यसागरीय व्यापार से जुड़े सैकड़ों मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े मिले हैं। वहीं पुडुचेरी के पास स्थित अरिकामेडु से भूमध्यसागरीय दुनिया के साथ भारत के शुरुआती संपर्कों के महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। यह ताजा खोज पुरातत्वविदों को यह समझने में मदद कर सकती है कि यह प्राचीन बस्ती कितनी दूर तक फैली हुई थी और पूमपुहार का कितना बसा हुआ इलाका अब समुद्र के नीचे समा चुका है। पुरातत्वविदों और भूवैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि काफी पहले सुनामी और लगातार हो रहे समुद्री कटाव की वजह से यह इलाका धीरे-धीरे पानी में डूबता चला गया. इसका उदाहरण वनागिरी का 'एल्लईअम्मन मंदिर' है, जो साल 1991 तक प्रयोग में था, लेकिन आज वह तट से 100 मीटर अंदर तक समंदर के पानी में जा चुका है। यहां जो टॉरपीडो जार मिले हैं, उनका इस्तेमाल प्राचीन काल में फारस की खाड़ी के व्यापार नेटवर्क में शराब और अन्य सामानों को लाने-ले जाने के लिए किया जाता था। चोल राजवंश के समय भारत की तूती बोलती थी। इस राजवंश ने 9वीं सदी से 13वीं शताब्दी तक दक्षिण भारत में राज किया था। साउथ ईस्ट एशिया में सुमात्रा, मलेशिया, थाईलैंड, कंबोडिया के इलाकों में श्रीविजय नाम का साम्राज्य हुआ करता था। चोलों ने अपनी भव्य नौसेना के दम पर उन्हें मात दे दिया था। चोल की विजयगाथा श्रीलंका से लेकर म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया तक के इलाकों में फैली. इनके समय में प्रशासनिक ढांचा और द्रविड़ कला अपने चरम पर पहुंची।



# क्या है अक्तूबरमें इतनी गर्मीके पीछे की वजह

वैसे तो अक्टूबर के महीने तक मानसून के वापसी हो जाती है लेकिन महीने की शुरुआत में उत्तर भारत में तापमान काफी ज्यादा हो गया है। इस साल अक्टूबर की शुरुआत से ही अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। शनिवार को तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह बीते दो सालों में अक्टूबर का सबसे गर्म दिन था। इसी के साथ रविवार को 36.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। यह सामान्य से लगभग 2 डिग्री ज्यादा था. इस असामान्य गर्मी को आमतौर पर अक्टूबर हीट के नाम से जाना जाता है. आइए जानते हैं अक्टूबर की गर्मी की बड़ी वजह मानसून के मौसम से मानसून के बाद के समय में बदलाव है। दरअसल मानसून के दौरान उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कम दबाव वाला क्षेत्र बनता है. यह सिस्टम नमी, बादल और अपेक्षाकृत ठंडी हवाओं को अपनी तरफ खींचने में मदद करता है ।जैं से -जैं से मानसून वापस लौटता है कम दबाव वाला पैटर्न धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाता है। इसी के साथ उसकी जगह ज्यादा दबाव या फिर एंटीसाइक्लोनिक स्थिति ले लेती हैं. ज्यादा दबाव में हवा ऊपर उठने के बजाय नीचे बैठती है. हवा के नीचे बैठने की प्रक्रिया को सब्सिडेंस कहा जाता है। इससे जमीन के पास तापमान बढ़ सकता है और गर्मी और उमस वाली स्थिति बन सकती है। गर्मी इस वजह से ज्यादा परेशान करने वाली होती है क्योंकि मानसून की कई महीनों की बारिश के बाद जमीन में काफी नमी बनी रहती है। बारिश के रुक जाने के बाद भी मिट्टी में नमी बनी रह सकती है और निचले वायुमंडल में वॉटर वेपर मौजूद रह सकता है. जब आसमान साफ हो जाता है तो तेज धूप गीली जमीन को गर्म करती है और वाष्पीकरण बढ़ाती है। इससे पैदा होने वाली उमस को बढ़ा देती है. इससे तापमान असल रीडिंग से ज्यादा महसूस होता है.सूरज की बदलती स्थिति अक्टूबर की गर्मी के पीछे एक और बड़ी वजह है. सितंबर में दिन-रात बराबर होने की स्थिति के बाद सूरज की आभासी रफ्तार दक्षिण की तरफ जारी रहती है. लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप पर सोलर रेडिएशन अभी भी तेज हो सकता है।



# भारतीय दर्शकोंकी पसंदमें आया है बड़ा बदलाव-ऋचा चड्ढा

अगस्त में रिलीज हुई फिल्म हनुमान अंश को जल्द सिनेमाघरों में दो महीने पूरे होने वाले हैं। इन दो महीनों में यह फिल्म भारत में 300 करोड़ से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। अब इसकी सक्सेस पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी राय दी है। एक्ट्रेस का मानना है कि साल 2026 को कंटेंट आधारित सिनेमा के लिए बड़ा साल कहना अभी जल्दबाजी होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि ये निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में दर्शकों की पसंद में कोई बड़ा बदलाव आया है। अभिनेत्री ने 2026 को कंटेंट के लिए लैंडमार्क साल मानने की बात से असहमति जताई। ऋचा ने कहा, अगर यह हनुमान अंश के संदर्भ में है, तो वह अलग बात है। इस साल और क्या चला है...ऑब्सेशन हॉलीवुड की फिल्म है, इसलिए हम उसकी तुलना अपनी फिल्मों से नहीं कर सकते। ऋचा ने आगे कहा, पौराणिक फिल्में वैसे भी अच्छा करती हैं। धार्मिक या पौराणिक चीजें सभी के लिए सुरक्षित होती हैं। ये तो लोग देखते ही हैं। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि कुछ अच्छा हो रहा है। मुझे लगता है कि बेहतर स्क्रिप्ट और लेखकों को ज्यादा पैसे देने से हम उस दौर में पहुंच सकते हैं, जहां कंटेंट आधारित सिनेमा सबसे आगे होगा। वहीं, मुसाफिरी ऋचा चड्ढा और अली फजल के होम बैनर पुशिंग बटन्स स्टूडियोज का नया प्रोजेक्ट है। इसमें ट्रैवल, निजी अनुभवों और उस शहर को करीब से जानने की कोशिश दिखाई गई है, जिसे यह कपल अपना घर मानता है। इस आठ एपिसोड की सीरीज को ऋचा ने होस्ट, लिखा और प्रोड्यूस किया है। यह सीरीज कपल द्वारा शुरू किए गए नए यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।



# वो रेलवे स्टेशन जिसका नाम बोलना भी किसी चुनौतीसे कम नहीं




भारतीय रेलवे सिर्फ अपनी लंबी दूरी और विशाल नेटवर्क के लिए ही मशहूर नहीं है, बल्कि यहां कई ऐसी दिलचस्प चीजें भी देखने को मिलती हैं, जो लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं. देश में जहां ज्यादातर रेलवे स्टेशनों के नाम छोटे और आसानी से याद हो जाने वाले हैं, वहीं एक स्टेशन ऐसा भी है जिसका नाम पढ़ते-पढ़ते ही कई लोगों की जुबान अटक जाती है। इस स्टेशन का नाम इतना लंबा है कि पहली बार सुनने वाला इसे दोबारा जरूर पूछता है. आंध्र प्रदेश में तमिलनाडु की सीमा के पास स्थित इस रेलवे स्टेशन का नाम वेंकटनरसिंह - राजुवारीपेटा है। करीब 28 अक्षरों वाला यह नाम इसे देश के सबसे लंबे रेलवे स्टेशन नामों में खास पहचान दिलाता है।

# भारतका अनोखा मंदिर, नहीं चढ़ता फूल-नारियल, भगवान अप्रूव करते हैं वीजा



भारत में मंदिरों की कमी नहीं है और हर मंदिर की अपनी अलग मान्यता, परंपरा और कहानी है। कहीं भक्त भगवान को फूल चढ़ाते हैं तो कहीं मिठाई और नारियल चढ़ाते हैं लेकिन तेलंगाना के हैदराबाद में स्थित चिलकुर बालाजी मंदिर इन सबसे थोड़ा अलग है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के बीच यह मंदिर खासतौर पर 'वीजा मंदिर' के नाम से लोकप्रिय है। मान्यता है कि यहां भगवान बालाजी से विदेश जाने और वीजा मिलने की मनोकामना मांगी जाती है। हैदराबाद से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित चिलकुर बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। मंदिर की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां सामान्य मंदिरों की तरह चढ़ावे और धन को लेकर जोर नहीं दिया जाता। यही वजह है कि श्रद्धालुओं को यहां का माहौल काफी अलग महसूस होता है. मंदिर में आने वाले कई भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने की उम्मीद लेकर भगवान के दर्शन करते हैं। खासकर वे युवा, जो पढ़ाई, नौकरी या बेहतर करियर के लिए विदेश जाना चाहते हैं, यहां बड़ी संख्या में पहुंचते हैं. चिलकुर बालाजी मंदिर की सबसे प्रसिद्ध परंपराओं में से एक 108 प्रदक्षिणा है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना के साथ मंदिर की 108 बार परिक्रमा करते हैं। मान्यता के अनुसार, इच्छा पूरी होने के बाद भक्त दोबारा मंदिर आकर 108 प्रदक्षिणा करते हैं। इसी परंपरा के कारण मंदिर को लोगों के बीच 'वीजा बालाजी' के नाम से भी पहचान मिली है, हालांकि वीजा मिलना स्वाभाविक रूप से संबंधित देश के नियमों और प्रक्रिया पर निर्भर करता है, लेकिन भक्त इसे अपनी आस्था से जोड़कर देखते हैं। मंदिर की एक और खासियत इसकी सादगी है। यहां भगवान के दर्शन को लेकर आम श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व है. मंदिर प्रशासन की परंपराओं के कारण यह जगह कई लोगों को दूसरे बड़े और व्यावसायिक मंदिरों से अलग नजर आती है। 'वीजा बालाजी' नाम की वजह से चिलकुर बालाजी मंदिर सोशल मीडिया पर भी अक्सर चर्चा में रहता है. विदेश जाने की तैयारी कर रहे युवा जब अपनी यात्रा से पहले यहां पहुंचते हैं, तो मंदिर की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर शेयर करते हैं। यही वजह है कि चिलकुर बालाजी आज सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हैदराबाद आने वाले लोगों के लिए एक अनोखा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव भी बन चुका है। यहां फूल-नारियल से ज्यादा लोगों की उम्मीद, विश्वास और मनोकामना दिखाई देती है।

# अनोखा अजूबा



आज के आधुनिक दौर में इंजीनियरिंग और इंसानी दिमाग का तालमेल ऐसे-ऐसे करिश्मे दिखा रहा है, जिन पर पहली नजर में यकीन करना मुश्किल हो जाता है। कुछ ऐसा ही हैरान कर देने वाला नजारा अमेरिका के लुइसियाना राज्य में देखने को मिला, जहां एक पूरा दो मंजिला घर पानी के बीचों-बीच तैरता हुआ आगे बढ़ता नजर आया. इस अनोखे और अद्भुत वाकये को जिसने भी देखा, वह देखता ही रह गया। पहली नजर में यह दृश्य किसी नाव की तरह लग रहा था, लेकिन ध्यान से देखने पर पता चला कि यह वाकई में एक पक्का दो मंजिला मकान है, जो नदी के पानी में बड़ी आसानी से तैर रहा था। यह हैरान कर देने वाली घटना लुइसियाना के 'कट ऑफ' इलाके की है.इस घटना का सबसे दिलचस्प पहलू यह था कि इस घर को चलाने के लिए किसी बड़ी नाव, टगबोट या किसी दूसरे वाहन की मदद नहीं ली जा रही थी।